www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 18 जून 2026 | 4 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 170, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

## न्यूज शॉर्ट्स

### इंडोनेशिया में 6.7 तीव्रता का भूकंप




**एजेंसी, जकार्ता।** इंडोनेशिया के सेंट्रल सुलावेसी प्रांत में तेज भूकंप के कारण हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा 40 अन्य लोग घायल हुए हैं। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.7 मापी गई। भूकंप से 300 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। एजेंसी ने बताया कि कम से कम 25 लोगों को मामूली चोटें आईं और 13 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। साथ ही, कई जिलों में लगभग 110 परिवार प्रभावित हुए। (अनंत ज्ञान)

### रामलला को सबसे महंगे आम का भोग



**एजेंसी, अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान रामलला को दुनिया के सबसे महंगे आमों में गिने जाने वाले जापानी मियाजाकी आम का भोग लगाया गया। अयोध्या के किसान ओमप्रकाश सिंह ने परंपरा निभाते हुए अपने बाग में तैयार हुए इस विशेष आम का पहला फल भगवान श्रीराम को अर्पित किया। जिसकी खूब प्रशंसा हो रही है। ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि उन्होंने करीब दो वर्ष पहले जापान की प्रसिद्ध मियाजाकी प्रजाति के आम का पौधा अयोध्या की जलवायु में इसकी उपयुक्तता जांचने के उद्देश्य से लगाया था। इस वर्ष पेड़ पर लगभग एक दर्जन फल आए हैं, जिससे किसान और बागवानी विशेषज्ञ बेहद उत्साहित हैं। प्रत्येक फल का वजन करीब 150 से 300 ग्राम के बीच बताया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### नीट परीक्षा : हाईकोर्ट पहुंचा टेलीग्राम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नीट यूजी-2026 री-एग्जाम से ठीक पहले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम और केंद्र सरकार के बीच विवाद कानूनी लड़ाई में बदल गया है। टेलीग्राम ने केंद्र सरकार के उस फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिसके तहत 21 जून को होने वाली नीट यूजी री-टेस्ट परीक्षा से पहले भारत में प्लेटफॉर्म की पहुंच अस्थायी रूप से बैन कर दी गई थी। मामले का उल्लेख बुधवार को न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ के समक्ष किया गया। वहीं, टेलीग्राम का तर्क है कि पूरे प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाना एक कठोर कदम है और इससे लाखों सामान्य यूजर्स प्रभावित हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका ने सैन्य कमांड से हटाया 'इंडो' शब्द

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने इंडो-पैसिफिक कमांड का नाम बदलकर फिर से पैसिफिक कमांड कर दिया है। इस फैसले के साथ कमांड के नाम से 'इंडो' शब्द हटा दिया गया है। वर्ष 2018 में तत्कालीन अमेरिकी रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने इसका नाम पैसिफिक कमांड से बदलकर इंडो-पैसिफिक कमांड किया था। उस समय अमेरिका ने कहा था कि हिंद महासागर क्षेत्र का रणनीतिक महत्व तेजी से बढ़ रहा है और इसकी सुरक्षा व्यवस्था प्रशांत क्षेत्र से गहराई से जुड़ चुकी है। (अनंत ज्ञान)

# सरकार ने वित्तीय प्रबंधन से कमाए हजारों करोड़ : सीएम सुक्खू

## कहा-ग्रीन बोनस, शानन और बीबीएमबी का बकाया वसूलने के लिए भी प्रयासरत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले अढ़ाई वर्षों के दौरान विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से हजारों करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय अर्जित की है तथा केंद्र सरकार के समक्ष राज्य के वैध अधिकारों की मजबूती से पैरवी भी की है।

सरकार ग्रीन बोनस और 110 मेगावाट क्षमता वाली शानन विद्युत परियोजना को पुनः प्राप्त करने तथा भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) से राज्य के लंबित बकाये की वसूली के लिए प्रयासरत है। प्रधानमंत्री से राज्य के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का आग्रह किया, जो राजस्व घाटा अनुदान की समाप्ति, प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान, जलविद्युत परियोजनाओं में मुफ्त बिजली के हिस्से में कमी तथा जीएसटी व्यवस्था से उत्पन्न राजस्व हानि का आकलन कर सके।

कड़छम-वांगतू जलविद्युत परियोजना की रॉयल्टी संबंधी मामले में उच्चतम न्यायालय के हिमाचल प्रदेश के पक्ष में आए निर्णय का भी उल्लेख किया, जिससे राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 150 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय होगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने वाइल्ड फ्लावर हॉल होटल मामले के सफल समाधान का भी जिक्र किया, जिससे राज्य को प्रतिवर्ष 20 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हो रहा है।



पठियार में महाराणा प्रताप जयंती पर आयोजित समारोह के दौरान सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री सुक्खू ने ये बातें बुधवार को जिला कांगड़ा के महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, पठियार में कही। उन्होंने इस दौरान स्कूल के इंडोर स्टेडियम के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें त्याग, स्वाभिमान, स्वतंत्रता और राष्ट्रभक्ति का अमर प्रतीक बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा स्मृति-चिन्ह (स्मारिका) का विमोचन भी किया।

कांगड़ा जिला के धर्मगिरि पठियार में महाराणा प्रताप की 487वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक निर्भीक योद्धा ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता भी थे, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया।

◆ **महाराणा प्रताप स्कूल के इंडोर स्टेडियम निर्माण को दिए एक करोड़**

उन्होंने हल्दीघाटी के युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि यह युद्ध आज भी साहस, बलिदान तथा स्वतंत्रता एवं सम्मान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक बना हुआ है।

उन्होंने प्रदेश की समृद्ध देशभक्ति की परंपरा का उल्लेख करते हुए मेजर सोमनाथ शर्मा, कर्नल डीएस थापा, कैप्टन विक्रम बत्रा तथा सूबेदार मेजर संजय कुमार जैसे वीर सैनिकों के बलिदान को स्मरण किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जुब्बल के फ्लाइट लेफ्टिनेंट अर्शवीर सिंह ठाकुर द्वारा प्रदर्शित अद्वितीय साहस की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश के हितों की रक्षा और राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के सतत् प्रयासों से 422 मेगावाट क्षमता वाली किशाऊ बांध परियोजना का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ यूनिट बिजली प्राप्त होगी, जिससे करीब 600 करोड़ रुपए का वार्षिक राजस्व अर्जित होने की संभावना है।

## केंद्रीय मंत्री खट्टर से उठाया बिजली रॉयल्टी बढ़ाने का मसला

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा एवं आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर हिमाचल प्रदेश से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने जलविद्युत परियोजनाओं से मिलने वाली मुफ्त बिजली की हिस्सेदारी बढ़ाने और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) परियोजनाओं से संबंधित लंबित ऊर्जा बकाये के भुगतान की मांग की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय उपक्रमों द्वारा संचालित और 12 वर्ष से अधिक पुरानी जलविद्युत परियोजनाओं में राज्य को मिलने वाली मुफ्त बिजली की हिस्सेदारी बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने 180 मेगावाट बैरा-स्यूल परियोजना का उल्लेख करते हुए इसकी मुफ्त बिजली हिस्सेदारी 50 प्रतिशत करने की मांग रखी। बैठक में सुक्खू ने बीबीएमबी परियोजनाओं से जुड़े ऊर्जा बकाये का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के निर्माण से हिमाचल को विस्थापन और पर्यावरणीय नुकसान झेलना पड़ा है। मुख्यमंत्री ने 13,066 मिलियन यूनिट ऊर्जा बकाये और उस पर ब्याज सहित भुगतान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने शानन जलविद्युत परियोजना पर हिमाचल के अधिकार का पक्ष भी रखा। इसके अलावा कांगड़ा में प्रस्तावित एयरो सिटी और हिम चंडीगढ़ परियोजनाओं के लिए केंद्र से वित्तीय सहयोग मांगा। मुख्यमंत्री ने अर्बन चैलेंज फंड, अमृत योजना, स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन परियोजनाओं के लिए लंबित वित्तीय सहायता जारी करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि राज्य में क्यूआर-आधारित डिजिटल डोर प्लेट प्रणाली लागू की जा रही है, जिसके दूसरे चरण के लिए भी केंद्र से सहयोग मांगा गया है।

## जी7 लीडर्स की मीटिंग में देर से पहुंचे ट्रंप बोले-'आई एम द बॉस'

**एजेंसी, एवियन (फ्रांस)**

फ्रांस के एवियन में चल रहे 52वें जी7 समिट के वर्किंग सेशन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को देरी से पहुंचे। ट्रंप ने जब एंट्री ली तो सभी उनकी तरफ देख रहे थे। ट्रंप कुछ देर चले और रुककर मजाक में कह, 'आई एम द बॉस'। इसके बाद सभी हंसने लगे। इस समिट में 14 देशों के नेताओं ने भाग लिया। आज समिट का दूसरा दिन है।

वहीं, मोदी ने आउटरीच सेशन में कहा, 'वेस्ट एशिया में संकट की वजह से फ्यूल, फर्टिलाइजर और फूड सप्लाई चेन में आई रुकावटों का असर ग्लोबल साउथ (दक्षिणी देशों) पर काफी समय तक रहेगा।' उन्होंने कहा कि अगर हम सच में अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को मजबूत करना चाहते हैं तो सबसे कमजोर देशों को इन संकटों का बोझ अकेले नहीं उठाने देना चाहिए। आज कई समाज बूढ़े होते जा रहे हैं, जबकि भारत और ग्लोबल साउथ के दूसरे देशों में युवा टैलेंट और स्किल्स की भरमार है। वहीं, अमेरिका और ईरान के बीच डील पर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ हुआ समझौता अभी फाइनल नहीं है। जी7 में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सीसी से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच फिलहाल सिर्फ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग हुआ है और अभी कई बातें तय होना बाकी हैं। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर ईरान समझौते की शर्तों का पालन नहीं करता, तो अमेरिका फिर सैन्य कार्रवाई कर सकता है। (अनंत ज्ञान)



# हिमाचल में बोतल-कैन में ईंधन न मिलने से किसान परेशान

## भू-भाग की चुनौती बनी बाधा, कृषि कार्य प्रभावित होने का खतरा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** अमेरिका-ईरान तनाव के दौरान ईंधन सुरक्षा को लेकर जारी निर्देशों के बाद हिमाचल प्रदेश में कैन, ड्रम व अन्य पात्रों में पेट्रोल-डीजल देने पर लगी रोक अब किसानों और बागवानों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। अंतरराष्ट्रीय हालात सामान्य होने के बावजूद राज्य में यह व्यवस्था जारी रहने से कृषि कार्य प्रभावित होने लगे हैं।

प्रदेश के निचले जिलों से लेकर ऊपरी बागवानी क्षेत्रों तक किसान और बागवान कृषि यंत्रों के लिए ईंधन की व्यवस्था को लेकर परेशान हैं। पावर टिलर, स्प्रेयर, घास काटने वाली मशीनों और अन्य उपकरणों के लिए ईंधन उपलब्ध कराना कठिन हो गया है, जिससे



किसानों को पेट्रोल पंपों के बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर और सिरमौर के साथ-साथ शिमला, किन्नौर, कुल्लू, मंडी, चंबा और लाहौल-स्पीति जैसे बागवानी क्षेत्रों में भी यह समस्या गंभीर होती जा रही है। कई गांव पेट्रोल पंपों से दूर होने के कारण किसानों को मशीनें ढोकर पंप तक ले जानी पड़ रही हैं, जिससे समय और लागत दोनों बढ़ रहे हैं। किसानों का कहना है कि भारी मशीनों को बार-बार ले जाना व्यावहारिक नहीं है और इससे उपकरणों के खराब होने का भी खतरा रहता है। वहीं, बढ़ी हुई लागत खेती को और महंगा बना रही है। बागवानों के अनुसार सेब और अन्य नकदी फसलों पर इस समय रोग नियंत्रण और स्प्रे का महत्वपूर्ण दौर चल रहा है, लेकिन ईंधन की कमी से समय पर कार्य प्रभावित हो रहा है। इससे उत्पादन और गुणवत्ता पर भी असर पड़ने की आशंका है।

वहीं, किसान संगठनों ने मांग की है कि सुरक्षा मानकों के साथ पंजीकृत किसानों और बागवानों को पहचान के आधार पर सीमित मात्रा में कैन में ईंधन उपलब्ध कराने की विशेष व्यवस्था की जाए।

### ईंधन समस्या पर सरकार गंभीर : रोहित ठाकुर

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकार किसानों और बागवानों की ईंधन संबंधी समस्या को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां मैदानी राज्यों से अलग हैं, जहां कई क्षेत्रों में कृषि यंत्रों को सीधे पेट्रोल पंप तक ले जाना व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार ने स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों से इस विषय में रिपोर्ट मांगी है तथा राहत के विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईंधन वितरण से जुड़े कुछ नियम केंद्रीय एजेंसियों और पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, इसलिए राज्य सरकार इस मुद्दे को केंद्र के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाएगी।



## उद्धव ठाकरे की पार्टी टूटी 9 में से 6 सांसद हुए बागी

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के 9 में से 6 सांसदों ने बगावत कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, छह सांसदों ने बुधवार सुबह 9:30 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को शिंदे गुट में विलय के लिए चिट्ठी भेजी। हालांकि, अभी स्पीकर या बागी गुट की तरफ इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

बागी सांसदों में नागेश पाटिल आष्टीकर और संजय दीना पाटिल शामिल हैं। संजय ने बुधवार सुबह ही पार्टी छोड़ने की खबरों को खारिज किया था। इस बीच दिल्ली में राज्यसभा सांसद संजय राउत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बागी सांसदों को गाली दी। राउत ने कहा कि ये बेईमान लोग हैं, बेईमानी उनके खून में हैं। राउत ने बाद में सफाई देते हुए कहा कि मराठी में ऐसे शब्द आम बोलचाल का हिस्सा हैं। शिवसेना में चार साल में यह दूसरी बड़ी टूट है। जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में 39 विधायकों ने बगावत कर शिवसेना का अलग गुट बनाया था।

पिछले 3 महीने के दौरान विपक्षी गुट के 27 सांसदों ने अपनी पार्टी से बगावत करते हुए भाजपा या एनडीए को समर्थन दिया है। इनमें 7 'आप' के राज्यसभा सांसद और 20 टीएमसी के लोकसभा सांसद हैं। शिवसेना (यूबीटी) में टूट की अटकलों के बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी चीफ और यूपी के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी में बड़ी टूट होने वाली है और पार्टी के कई नेता भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)

## प्रधानमंत्री मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने पर की खड़गे की शिकायत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर की गई अभद्र टिप्पणी का मामला अब तूल पकड़ चुका है। इस विवादित बयान को लेकर अब उनके खिलाफ विशेषाधिकार समिति को एक औपचारिक शिकायत सौंपी गई है। यह विवाद 22 अप्रैल को चेन्नई में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शुरू हुआ था। वहां खड़गे ने एआईएडीएमके और भाजपा गठबंधन पर तीखे सवाल उठाते हुए कथित रूप से पीएम मोदी को 'आतंकवादी' कह दिया था। इस टिप्पणी के बाद राजनीतिक गलियारों में भारी बवाल मच गया और सत्ता पक्ष ने इसका कड़ा विरोध किया। विवाद को बढ़ता देख कांग्रेस अध्यक्ष ने बाद में अपनी सफाई पेश की। खड़गे ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उनके बयान के गलत मायने निकाले गए हैं। उन्होंने साफ किया कि उनका असली आशय किसी को अपशब्द कहना नहीं था, बल्कि वह यह कहना चाह रहे थे कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियां विपक्ष और राजनीतिक विरोधियों को आतंकित करने का काम कर रही हैं। अब सबकी निगाहें विशेषाधिकार समिति की आगे की कार्रवाई पर टिकी हैं। (अनंत ज्ञान)

## एनआईटी हमीरपुर आईआईआरएफ रैंकिंग में 35वें स्थान पर

### हिमाचल में दूसरे स्थान पर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) द्वारा जारी इंजीनियरिंग रैंकिंग 2026 में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर ने देशभर में 35वां स्थान हासिल किया है। पिछली रैंकिंग में संस्थान 39वें स्थान पर था, जिससे इस बार चार पायदान का सुधार दर्ज किया गया है।

यह रैंकिंग टीचिंग-लर्निंग रिसोर्स, रिसर्च प्रोडक्टिविटी, प्लेसमेंट परफॉर्मेंस, इंडस्ट्री एंगेजमेंट, भविष्य की सोच और इंटरनेशनल आउटलुक जैसे मानकों के आधार पर तैयार की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार यह सुधार संस्थान के शैक्षणिक, शोध और उद्योग सहयोग के क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है। नोडल अधिकारी (रैंकिंग्स) डॉ. कुलदीप कुमार शर्मा ने बताया कि संस्थान रिसर्च इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, इनोवेशन को बढ़ावा देने और इंडस्ट्री पार्टनरशिप बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। इस उपलब्धि से संस्थान की राष्ट्रीय पहचान और मजबूत हुई है।



संस्थान का मुख्य गेट।



संस्थान के डायरेक्टर प्रो. एचएम सूर्यवंशी।

संस्थान के डायरेक्टर प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने फैकल्टी, छात्रों, पूर्व छात्रों और स्टाफ को बधाई देते हुए इसे सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि संस्थान शिक्षा की गुणवत्ता, रिसर्च और प्लेसमेंट के क्षेत्र में लगातार सुधार कर रहा है। रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नानोटी ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। संस्थान प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि आने वाली एनआईआरएफ रैंकिंग में भी सुधार देखने को मिलेगा।

## सरकारी सीबीएसई स्कूलों में अंग्रेजी शिक्षकों की भर्ती का रास्ता साफ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सीबीएसई से संबद्ध राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में 305 अंग्रेजी शिक्षकों की नियुक्ति पर लगी रोक हटाकर चयनित अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने पूर्व में जारी स्थगन आदेश वापस लेते हुए शिक्षा विभाग को विज्ञापन में निर्धारित पात्रता के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के निर्देश दिए हैं। महाधिवक्ता अनूप कुमार रतन ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्रता नियमों में बदलाव नहीं किया जा सकता, इसलिए मूल विज्ञापन के अनुसार योग्य पाए गए उम्मीदवारों को नियुक्ति का अधिकार है।

मामले की सुनवाई के दौरान सरकार ने संशोधित मेरिट सूची जारी करने का पक्ष रखा, लेकिन हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद भर्ती नियमों में परिवर्तन स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने शिक्षा विभाग को अगले दस दिनों के भीतर पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का फैसला लेने को कहा है। उल्लेखनीय है कि 15 जून को हाईकोर्ट ने नियुक्तियों पर अंतरिम रोक लगाई थी, जिसके बाद शिक्षा विभाग ने जारी किए गए नियुक्ति आदेश वापस ले लिए थे।

उच्च न्यायालय के ताजा आदेश के बाद स्कूल शिक्षा निदेशालय ने नियुक्ति आदेशों को तत्काल प्रभाव से पुनः लागू कर दिया है और 16 जून का पूर्व आदेश निरस्त कर दिया है। चयनित शिक्षकों को पांच वर्ष की निश्चित अवधि के लिए प्रदेश के विभिन्न उत्कृष्ट सीबीएसई विद्यालयों में तैनात किया जाएगा तथा उन्हें प्रतिमाह 30 हजार रुपए का समेकित मानदेय मिलेगा।

**दिक्कत** टारिंग के लटके काम; बरसात के बाद ही होंगे मुकम्मल, पक्काभरो-चीलवाहल टेंडर प्रोसेस अंतिम चरण में

# थोड़ा सस्ता हुआ 'बिटुमेन', लेकिन सप्लाई में अभी भी देरी

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** महंगे 'बिटुमेन' ने सड़क टारिंग का काम अधर में लटकाया हुआ है, लेकिन कीमतें थोड़ी कम हुई हैं और इस वजह से ठेकेदारों ने इसे खरीदने की हामी भी भर ली है, मगर अभी इसकी आपूर्ति में समय लग रहा है। 2 से 3 सप्ताह के बाद ही सप्लाई ठेकेदारों तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

हमीरपुर जिले में तकरीबन 160 किलोमीटर सड़कों पर इस गर्मी के मौसम में टारिंग होनी थी, लेकिन 'बिटुमेन' की कमी की वजह से ऐसा हो नहीं पा रहा। अब क्योंकि बरसात का मौसम शुरू होने वाला है बीच-बीच में बारिश दूसरे तीसरे दिन हो रही है ऐसे में सड़क चक्का-चक हो पाएंगी, इसकी उम्मीद बहुत कम है।

शहर के भीतर बाईपास रोड़ यानी पक्का भरो से मट्टन सिद्ध कोहली तक सड़क की अपग्रेडेशन का काम भी अधर में लटका हुआ है। तकरीबन 9 करोड़ की लागत से इसका टेंडर अवार्ड हो चुका है और काम भी शुरू हो गया था। मगर 'बिटुमेन' ने काम की रफ्तार बेहद धीमी कर दी है। शुरू में पैच वर्क का काम शुरू हुआ था मगर जैसे ही 'बिटुमेन' महंगा हुआ, काम रुक सा गया। हालांकि, ड्रेनेज के लिए नालियां बनाने का काम अभी जारी है। मगर इस सड़क की कई जगह पर अभी भी हालत खराब है और बरसात के मौसम में नालियां बेहतर तरीके से तैयार हो गईं, तो शायद यह रोड़ और डैमेज होने से बच सकता है।




इसके निर्माण में लगे कॉन्ट्रैक्टर विजय चौहान का कहना है कि बिटूमेन की सप्लाई पर निर्भर करता है, की कब आएगी, बरसात शुरू हो गई तो फिर बरसात के बाद ही तारकोल का काम होगा। तब तक कंक्रीट का जितना कम इस सड़क पर टेंडर के मुताबिक होना है उसे मुकम्मल किया जाएगा।

काबिले गौर यह है कि बिटुमेन के रेट्स तकरीबन 50 रुपए से बढ़कर 94 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए थे, लेकिन अब इसमें थोड़ी गिरावट आई है। अभी 84 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से बिटुमेन की सप्लाई मिल रही है, लेकिन इसके लिए दो से तीन सप्ताह का इंतजार करना पड़ रहा है। दीगर बात यह है कि हर महीने की पहली और 16 तारीख को यानी महीने में दो बार बिटुमेन के रेट्स होते हैं। बीते रोज जो रेट्स बढ़े हैं, वे 84 रुपए के आसपास हैं, यानी थोड़ी राहत निश्चित रूप में है। अब क्योंकि ईरान अमेरिका की जंग थम गई है, इसलिए उम्मीद यही है कि अगले दो महीनों के भीतर यह बिचूमेन और सस्ता होगा। पुरानी स्थिति बरकरार कर पाएगा।

### पक्काभरो-चीलवाहल सड़क का टेंडर प्रोसेस अंतिम चरण में : दीपक

**हमीरपुर** स्टेट पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन दीपक कपिल का कहना है कि पक्काभरो-चीलवाहल सड़क का टेंडर प्रोसेस अंतिम चरण में है इसकी फाइनेंशियल विद फाइनल होनी है कुछ समय में इसे अंजाम दे दिया जाएगा यह काम भी बहुत जल्दी शुरू हो जाएगा। इसकी ड्रेनेज और सड़क को खुला करके बेहतर बनाने का टेंडर में प्रावधान है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री कल से जुब्बल-कोटखाई दौरे पर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 19 और 20 जून को जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह शिक्षा, खेल और युवा गतिविधियों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर क्षेत्र को कई महत्वपूर्ण सौगातें देंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिक्षा मंत्री 19 जून को प्रातः 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बघैन पहुंचेंगे, जहां वह विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही वह राजकीय प्राथमिक विद्यालय बघैन में निर्मित नए कक्षों का उद्घाटन भी करेंगे। इस अवसर पर स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। दूसरे दिन 20 जून को शिक्षा मंत्री दोपहर 1 बजे मंढोल पहुंचेंगे। यहां वह युवा मंडल मंढोल द्वारा आयोजित 'मंढोल क्रिकेट प्रीमियर लीग-4' के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों और खिलाड़ियों को सम्मानित करने के साथ-साथ युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित भी करेंगे।

◆ बघैन स्कूल के नवनिर्मित भवन का करेंगे लोकार्पण

### लापता तीन नाबालिग लड़कियां सुरक्षित बरामद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र से लापता हुईं तीन नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने सुरक्षित बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि 13, 14 और 16 वर्ष की ये तीनों लड़कियां नौकरी की तलाश में घर से चली गई थीं। पुलिस के अनुसार इस संबंध में थाना रामपुर में बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायत में बताया गया था कि तीनों नाबालिग लड़कियां 15 जून की शाम घर से बिना किसी को बताए कहीं चली गई थीं। परिजनों ने अपने स्तर पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस से संपर्क किया। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति लड़कियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया हो सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए रामपुर पुलिस ने तुरंत विशेष खोज दल का गठन किया और व्यापक तलाश अभियान शुरू किया। पुलिस टीम ने विभिन्न संभावित स्थानों पर खोजबीन की। साथ ही तकनीकी सहायता का भी सहारा लिया गया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने तीनों लड़कियों को रामपुर क्षेत्र से ही सुरक्षित बरामद कर लिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि तीनों लड़कियां नौकरी की तलाश में घर से निकली थीं। पुलिस ने बरामदगी के बाद सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं और उन्हें उनके माता-पिता एवं अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की आगे भी जांच की जा रही है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी नाबालिग के लापता होने की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर उन्हें सुरक्षित खोजा जा सके।

### चार साल से फरार उद्घोषित अपराधी अरेस्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** करीब चार साल पुराने एनडीपीएस अधिनियम के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को शिमला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से कानून की पकड़ से बचने का प्रयास कर रहा था और अदालत में पेश नहीं हो रहा था। इसके चलते उसे न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। मामले के अनुसार पुलिस थाना सदर शिमला में 14 फरवरी 2022 को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में हरियाणा के करनाल निवासी 26 वर्षीय अमित आरोपी था। मामले की सुनवाई के दौरान वह लगातार अदालत में पेश नहीं हुआ और लंबे समय तक फरार रहा। इसके बाद न्यायालय शिमला ने उसे उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस थाना सदर शिमला की टीम ने विभिन्न स्तरों पर जानकारी जुटाई और उसकी गतिविधियों पर नजर रखी। आखिरकार पुलिस ने आरोपी का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की गई है। पुलिस के मुताबिक उसे नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है, जहां मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी होगी। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बुधवार को बताया कि न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी और अदालतों के आदेशों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत फरार आरोपियों की तलाश कर उन्हें कानून के दायरे में लाने की कार्रवाई जारी है।

# केंद्र सरकार किसानों व बागवानों को डीजल आपूर्ति में दे विशेष छूट

## बागवानी सीजन के बीच डीजल संकट की आशंका पर प्रशासन ने उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला जिला के किसानों, बागवानों और आवश्यक सेवाओं को डीजल आपूर्ति में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने प्रदेश सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार से विशेष छूट प्रदान करने का आग्रह किया है, ताकि कृषि, बागवानी और अन्य जरूरी सेवाओं से जुड़े लोगों को डीज़ल प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। यह निर्णय उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। उपायुक्त द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार के हालिया आदेश के बाद पेट्रोल और डीज़ल की खरीद एवं आपूर्ति संबंधी कुछ नए प्रावधान लागू किए गए हैं। इन प्रावधानों के चलते कृषि, बागवानी और विकास कार्यों से जुड़े लोगों को व्यावहारिक स्तर पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां खेत और बाग सड़क संपर्क से दूर स्थित हैं।



डीजल आपूर्ति को लेकर हुई बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनुपम कश्यप।

शिमला जिला की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा सेब बागवानी और कृषि पर आधारित है। इन दिनों बागवानी कार्य अपने चरम पर हैं और किसान-बागवान पावर टिलर, मिनी ट्रैक्टर, स्प्रे पंप, जनरेटर तथा अन्य डीज़ल चालित उपकरणों का व्यापक उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में इन उपकरणों को ईंधन भरवाने के लिए पेट्रोल पंप तक ले जाना अधिकांश दुर्गम क्षेत्रों में संभव नहीं है। प्रशासन का मानना है कि यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया तो फसल प्रबंधन, छिड़काव कार्यों और उत्पादन गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने प्रदेश की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों और बागवानी आधारित अर्थव्यवस्था का हवाला देते हुए केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि किसानों और बागवानों को पावर टिलर, छोटे ट्रैक्टर, स्प्रे पंप तथा अन्य कृषि उपकरणों के लिए कंटेनरों में डीज़ल उपलब्ध करवाने संबंधी विशेष छूट या स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि उचित सत्यापन और सुरक्षा उपायों के साथ यह व्यवस्था लागू की जा सकती है। साथ ही मोबाइल टावरों, सड़क निर्माण कार्यों और अन्य महत्वपूर्ण आधारभूत सेवाओं को निर्बाध बनाए रखने के लिए भी इस मामले में शीघ्र निर्णय लिया जाना आवश्यक है।

# महंगाई, पेपर लीक के खिलाफ युवा कांग्रेस आज करेगी प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

◆ केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में सड़क पर उतरेगा युवा आक्रोश

**ब्यूरो, शिमला।** केंद्र सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, ईंधन संकट और पेपर लीक मामलों के विरोध में हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस 18 जून को शिमला में विशाल मशाल जुलूस और प्रदर्शन करेगी। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर ने कहा कि यह जुलूस राजीव भवन स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शुरू होकर लोअर बाजार के रास्ते उपायुक्त कार्यालय तक जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है, जिसके खिलाफ युवा कांग्रेस अब सड़क पर उतरकर आवाज बुलंद करेगी।

छत्तर सिंह ठाकुर ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी और नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों ने लाखों छात्रों और अभिभावकों का विश्वास डगमगा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के नीट पेपर लीक प्रकरण ने देशभर के विद्यार्थियों को गहरा मानसिक आघात पहुंचाया है और कई राज्यों में छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाएं भी चिंता का विषय हैं। उनका कहना है कि अब युवाओं के बीच यूपीएससी और एसएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की विश्वसनीयता को लेकर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने और शिक्षा क्षेत्र में आवश्यक सुधार लागू करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, छात्र संगठनों और आम नागरिकों से बड़ी संख्या में मशाल जुलूस में शामिल होकर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन केवल महंगाई और परीक्षा घोटालों तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं, छात्रों और आम जनता के अधिकारों की रक्षा का व्यापक अभियान है।

# किशाऊ प्रोजेक्ट पर सहमति मोदी शाह की बड़ी उपलब्धि : हर्ष महाजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने किशाऊ बहु-उद्देशीय बांध परियोजना को लेकर बनी सहमति का स्वागत करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व की बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण परियोजना पर विभिन्न राज्यों के बीच सहमति बनना केंद्र सरकार की 'संवाद से समाधान' की कार्यशैली का उत्कृष्ट उदाहरण है। महाजन ने कहा कि अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के बीच सहमति बनना जल संरक्षण, ऊर्जा उत्पादन और क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।



◆ हिमाचल और देशहित में ऐतिहासिक फैसला, प्रदेश कांग्रेस श्रेय लेना बंद करे

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा परियोजना के जल घटक की लागत का 90 प्रतिशत वहन करने का निर्णय उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश सहित सभी राज्यों के विकास और जनकल्याण के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। महाजन ने कहा कि वर्षों से अटकी इस परियोजना को आगे बढ़ाने का श्रेय केंद्र सरकार की पहल और नेतृत्व को जाता है तथा इससे यमुना नदी के पुनर्जीवन को भी नई मजबूती मिलेगी।

हर्ष महाजन ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कांग्रेस नेताओं को राजनीतिक लाभ लेने के बजाय केंद्र सरकार तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के क्रियान्वयन से हिमाचल प्रदेश को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होंगे और स्वच्छ एवं निर्मल यमुना के लक्ष्य को साकार करने में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि किशाऊ बहु-उद्देशीय बांध परियोजना प्रदेश के विकास, जल सुरक्षा और ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी।

# प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को नकारा : डॉ. बिंदल

## भ्रष्टाचार, तानाशाही व विकास ठप होने के खिलाफ दिया करारा जवाब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश की जनता ने पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में कांग्रेस सरकार को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान और लोकतांत्रिक परंपराओं की अनदेखी करते हुए कांग्रेस सरकार ने पंचायत चुनावों को लंबे समय तक टालने का प्रयास किया, क्योंकि उसे पहले से ही अपनी हार का अंदेशा था। बिंदल ने कहा कि उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद ही चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ सकी और परिणाम सामने आते ही कांग्रेस के दावों की पोल खुल गई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण हिमाचल ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह भ्रष्टाचार, तानाशाही और जनविरोधी नीतियों को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है।



डॉ. बिंदल ने कहा कि जिला परिषद और अन्य स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा 80 प्रतिशत सीटें जीतने के दावे किए गए थे, लेकिन वास्तविक परिणाम इसके बिल्कुल विपरीत रहे। प्रदेश के अधिकांश जिलों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की मजबूत जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि लोग वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने विकास कार्यों की गति रोक दी, जनता पर नए करों का बोझ डाला और अनेक संस्थानों को बंद कर प्रदेश के विकास को बाधित किया। बिंदल ने कहा कि कानून-व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक व्यवस्था के मोर्चे पर भी सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है।

स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का उल्लेख करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कई अस्पतालों में डॉक्टरों, पैरामेडिकल कर्मचारियों और आवश्यक दवाओं की भारी कमी बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑपरेशन थिएटर निष्क्रिय पड़े हैं और मरीजों को बेहतर उपचार के लिए प्रदेश से बाहर जाना पड़ रहा है। बिंदल ने कहा कि प्रदेश में जो भी बड़े विकास कार्य दिखाई दे रहे हैं, वे केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वीकृत योजनाओं के कारण संभव हो पाए हैं।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार के भीतर भी भारी असंतोष और अंतर्विरोध देखने को मिल रहे हैं, जिसका सीधा असर प्रशासनिक व्यवस्था पर पड़ रहा है।

### भविष्य में भाजपा की जीत का किया दावा

**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बिंदल ने प्रदेश की जनता, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायत चुनावों के नतीजे आने वाले राजनीतिक परिदृश्य की दिशा तय करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा की नीतियों और नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त किया है तथा यह जनादेश संकेत देता है कि आगामी विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और कांग्रेस को जनता के बीच अपने जनाधार में आई गिरावट का सामना करना पड़ेगा।

# हितधारकों को बताए आयकर अधिनियम के प्रावधान

## आउटरीच कार्यक्रम में टैक्सपेयर्स, होटलियर्स, सीए, अधिवक्ताओं की रही सहभागिता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** आयकर विभाग रेंज शिमला द्वारा एक सफल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयकर अधिनियम, 1961 से नए आयकर अधिनियम, 2025 में संक्रमण की प्रक्रिया तथा उससे जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रिंसिपल कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स-1, चंडीगढ़ के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आयकर अधिकारी कपिल निरवान, वार्ड-1 शिमला द्वारा स्वागत संबोधन के साथ हुआ। इसके पश्चात रेंज हेड एवं संयुक्त आयकर आयुक्त श्री केशव किशोर आनंद ने उपस्थित हितधारकों को संबोधित करते हुए नए आयकर अधिनियम की उपयोगिता और पारदर्शी कर प्रणाली की दिशा में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य प्रस्तुति सर्कल कार्यालय के अधिकारी श्री नरेंद्र चहल द्वारा दी गई। उन्होंने नए अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों, प्रक्रियाओं और करदाताओं से जुड़े महत्वपूर्ण बदलावों को सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। प्रतिभागियों को अध्ययन सामग्री और उपयोगी डिजिटल लिंक भी उपलब्ध करवाए गए, जिससे उन्हें नए कानून की बेहतर समझ विकसित करने में सहायता मिल सके।



आउटरीच कार्यक्रम में नए आयकर अधिनियम-2025 की जानकारी देते आयकर विभाग के अधिकारी।

कार्यक्रम में करदाताओं, होटल व्यवसायियों, सरकारी उपक्रमों के प्रतिनिधियों, सीए, अधिवक्ता संगठनों तथा मीडिया कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संवादात्मक सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। कार्यक्रम की एक विशेष आकर्षण बच्चों के लिए तैयार की गई कॉमिक बुक रही, जिसके माध्यम से कर व्यवस्था से जुड़े विषयों को सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। इससे उपस्थित प्रतिभागियों ने विभाग की नवाचारी पहल की सराहना की।

# चौपाल में खाई में गिरी कार, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के चौपाल उपमंडल में एक कार दुर्घटना में चालक की मौत हो गई है। पुलिस ने हादसे के संबंध में लापरवाही और तेज रफ्तार से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार यह मामला सुमित पंता पुत्र यशपाल पंता निवासी झिकनीपुल, तहसील चोपाल, जिला शिमला के बयान पर दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया है कि 16 जून की रात करीब साढ़े आठ बजे झिकनीपुल-बाग मार्ग पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन सड़क से अनियंत्रित होकर करीब 30 से 40 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि हादसा वाहन चालक की कथित तेज और लापरवाहीपूर्ण ड्राइविंग के कारण हुआ। दुर्घटना में चालक रमण कुमार पुत्र केशव राम निवासी गांव रुसलाह, डाकघर रुसलाह, तहसील नेरवा, जिला शिमला गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेरवा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में भारतीय न्याय संहित (बीएनएस) की धारा 281 और 106(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद आज परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं, हादसे के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# मंडी में होगा विशाल देव समागम

## धार्मिक कार्यक्रम में 100 से अधिक देवी-देवता करेंगे शिरकत

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** मंडी में एक विशाल देव समागम होगा, जिसमें एक सौ से अधिक देवी-देवता शामिल होंगे। यह कहना है सत्य श्री साइ बाबा सेवा समिति हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा का वे बुधवार रामपुर में साइ भक्तों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि सत्य श्री साइ बाबा का संदेश है कि सबका एक ही धर्म है और वह है प्रेम का, संसार में एक ही जाति है और वह है मानवता की, एक ही भाषा और वह है हृदय की, एक ही भगवान है। साइ बाबा के इस संदेश को देने के लिए एक पांच प्रेम प्रवाहनीया हर राज्य में जाकर बाबा जी का संदेश दे रही है। साइ बाबा के इस संदेश को देने के लिए एक प्रेम पूर्वाहिनी हिमाचल प्रदेश में 152 दिन से विचरण कर संदेश देरही हैं। 27 सितंबर को इसका समापन मंडी में होगा। इसे कॉस्मिक इवेंट माना जा रहा है। इस दिन सत्य श्री साइ बाबा का 100 वां जन्मदिन भी है इस मौके पर मंडी में विभिन्न क्षेत्रों के एक सौ से अधिक देवी देवता सत्य श्री साइ बाबा की शोभायात्रा में शामिल होंगे।



इस समय पर प्रदेश भर से आए बाबा भक्त हजारों की संख्या में मौजूद रहेंगे। वर्मा ने बताया कि प्रदेश भर की देव संस्कृति और प्रदेश की विविधता को एक सूत्र में बांधने का यह एक प्रयास भी है। इस मौके पर स्टेट सेवा दल अध्यक्ष कुंदन, स्टेट आध्यात्मिक अध्यक्ष विकास गुप्ता, शिमला ग्रामीण अध्यक्ष बलवंत मानता, रामपुर संयोजक श्यामलाल गुप्ता, उषा गुप्ता, कमलजीत कौशल विशेष रूप से मौजूद रहे।

# हेरोइन तस्करी मामले में तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला जिले में 17 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामदगी से जुड़े मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। करीब एक महीने तक चली जांच के बाद पुलिस ने मंडी जिले के करसोग क्षेत्र से जगत राम उर्फ जग्गू को गिरफ्तार किया है। जांच में उसकी भूमिका चिट्टे की खेप की खरीद और उपलब्ध कराने में सामने आई है। पुलिस के अनुसार थाना सुन्नी में 13 मई को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने 17 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। शुरुआती जांच के दौरान महेश कुमार और मनोरमा देवी को गिरफ्तार किया गया था। दोनों आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। मामले की आगे की जांच के दौरान पुलिस ने मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त से जुड़े वित्तीय लेन-देन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की पड़ताल की। जांच में पता चला कि करसोग के भथल निवासी 34 वर्षीय जगत राम उर्फ जग्गू का पहले से गिरफ्तार आरोपी महेश कुमार के साथ वित्तीय लेन-देन हुआ था। इसके अलावा चिट्टे की इस खेप की खरीद और उपलब्धता के दौरान दोनों के बीच लगातार संपर्क और सांठगांठ के भी साक्ष्य मिले हैं।

पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान जुटाए गए वित्तीय और तकनीकी साक्ष्यों से यह स्पष्ट हुआ कि जगत राम की इस पूरे मामले में अहम भूमिका रही है। जांच में यह भी सामने आया कि उसने महेश कुमार और मनोरमा देवी की मदद से चिट्टे की उक्त खेप की खरीद की थी। इन तथ्यों के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 16 जून 2026 को सनारली, करसोग से उसे गिरफ्तार कर लिया।

**मिसाल** ग्राम संगठनों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण को मिली रफ्तार

# मेहनती महिलाएं बदल रहीं गांवों की तस्वीर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मशोबरा विकास खंड की ग्राम पंचायत मशोबरा में आर्यावर्त एवं सक्षम ग्राम संगठन की महिलाओं की बैठक महिला समाज शिक्षा आयोजिका ललिता कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। ललिता कुमारी ने कहा कि ग्राम संगठन आज ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं।

उन्होंने महिलाओं को लिंग समानता एवं महिला सुरक्षा के लिए संचालित जेंडर रिसोर्स सेंटर की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक ग्राम संगठन से हर माह 100 रुपये का अंशदान एकत्रित किया जा रहा है, जिससे जरूरतमंद महिलाओं को सहायता प्रदान की जा सके।



◆ डेयरी, सब्जी उत्पादन और हस्तशिल्प से बढ़ रही ग्रामीण महिलाओं की आय

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अब केवल घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उद्यमिता के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय पहचान बना रही हैं। कई महिलाओं ने डेयरी फार्म स्थापित कर दुग्ध उत्पादन को आय का साधन बनाया है, जबकि बड़ी संख्या में महिलाएं नकदी फसलों और सब्जी उत्पादन के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। इसके अलावा घरेलू सामग्री एवं चीड़ की पत्तियों से आकर्षक सजावटी उत्पाद तैयार कर महिलाएं स्थानीय और राज्य स्तरीय मेलों में अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं, जिससे उनकी आमदनी में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की यह प्रगति ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने का कार्य कर रही है।

### प्रशिक्षण कार्यक्रमों की ली जानकारी

**महिलाओं** को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर शिक्षा तथा अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षणों के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर सविता नेगी, परवीन वर्मा एवं वैशाली ठाकुर ने भी महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। इस बैठक में ग्राम संगठन की पदाधिकारी रीना कुमारी, जोशीला सत्या व रीना ठाकुर सहित 25 महिलाओं ने भाग लिया।

# साढ़े पांच महीनों में ड्रग्स तस्करी के 157 मामले दर्ज

अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला में नशे के खिलाफ पुलिस की मुहिम इस साल और अधिक आक्रामक होती दिखाई दे रही है। वर्ष 2026 के पहले साढ़े पांच महीनों में ही शिमला पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत 157 मामले दर्ज किए हैं और 272 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि इस बार कार्रवाई केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं रही, नशे की सप्लाई चेन के मूल स्रोतों तक पहुंचकर बड़े तस्करों और सप्लायरों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 में अब तक करीब 2.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की जा चुकी है। इसकी तुलना में पूरे वर्ष 2025 के दौरान लगभग एक किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। यानी इस साल अभी आधा वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन हेरोइन की बरामदगी पिछले साल के मुकाबले करीब ढाई गुना अधिक हो चुकी है। सबसे अहम बदलाव बैकवर्ड लिंकेज जांच में देखने को मिला है। वर्ष 2026 में अब तक 49 आरोपियों को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र, केरल और अन्य बाहरी राज्यों एवं क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया है। ये वे आरोपी हैं जो नशे की सप्लाई चेन के महत्वपूर्ण हिस्से माने जाते हैं। इसके मुकाबले वर्ष 2025 में बैकवर्ड लिंकेज जांच के माध्यम से केवल सात आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थी।

इस तरह इस वर्ष ऐसी कार्रवाई में करीब सात गुना वृद्धि दर्ज की गई है। इतना ही नहीं, शिमला पुलिस ने इस साल अब तक मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े 38 अंतरराज्यीय नेटवर्कों का भी भंडाफोड़ किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मां के सम्मान में पौधा लगाने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा।** पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए भाजपा किसान मोर्चा ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रमों की शुरुआत की है। प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप शर्मा ने नागरिकों से अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अभियान मातृत्व और प्रकृति के गहरे संबंध को दर्शाता है और सभी वर्गों से इसमें जुड़ने का आह्वान किया गया है।

### श्रद्धालुओं की जीप डाकघर की दीवार से टकराई

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के पुलिस थाना मोइन क्षेत्र के अंतर्गत बगली में मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना हुई। माता चिंतपूर्णी के दर्शन कर माता बगलामुखी की ओर जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक जीप अनियंत्रित होकर स्थानीय डाकघर की दीवार को तोड़ते हुए परिसर में जा घुसी। वाहन में पांच लोग सवार थे। बगली के समीप पहुंचते ही चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे जीप सीधे डाकघर की दीवार से टकरा गई। हादसे में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और भवन की दीवार को भी नुकसान पहुंचा है।

### 9वीं व 11वीं के छात्रों को पास होने का एक और मौका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 9वीं और 11वीं कक्षा के उन नियमित विद्यार्थियों को राहत प्रदान की है, जिनका मार्च 2026 की वार्षिक परीक्षाओं में परिणाम संबंधित विद्यालयों द्वारा 'कंपार्टमेंट' घोषित किया गया था। छात्रों का वर्ष बचाने के लिए बोर्ड ने 3 जुलाई को कंपार्टमेंट परीक्षाएं आयोजित करने का निर्णय लिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी दी कि यह परीक्षा विद्यार्थियों के अपने-अपने विद्यालय स्तर पर ही आयोजित की जाएगी, जिससे उन्हें किसी अन्य केंद्र पर नहीं जाना पड़ेगा। परीक्षा का समय दोपहर 12:45 बजे से शाम 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 9वीं और 11वीं दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं एक ही दिन करवाई जाएंगी।

# महाराणा प्रताप का साहस और राष्ट्रभक्ति आज भी कर रही पीढ़ियों को प्रेरित: सुक्खू

## सीएम ने की महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल पठियार में इंडोर स्टेडियम निर्माण को एक करोड़ देने की घोषणा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पठियार में इंडोर स्टेडियम के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें त्याग, स्वाभिमान, स्वतंत्रता और राष्ट्रभक्ति का अमर प्रतीक बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा स्मृति-चिन्ह (स्मारिका) का विमोचन भी किया।

धर्मगिरि पठियार में महाराणा प्रताप की 487वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक निर्भीक



धर्मगिरि पठियार में महाराणा प्रताप की 487वीं जयंती पर समारोह आयोजित। अनंत ज्ञान

योद्धा ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता भी थे, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने हल्दीघाटी के युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि यह युद्ध आज भी साहस, बलिदान तथा स्वतंत्रता एवं सम्मान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक बना हुआ है। युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान करते हुए कहा कि वे त्याग, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को अपनाकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने प्रदेश की समृद्ध देशभक्ति की परंपरा का उल्लेख करते हुए मेजर सोमनाथ शर्मा, कर्नल डी.एस. थापा, कैप्टन विक्रम बत्रा तथा सूबेदार मेजर संजय कुमार जैसे वीर सैनिकों के बलिदान को स्मरण किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जुब्बल के फ्लाइट लेफ्टिनेंट अर्शवीर सिंह ठाकुर द्वारा प्रदर्शित अद्वितीय साहस की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश के हितों की रक्षा और राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सरकार के सतत् प्रयासों से 422 मेगावॉट क्षमता वाली किशाऊ बांध परियोजना का मार्ग प्रशस्त हुआ है। भारत सरकार ने परियोजना से लाभान्वित होने वाले राज्यों द्वारा हिमाचल प्रदेश के विद्युत घटक पर होने वाली लगभग 2,000 करोड़ रुपए की लागत को वहन करने पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है, जिससे राज्य पर पड़ने वाला वित्तीय बोझ काफी कम होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना पूर्ण होने पर राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ यूनिट बिजली प्राप्त होगी, जिससे करीब 600 करोड़ रुपए का वार्षिक राजस्व अर्जित होने की संभावना है।

# मुख्यमंत्री ने किया शिक्षाविद् डॉ. संजय की पुस्तक का विमोचन



डॉ. संजय की पुस्तक का विमोचन करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को धर्मशाला स्थित सर्किट हाउस में शिक्षाविद् एवं शोधकर्ता डॉ. संजय कुमार द्वारा लिखित पुस्तक का विधिवत विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने पुस्तक का अवलोकन करते हुए लेखक को बधाई दी और कहा कि यह कृति सरकारी विद्यालयों को सुदृढ़ बनाने, समाज का विश्वास पुनः स्थापित करने तथा शिक्षा में जनभागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्ध होगी। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा, पूर्व महापौर देवेंद्र जग्गी, उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा, हिमाचल ज्ञान समिति की जिला अध्यक्ष उर्मिला राणा, जिला सचिव मनोज चंदेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। डॉ. संजय कुमार वर्तमान में डाइट कांगड़ा (धर्मशाला) में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। उनके पास लगभग 27 वर्षों का शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनुभव है। उन्होंने विद्यालयी शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण, विद्यालय प्रबंधन और शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# विधायक किशोरी ने घोड़पीठ में किया ट्यूबवेल का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** विधायक किशोरी लाल ने आज बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत घोड़पीठ गांव में जल शक्ति विभाग द्वारा स्थापित विद्युतीकृत नलकूप (ट्यूबवेल) का लोकार्पण किया।

विधायक ने कहा कि घोड़पीठ में स्थापित यह विद्युतीकृत नलकूप क्षेत्र के लोगों को सुचारू एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में जनहित और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जल शक्ति विभाग द्वारा अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है, जिनका लाभ आम जनता को सीधे तौर पर मिल रहा है। विधायक किशोरी लाल ने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में भी पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक पेयजल परियोजनाओं तथा सीवरेज योजनाओं पर कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है तथा इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के उपरांत उन्हें शीघ्र ही क्षेत्र की जनता को समर्पित किया जाएगा जिससे लोगों को बेहतर पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं तैयार कर उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। विधायक किशोरी ने नवनिर्वाचित हुए जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे जनसेवा और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

# मस्सल में हर्बल चिकित्सा पद्धति इलेक्ट्रो होम्योपैथी का आइकॉनिक केंद्र स्थापित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) के तत्वावधान में नगरोटा बगवां के गांव मस्सल में इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने हर्बल चिकित्सा पद्धति इलेक्ट्रोहोम्योपैथी का एक आइकॉनिक केंद्र स्थापित किया गया है। इसका शुभारंभ देश के सुप्रसिद्ध नाड़ी विशेषज्ञ एवं चेयरमैन रबिसन इंडिया इलेक्ट्रो-होम्यो फार्मा डॉ. संजीव शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।



इस अवसर पर डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से वनौषधियों का उपयोग स्वास्थ्य सुधार के लिए किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार पारंपरिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों के विस्तार की दिशा में लगातार कदम उठा रही है और इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा गठित समिति ने अपनी सिफारिश संसद को भेजी है। साथ ही उन्होंने बताया कि राजस्थान पहला राज्य है जहां इस चिकित्सा पद्धति को शासकीय मान्यता प्राप्त है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जनहित में इस चिकित्सा पद्धति को शीघ्र मंजूरी दी जाए। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार रबिसन, नवनियुक्त उपाध्यक्ष डॉ. उत्तम चंद, ग्राम पंचायत प्रधान सुषमा देवी, उपप्रधान पवन ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी धर्मशाला के निदेशक और छात्र भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# चिट्टा-मुक्त हिमाचल विज्ञापनों की चमक से नहीं, इच्छाशक्ति की धमक से बनेगा: कल्याण भंडारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश सरकार द्वारा चिट्टा-मुक्त गांव बनाने की मुहिम में पंचायतों को शामिल किए जाने के निर्णय पर आम आदमी पार्टी, हिमाचल प्रदेश इकाई ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विज्ञापनों की चमक से नहीं, इच्छाशक्ति की धमक से चिट्टा-मुक्त बनेगा हिमाचल। पार्टी ने कहा है कि पंचायतों को आगे करना स्वागतयोग्य कदम हो सकता है, लेकिन यदि यह सरकार की नाकामी छुपाने और जिम्मेदारी से बचने का तरीका है, तो यह प्रदेश के साथ धोखा है। 'आप' के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने सवाल उठाया कि वर्षों से चल रही गिरफ्तारियों और बरामदगियों के बावजूद चिट्टा गांवों तक कैसे पहुंच गया। उन्होंने कहा कि यदि अंतरराज्यीय तस्करी का नेटवर्क मजबूत हो रहा है तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए और खुफिया तंत्र की विफलता की जांच जरूरी है। भंडारी ने कहा कि पंचायतों को बिना प्रशिक्षण, बजट, कानूनी सुरक्षा और स्पष्ट कार्ययोजना के इस जिम्मेदारी में झोंकना उचित नहीं है।



# फतेहपुर ब्लॉक समिति पर कांग्रेस का कब्जा अनीता अध्यक्ष और कुलवंत बने उपाध्यक्ष



चुनाव परिणाम के बाद कार्यकर्ताओं के साथ विधायक भवानी सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** विकास खंड फतेहपुर की ब्लॉक समिति को नया नेतृत्व मिल गया है। बुधवार को हुए चुनाव में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद पर गोलवां निवासी अनीता कुमारी तथा उपाध्यक्ष पद पर जगनोली निवासी कुलवंत सिंह 16-11 मतों से विजयी रहे। चुनाव प्रक्रिया एसडीएम फतेहपुर एवं पीठासीन अधिकारी विश्रुत भारती की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस दौरान सभी 27 निर्वाचित सदस्यों ने मतदान किया। अध्यक्ष पद पर अनीता कुमारी को 16 मत मिले, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी अर्चना देवी को 11 मत प्राप्त हुए। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर कुलवंत सिंह ने शमशेर सिंह को 16-11 से पराजित किया। परिणाम घोषित होने के बाद दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। प्रशासन ने बताया कि पहली बैठक 27 जून को पंचायत समिति हॉल फतेहपुर में होगी, जिसमें विकास योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। जीत के बाद कांग्रेस समर्थकों ने जश्न मनाया और मिठाइयां बांटीं। वहीं विधायक भवानी सिंह पठानिया की मौजूदगी और सादगी भी चर्चा में रही। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग चुनाव के समय ही सक्रिय होते हैं और बाद में क्षेत्र छोड़ देते हैं। दोनों पदों पर 16-11 के समान परिणाम के बाद क्रॉस वोटिंग की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं।

# विकास कार्यों का श्रेय लेने की कोशिश कर रही कांग्रेस सरकार: भाजपा पार्षद

अनंत ज्ञान

- कहा- नगर निगम में हार के बाद जनता को गुमराह कर रहे कांग्रेस नेता

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम के नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदों ने संयुक्त बयान जारी कर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर विकास कार्यों का झूठा श्रेय लेने का आरोप लगाया है। पार्षदों का कहना है कि नगर निगम चुनावों में मिली हार के बाद सरकार और उससे जुड़े अधिकारी राजनीतिक लाभ लेने के लिए जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा पार्षदों रेखा देवी, शमशेर नहरिया, आशा देवी, करिश्मा छेत्री, आशु भारद्वाज, प्रेरणा गुलेरिया, मीना कुमारी, हर्ष ओबरॉय, परवीन प्रकाश, अनुपम कटोच और विशाल जमवाल ने कहा कि धर्मशाला नगर निगम में जनता ने भाजपा को समर्थन दिया है, लेकिन इसके बावजूद स्मार्ट सिटी परियोजनाओं और विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों पर श्रेय लेने की कोशिश की जा रही है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि सिटी बस डिपो, ई-बस चार्जिंग स्टेशन, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, फव्वारा चौक पुनर्विकास और फीकल स्लज मैनेजमेंट जैसी परियोजनाएं पहले से स्वीकृत और वित्तपोषित योजनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जनता ऐसे प्रयासों को समझ रही है और ये राजनीतिक श्रेय लेने की कोशिशें सफल नहीं होंगी। साथ ही उन्होंने सरकार से लोकतांत्रिक जनादेश का सम्मान करने की मांग की।

### कांग्रेस की आंतरिक कलह भी आई सामने

**पार्षदों** ने आरोप लगाया कि चुनाव हार चुके कांग्रेस प्रत्याशी अब अपनी हार का ठीकरा अपनी ही सरकार के मंत्रियों और विधायकों पर फोड़ रहे हैं, जिससे पार्टी की आंतरिक कलह सार्वजनिक हो गई है। उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस सरकार की कार्यशैली को नकारते हुए परिवर्तन के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया है।

# किशाऊ परियोजना पर सहमति से हिमाचल के विकास को नई गति: संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने किशाऊ बहु-उद्देशीय बांध परियोजना को लेकर पिछले 8 वर्षों से चले आ रहे वित्तीय गतिरोध के समाप्त होने पर केंद्र की मोदी सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में हुई उच्च स्तरीय बैठक में 6 राज्यों के बीच बनी सहमति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



- कहा- सुक्खू सरकार के भेदभाव के आरोप बेबुनियाद

संजय शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा लगाए जा रहे भेदभाव के आरोप इस निर्णय से पूरी तरह खारिज हो गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र ने हिमाचल पर आने वाला लगभग 2,000 करोड़ का अतिरिक्त भार समाप्त कर राज्य को बड़ी राहत दी है। इससे हिमाचल को सालाना 100 करोड़ यूनिट मुफ्त बिजली और करीब 600 करोड़ रुपए का राजस्व लाभ मिलेगा। संजय ने कहा कि अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए केंद्र पर ठीकरा फोड़ने और राजनीतिक बयानबाजी करने के बजाय, अब समय आ गया है कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार अपने दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाए। राज्य के तीव्र विकास और वित्तीय स्थिरता के लिए यह बेहद आवश्यक है कि प्रदेश सरकार अपनी राजनीतिक संकीर्णता को छोड़कर केंद्र के साथ मजबूत और बेहतर संबंधों की दिशा में खुद आगे बढ़कर पहल करे।

# अधर में लटका धर्मशाला बस स्टैंड का निर्माण कार्य

- ठेकेदार के खिलाफ कोर्ट जाने की तैयारी में एचआरटीसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला में अधर में लटके बस अड्डा निर्माण को लेकर एचआरटीसी प्रबंधन, ठेकेदार से नाराज है। निर्माण में आनाकानी कर रहे ठेकेदार के खिलाफ अब एचआरटीसी कोर्ट जाने की तैयारी कर चुकी है।

एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने अधर में लटके बस स्टैंड निर्माण कार्य पर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि करीब आठ से नौ वर्ष पहले एक निजी कंपनी को बस स्टैंड निर्माण का कार्य सौंपा गया था, लेकिन अब तक केवल एक ढांचा ही खड़ा किया गया है। भाजपा सरकार का कार्यकाल समाप्त हो गया और अब कांग्रेस सरकार का कार्यकाल भी समाप्ति की ओर है, लेकिन परियोजना अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित ठेकेदार कार्य में आनाकानी कर रहा है। ऐसे में विभाग कानूनी सलाह लेकर जल्द ही मामले को अदालत में ले जाने की तैयारी कर रहा है। गौरतलब है कि धर्मशाला में बस स्टैंड का निर्माण करीब एक दशक से अधर में है। इसके शिलान्यास के समय लोगों को धर्मशाला में अत्याधुनिक बस अड्डा की सुविधा मिलने की आस थी, लेकिन ठेकेदार की मनमानी इसमें रोड़ा बन रही है, ऐसे में अब थक हार कर एचआरटीसी प्रबंधन भी कोर्ट जाने की तैयारी में है।

### 3 नई बसों के लिए परमिट प्रक्रिया अंतिम चरण में

**अजय** वर्मा ने यह भी बताया कि धर्मशाला शहर में संचालित की जाने वाली तीन नई बसों के लिए परमिट आवेदन कर दिया गया है और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से अनुमति मिलने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अनुमति मिलने के बाद इन बसों का संचालन भी शुरू कर दिया जाएगा।

# बढ़ल बाजार में आग से करियाना कंफेक्शनरी की दुकान जलकर राख

अनंत ज्ञान



**डाडासीबा।** डाडासीबा क्षेत्र के बढ़ल बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार देर रात एक करियाना एवं कन्फेक्शनरी की दुकान में भीषण आग लग गई, जिससे लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार, लकी राणा की दुकान में देर रात अचानक आग भड़क उठी, जिसने कुछ ही समय में पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया।

- आठ लाख के करीब हुआ नुकसान, नकदी व जरूरी दस्तावेज जले

इस अग्निकांड में करियाना व कन्फेक्शनरी का सामान, आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक फ्रिज, बिजली मीटर सहित अन्य उपकरण पूरी तरह जलकर राख हो गए। दुकानदार लकी राणा ने बताया कि उन्हें करीब 8 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि लगभग 45 हजार रुपए नकद और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी आग में जल गए, जिससे उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण की पुष्टि जांच के बाद होगी। सूचना मिलते ही देहरा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। ढलियारा विद्युत उपमंडल के सहायक अभियंता मनीष संधू ने बताया कि मामले की जांच के लिए कनिष्ठ अभियंता को निर्देश दिए गए हैं। वहीं, स्थानीय लोगों ने पीड़ित को राहत देने और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# अपराधियों के हौसले बुलंद सरकार मौन: अतुल ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता अतुल ठाकुर ने प्रदेश में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, जिससे आम जनता में असुरक्षा और भय का माहौल पैदा हो गया है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में शिमला में दिनदहाड़े एक महिला की गोली मारकर हत्या और इससे पहले मंडी जिले की सिया गुलेरिया की निर्मम हत्या जैसी घटनाएं प्रदेश को झकझोर देने वाली हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराध हिमाचल की शांतिप्रिय छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल अपराधियों की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है, बल्कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपराधों की रोकथाम करे और कानून का सख्त डर स्थापित करे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार इस दिशा में अपेक्षित परिणाम देने में असफल रही है।

# विजय मेमोरियल स्कूल के छात्रों ने शूटिंग स्पर्धा में जीते 8 पदक



ओजस्विनी ने एयर पिस्टल सब-यूथ वुमन वर्ग में जीता स्वर्ण। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** विजय मेमोरियल स्कूल इंदौरा के छात्रों ने हिमाचल प्रदेश प्री स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 12 से 15 जून तक इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, शिमला में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर से लगभग 500 शूटरों ने भाग लिया।

कड़े मुकाबले के बीच विद्यालय के 13 खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक हासिल किए। ओजस्विनी ठाकुर ने 10 मीटर एयर पिस्टल सब-यूथ वुमन वर्ग में स्वर्ण और जूनियर वर्ग में कांस्य पदक जीता। गौरव पुरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल यूथ मेन वर्ग, जूनियर वर्ग में कांस्य तथा 50 मीटर राइफल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। शिवम ने सब-यूथ श्रेणी में स्वर्ण, जबकि अवनी ने स्वर्ण और श्रेया ने रजत पदक जीता। अन्य प्रतिभागियों ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए आगामी स्टेट प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। प्रिंसिपल सोनिया शर्मा और डायरेक्टर इंजीनियर सचिन शर्मा ने सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और खेलों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित कर रही है प्रदेश सरकार: भुवनेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भुवनेश चौधरी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर पंचायत समिति चुनावों में अनावश्यक देरी कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज चुनावों में जनता द्वारा कांग्रेस को नकारे जाने के बाद सरकार घबराहट में फैसले ले रही है और प्रशासनिक तंत्र पर दबाव बनाकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है। चौधरी ने आरोप लगाया कि धर्मशाला पंचायत समिति में बहुमत सरकार के पक्ष में न होने के कारण चुनाव की तिथि घोषित नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे जनप्रतिनिधियों और जनता में असमंजस की स्थिति बनी हुई है व विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। पंचायत समितियां स्थानीय लोकतंत्र की महत्वपूर्ण इकाइयां हैं और इनके गठन में देरी उचित नहीं है। चौधरी ने प्रशासन से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग करते हुए चुनाव तिथि शीघ्र घोषित करने की अपील की।

# रे पत्तन में अवैध खनन का खेल जारी रोजाना लाखों रुपए का नुकसान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** इंदौरा क्षेत्र के ऐतिहासिक रे पत्तन में ब्यास नदी के किनारे अवैध खनन और पत्थरों के कारोबार का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से पंजाब के स्टोन क्रशर संचालक और खनन माफिया इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन कर रहे हैं, जिससे सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार ब्यास नदी से रोजाना करीब 100 से 150 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पत्थर अवैध रूप से निकालकर पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में भेजे जा रहे हैं। यह पूरा कार्य सुबह 4 बजे से शाम 7 बजे तक लगातार चलता है, जबकि कई बार रात के अंधेरे में भी अवैध खनन किया जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस दोहन के कारण न केवल नदी का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ रहा है, बल्कि आसपास की कृषि भूमि और पर्यावरण पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। कई स्थानों पर अब निर्माण कार्यों के लिए भी पर्याप्त पत्थर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। गौरतलब है कि विधायक मलेंद्र राजन ने भी इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया था और कुछ अवैध रास्तों को बंद कराया गया था, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार वे रास्ते फिर से खोल दिए गए हैं और खनन गतिविधियां पहले की तरह जारी हैं।

### अवैध खनन नहीं होगा बर्दाश्त: डीसी

डीसी जिलाधीश हेमराज बैरवा ने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन को मामले की जानकारी दी गई है और अवैध खनन तथा अवैध पत्थर कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों को भी सतर्क रहने और क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए जाएंगे।



## न्यूज ब्रीफ

### रिंकू राणा ने बलाहरा स्कूल को दिया 11000 का दान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** जरूडी पंचायत के बरवाला गांव के समाजसेवी रिंकू राणा ने बलाहरा स्कूल के अध्यापक राकेश राणा के स्कूल के प्रति करवाए जा रहे कार्य से प्रभावित होकर 11000 रुपए दान दिए हैं। राकेश राणा ने बताया कि समाजसेवी लोगों की मदद से आजकल स्कूल गेट और कला मंच का काम लगाया गया है। राणा ने सभी दानवीरों का धन्यवाद किया है।

### 5 लाख रुपए के बीमा दावा का किया निपटारा



**अनंत ज्ञान, जाहू।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) शाखा जाहू ने दिवंगत शिक्षक स्वर्गीय बृज लाल के नामिती के खाते में 5 लाख रुपए की टर्म इंश्योरेंस राशि जमा कर बीमा दावा का निपटारा किया। वरिष्ठ प्रबंधक अनिश शर्मा ने बताया कि बैंक वेतन खाता धारकों को निःशुल्क टर्म इंश्योरेंस, एयर एक्सीडेंट व व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा सुविधाएं प्रदान करता है। उन्होंने कर्मचारियों से पीएनबी सैलरी अकाउंट योजना की जानकारी लेकर इसका लाभ उठाने की अपील की।

### पुण्यतिथि पर शहीद दिनेश को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** हमीरपुर के बमसन क्षेत्र स्थित अंदराल गांव में अमर शहीद दिनेश लगवाल की 27वीं पुण्यतिथि पर भावुक माहौल रहा। सेना के अधिकारियों ने शहीद के माता-पिता कैप्टन भूप सिंह और विद्या देवी को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वर्ष 1997 में सेना में भर्ती हुए दिनेश लगवाल ने कारगिल युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन देशभक्ति, वीरता और समर्पण की प्रेरणा बना रहेगा।

### 154 ग्राम चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भोटा।** पुलिस ने आधार के पास दो युवकों से 154 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपियों की पहचान अनिकेत (23) पुत्र पवन कुमार निवासी नजदीक ठाकुर नर्सिंग होम हमीरपुर व शुभम ठाकुर (19) पुत्र राजकुमार निवासी पक्का भरों हमीरपुर के रूप में हुई है। दोनों युवक गांव झाड़ी की ओर से आधार की तरफ पैदल जा रहे थे। वहां पर पुलिस को देखकर दोनों युवक घबरा गए और वहां से भागने लगे। पुलिस ने इन दोनों को रोककर उनकी तलाशी ली तो 154 ग्राम बरामद की। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### बाहन्वीं स्कूल में एसएमसी का किया गठन



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाहन्वीं में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का सर्वसम्मति से गठन किया गया। रविन्द्र कुमार को प्रधान तथा रीना शर्मा को उपप्रधान चुना गया। अन्य सदस्यों में परम लता, दिनेश कुमार, सलमा, अनिशा शर्मा, अनिता शर्मा, सलीम और मीरा शामिल हैं। प्रधानाचार्य निर्मल कुमार ने समिति को बधाई देते हुए विद्यालय विकास, शिक्षा गुणवत्ता, स्वच्छता और विद्यार्थियों की प्रगति के लिए सक्रिय सहयोग का आह्वान किया।

### सम्मू ताल परियोजना स्थल से वाटर मोटर चोरी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के सम्मू ताल सौंदर्यीकरण परियोजना स्थल से वाटर मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। परियोजना का कार्य कर रही जेएमएम इंफ्राकॉन कंपनी ने पुलिस थाना भोरंज में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार 14 जून की रात क्रॉम्पटन कंपनी की वाटर मोटर चोरी हो गई। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है तथा सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने लोगों से भी घटना संबंधी जानकारी साझा करने की अपील की है।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के साक्षात्कार 22 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए, बणी, हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों के लिए 22 जून को उप रोजगार कार्यालय बड़सर में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। यह साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक होंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि 19 से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार, जो 10वीं पास या फेल हैं तथा निर्धारित शारीरिक मानदंड पूरा करते हैं, आवेदन कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को 18,000 से 24,000 रुपये तक वेतन के साथ ईपीएफ, ईएसआई और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। नियुक्ति हिमाचल प्रदेश या चंडीगढ़ में होगी। उम्मीदवार मूल दस्तावेजों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### लोगों ने बैलग चौक पर लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के अंतर्गत बैलग गांव के लोगों द्वारा बैलग चौक पर छबील लगाई गई। राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को ठंडा शरबत वितरित किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच लोगों की सेवा करना पुण्य का कार्य है और इसी भावना के साथ यह आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में कैप्टन दिले राम, कैप्टन राकेश कुमार, सूबेदार कुलदीप सिंह, शेर सिंह, जगत राम, होशियार सिंह, नशीब सिंह, कश्मीर सिंह, कैप्टन बलदेव सिंह, परमजीत, नरेश, सुरेश कुमार, अक्षय, रविंदर गौरव, विजय, मेहर सिंह, विक्रम तथा करम सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# कोहली-चीलवाहल टू-लेन पर सफर के लिए अभी और इंतजार, सितंबर में होगा शुरू

## हथली खड्ड पुल तैयार होने में लगेंगे अभी दो से ढाई माह

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** निर्माणाधीन शिमला-मटौर फोरलेन का हिस्सा कोहली-चीलवाहल टू-लेन पर सुहाने सफर के इंतजार को अभी दो से ढाई महीने और लग सकते हैं।

कारण यह है कि हथली खड्ड पुल के निर्माण में अभी वक्त लगेगा और बरसात के बाद सितंबर महीने में यह हाईवे चालू होने की उम्मीद है। लंबे इंतजार के लिए वाहन चालक थोड़े मायूस हैं, क्योंकि इसके आगे नादौन और रानीताल तक सफर सुहाना हो चुका है।

अब नादौन शहर के भीतर से होकर भी जाने की मजबूरी खत्म हो चुकी है। क्योंकि ब्यास नदी का पुल ट्रैफिक के लिए चालू हो गया है। हालांकि, कई जगह पर उसे तय मापदंडों के मुताबिक मुकम्मल किया जाना है। लेकिन ट्रैफिक को इसलिए डायवर्ट कर दिया गया है, ताकि नादौन के बीच में बेवजह ट्रैफिक जाम की जो समस्या मौजूदा समय में थी, उससे कुछ राहत वाहन चालकों को मिल जाए। निश्चित रूप में इसका फर्क पड़ा है और वाहन बाईपास होकर निकल रहे हैं। नादौन शहर के मध्य में अब ट्रैफिक जाम खत्म हो गया है। बजह यह है कि 50 से 70 फीसदी वाहन ब्यास नदी के पुल से होकर गुजर रहे हैं।



### एनएचएआई ने पशु विभाग को लिखी चिट्ठी

**लावारिस** पशुओं की इस तादाद को लेकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने हिमाचल के पशु विभाग को इस बारे में कदम उठाने को कहा है। हमीरपुर स्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर राकेश यादव का कहना है कि पशुओं को रोकने के लिए विभाग को ही कुछ करना होगा। इन पशुओं को किसी ऐसी जगह पर छोड़ना होगा जहां से यह सड़क तक ना आ सकें, क्योंकि या पशु दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं और यह स्थिति किसी एक चिन्हित जगह की नहीं है। पशु विभाग को इस बाबत एक पत्र लिखा जा रहा है, ताकि पशुओं को वे किसी ऐसी जगह पर ले जाएं जहां से यह सड़क तक न आ सकें, नहीं तो यह समस्या थोड़ी गंभीर होगी।

### लावारिस पशुओं से दुर्घटनाओं का अंदेशा

**चीलवाहल** से ब्यास नदी के पुल से होकर रानीताल के लिए जो वाहन गुजर रहे हैं, उस पर स्पीड वाहनों की काफी ज्यादा है। यहां सबसे बड़ी परेशानी लावारिस पशुओं की है। यह लावारिस पशु इसी सड़क पर आकर रुकने लगे हैं। स्पीड ज्यादा होने की वजह से इसलिए दुर्घटनाओं का भी खतरा बरकरार हो गया है।

# भोरंज के देवर और भाभी बने मेडिकल ऑफिसर

अनंत ज्ञान



◆ रवि कांत ने चौथा और प्रियंका ने हासिल किया 28वां स्थान

**अनिल कुमार, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित मेडिकल ऑफिसर की परीक्षा में भोरंज की देवर रवि कांत और उसकी सगी भाभी प्रियंका ने जून माह में परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार के साथ साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रवि कांत पुत्र ध्यान सिंह निवासी भोरंज उपरला ने अपनी पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोरंज में एमबीबीएस की डिग्री राधा कृष्ण मेडिकल कॉलेज हमीरपुर से हासिल कर जून माह की परीक्षा में चौथा रैंक प्राप्त किया है।

वहीं, प्रियंका कुमारी पुत्री प्रीतम चंद, पत्नी कपिल कुमार निवासी भोरंज उपरला ने अपनी शुरू की पढ़ाई डीएवी शिमला में और जमा 2 तक की पढ़ाई साई विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी से करने के उपरांत राधा कृष्ण मेडिकल कॉलेज हमीरपुर से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। प्रियका ने जून माह की परीक्षा में 28वां रैंक हासिल किया है। प्रियंका के पिता निजी कंपनी ने कार्यरत हैं, माता गृहिणी है। वहीं, रवि कांत के पिता ध्यान सिंह बस्सी बाजार में दुकान करते हैं और माता गृहिणी है।

रविकांत का बड़ा भाई डॉ. कपिल कुमार टांडा मेडिकल कॉलेज में नेत्र रोग विशषज्ञ है। कपिल की कुछ माह पहले डॉ . प्रियंका से शादी हुई है हुई है। इस सफलता पर हिमाचल ह्यूमन प्राइड फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव कुमार व निदेशक अनिल कुमार ने बधाई दी है।

# तलाई में ट्रक फंसने से भोटा-जाहू मार्ग पर चार घंटे जाम, यात्री रहे परेशान

◆ सीमेंट पाइपों के पास सड़क धंसने से उत्पन्न हुई समस्या

अनंत ज्ञान



तलाई गांव में सड़क पर फंसा रेता से भरा ट्रक। अनंत ज्ञान

**जाहू।** भोटा-जाहू मुख्य मार्ग पर तलाई गांव के पास बुधवार सुबह रेत से भरा एक ट्रक सड़क में धंसकर फंस गया, जिससे करीब चार घंटे तक यातायात बाधित रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और गर्मी के मौसम में यात्रियों व वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, तलाई गांव के पास लोक निर्माण विभाग द्वारा नालियों का निर्माण कार्य चल रहा है। नालियों के पानी की निकासी के लिए मंगलवार रात सड़क की खुदाई कर तीन बड़ी सीमेंट पाइपें डाली गई थीं। सड़क की उचित भराई नहीं होने के कारण बुधवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे रेत से भरा एक ट्रक वहां धंसकर फंस गया। ट्रक के फंसते ही सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। कई यात्रियों को जाम से बचने के लिए पैदल ही अपने गंतव्य की ओर जाना पड़ा। सूचना मिलने पर जाहू पुलिस चौकी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और छोटे वाहनों की आवाजाही वैकल्पिक रूप से शुरू करवाने का प्रयास किया। करीब साढ़े बारह बजे कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक को बाहर निकाला गया, लेकिन इसके बाद भी दो अन्य वाहन उसी स्थान पर फंस गए, जिससे जाम की स्थिति बनी रही। भोटा-जाहू मार्ग क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग होने के कारण दिनभर यहां वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। दोपहर करीब एक बजे लोनिवि कर्मचारियों ने सड़क पर बने गड्ढों को पत्थरों से भरा, जिसके बाद यातायात बहाल हो सका।

# बड़सर के विकास पर गंभीर मंथन करने की आवश्यकता : आशीष ठाकुर



**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी एवं भाजपा नेता आशीष सिंह ठाकुर ने प्रदेश सरकार द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़सर को सीबीएसई बोर्ड से जोड़ने तथा यहां मेडिकल, नॉन-मेडिकल और कॉमर्स तीनों संकाय शुरू करने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने इसे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा की तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने जजरी और लोहारली विद्यालयों को भी सीबीएसई से जोड़ने के निर्णय को सकारात्मक बताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि विकास की दृष्टि से संतुलित योजना आवश्यक है। उनके अनुसार, बिझड़ी जैसे बड़े शैक्षणिक और प्रशासनिक केंद्र, जहां लगभग 17 पंचायतों के विद्यार्थी निर्भर हैं, को इस योजना में शामिल किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि बड़सर क्षेत्र अभी भी कई विकासात्मक चुनौतियों का सामना कर रहा है, विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में। उन्होंने 20 वर्षों के दीर्घकालिक विकास विजन की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें आधुनिक शिक्षा संस्थान, खेल अकादमियां, तकनीकी प्रशिक्षण, पर्यटन और स्वरोजगार को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि वास्तविक विकास केवल योजनाओं की घोषणा नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सशक्त बनाने में निहित है।

### व्यापारियों ने लगाई ठंडे पानी की छबील



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महाराणा प्रताप जयंती पर नादौन चौक हमीरपुर के व्यापारियों ने लगाई पानी की छबील, व्यापार मंडल के लोगों ने बढ़ चढ़कर इसमें लिया हिस्सा।

### महाराणा प्रताप जयंती पर अर्पित की फूलमालाएं



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर में महाराणा प्रताप जयंती पर फूलमालाएं अर्पित की गई। सभा के अध्यक्ष अजमेर ठाकुर ने अन्य नेताओं के साथ महाराणा प्रताप अमर रहे के नारे बुलंद किया इसके अलावा जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश ठाकुर भी मौजूद रहे।

### बालिकाओं की सुरक्षा पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, बड़सर ।** पीएम आदर्श सीसे स्कूल बिझड़ी में बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय की ओर से बालिकाओं की सुरक्षा और क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी सलीम मोहम्मद ने कहा कि बालिकाएं देश की महत्वपूर्ण संपत्ति हैं और उनके सशक्तिकरण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तनाव प्रबंधन और सामाजिक चुनौतियों से निपटने के टिप्स दिए तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, शगुन योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मानव एजुकेशन एंड हेल्थ रिसर्च संस्था ने स्त्री स्वाभिमान योजना पर जानकारी दी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निशुल्क सैनिटरी नैपकिंस भी वितरित किए।

### भोरंज में जनसंपर्क अभियान के तहत किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 28 (भुक्कड़-1) पर पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा कमलेश कुमारी के नेतृत्व में विशेष जनसंपर्क अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनता और कार्यकर्ताओं से संवाद किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम की सराहना की। कमलेश कुमारी ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और धरती के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने सभी से कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया।

# बिजली व्यवस्था को लेकर हनोह के लोगों में भारी रोष

अनंत ज्ञान

◆ बोले- हल्की सी हवा चलने पर भी बिजली हो जाती है गुल

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के हनोह गांव में बिजली आपूर्ति की लगातार समस्याओं को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि हल्की हवा चलने पर भी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। मंगलवार रात करीब आठ बजे बिजली गुल हुई, जो कई घरों में अगले दिन जाकर बहाल हो सकी, जबकि कुछ हिस्से अंधेरे में ही रहे।

ग्रामीणों सक्षम, वीरेंद्र, मनोज, राधिका, मोनिका, धर्म चंद, विख्यात, दिनेश, संजय और कश्मीर सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से कम वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या बनी हुई है, जिससे घरेलू उपकरण भी प्रभावित हो रहे हैं। उनका कहना है कि विद्युत लाइनों और तारों की नियमित जांच नहीं होने से छोटी-मोटी खराबी भी बड़ी समस्या बन जाती है। गांव के ऊपर पहाड़ी पर स्थापित ट्रांसफार्मर भी लंबे समय से बंद पड़ा है, जिससे आपूर्ति पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से बंद ट्रांसफार्मर को शीघ्र चालू करने और विद्युत व्यवस्था की समुचित जांच कर स्थायी समाधान की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान न होने पर वे प्रदर्शन करेंगे।इस संबंध में विद्युत विभाग के एसडीओ संजय कुमार ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण कुछ घरों में रात के समय बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। उन्होंने कहा कि विभागीय कर्मचारियों ने सुबह मौके पर पहुंचकर खराबी को दूर कर दिया और बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### 30 तक हमीपुर के बचत भवन में कर सकते हैं पुराने कपड़े डोनेट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अगर आपके घर में पुराने कपड़े, किताबें और बच्चों के खिलौने काफी समय से ऐसे ही पड़े हुए हैं और ये अच्छी हालत में हैं तो ये किसी अन्य जरुरतमंद एवं गरीब के काम आ सकते हैं। आम तौर पर सभी साधन संपन्न घरों में ऐसा सामना अक्सर यूं ही पड़ा रहता है और खराब होता रहता है।

ऐसे सामान को किसी जरुरतमंद गरीब परिवार तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन और जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एक विशेष पहल करने जा रही है। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति या परिवार इस तरह का सामान डोनेट करना चाहता है तो वह इसे 30 जून तक हमीरपुर के बचत भवन के परिसर में स्थित जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यालय में पहुंचा सकता है।

### जेबीटी टेट परीक्षा में सिलेबस से बाहर प्रश्नों पर अभ्यर्थियों ने जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेशभर में 14 जून को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित जेबीटी टेट परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में असंतोष देखने को मिल रहा है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 20 मई 2026 के आदेश के अनुसार प्रदेश के लगभग 8925 जेबीटी अध्यापकों को अगस्त 2028 तक टेट पास करना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि गणित विषय के प्रश्नपत्र में करीब दस प्रश्न निर्धारित सिलेबस से बाहर से पूछे गए, जो उनके साथ अन्याय है। उनका कहना है कि कई प्रश्न उच्च स्तरीय गणित से संबंधित थे, जिन्हें जेबीटी पाठ्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था। परीक्षा के बाद जारी आंसर की से उनकी चिंता और बढ़ गई है। खंड प्राथमिक शिक्षक संघ गलोड़ के प्रधान शशि भूषण ने भी इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इन-सर्विस अध्यापकों सहित सभी अभ्यर्थियों के लिए यह स्थिति कठिन है। उन्होंने 10 अंक ग्रेस मार्क्स देने और भविष्य में केवल सिलेबस आधारित प्रश्न पूछने की मांग की है।

# अनुराग ठाकुर को लोक लेखा समिति की रेलवे एवं वित्त उपसमिति में बनाया सदस्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** संसद की लोक लेखा समिति पब्लिक अकाउंट्स कमेटी के अध्यक्ष केसी वेणुगोपाल द्वारा समिति की विभिन्न उप-समितियों का पुनर्गठन किया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर को रेलवे उप-समिति तथा वित्त उप-समिति, दोनों में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। यह पुनर्गठन देश की अर्थव्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संसदीय निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रेलवे उप-समिति का गठन डॉ. के. लक्ष्मण को संयोजक तथा टीआर बालू को वैकल्पिक संयोजक नियुक्त करते हुए किया है। अनुराग इस उप-समिति में कल्याण बनर्जी, अशोकराव एस. चव्हाण, जगदंबिका पाल और जय प्रकाश सहित अन्य सदस्यों के साथ कार्य करेंगे। यह उप-समिति भारतीय रेलवे से संबंधित व्यय, वित्तीय जवाबदेही तथा संसाधनों के प्रभावी उपयोग की समीक्षा करेगी। वित्त उप-समिति का गठन मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी को संयोजक तथा डॉ. अमर सिंह को वैकल्पिक संयोजक नियुक्त करते हुए किया गया है। अनुराग ठाकुर को इस उप-समिति में भी सदस्य बनाया गया है।

### गगल-भड़ोली मार्ग पर बढ़ती दुर्घटनाओं पर एसडीएम ने आज बुलाई विशेष बैठक

**अनंत ज्ञान, सोनल, नादौन।** नादौन उपमंडल के गगल से भड़ोली तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। एसडीएम नादौन निशांत शर्मा ने 18 जून को सुबह 11 बजे संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों की विशेष बैठक बुलाई है। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह में कई हादसे होने से लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है। एसडीएम के अनुसार गुरुद्वारा साहिब और अस्पताल मार्ग के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग का एक हिस्सा खुला होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। वहां सुरक्षा प्रबंध और चेतावनी संकेतक लगाने की आवश्यकता है। इसके अलावा गगल में पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग के एनएच से मिलने वाले स्थान पर भी सुधारात्मक कार्य जरूरी हैं। बैठक में पुलिस, एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद, व्यापार मंडल तथा भरमोटी और जलाड़ी पंचायतों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रशासन को उम्मीद है कि बैठक में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस निर्णय लिए जाएंगे।

# दरकिनार व्यक्ति अपनी हैसियत देखकर करें बयानबाजी : भाजपा

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर और जिला महामंत्री अजय शर्मा रिंटू ने कांग्रेस पार्टी से दरकिनार किए गए एक स्वयंभू कांग्रेस प्रवक्ता द्वारा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ की जा रही बयानबाजी पर कड़ा प्रतिवाद किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को सार्वजनिक टिप्पणी करने से पहले अपनी राजनीतिक स्थिति का आकलन करना चाहिए।

भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा सांसद अनुराग ठाकुर के विरुद्ध अनर्गल और आधारहीन टिप्पणियां कर रहा है। जबकि वह न तो कांग्रेस का अधिकृत प्रवक्ता है और न ही सक्रिय सदस्य। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को उसकी पार्टी पहले ही दरकिनार कर चुकी है, उसे दूसरों पर नैतिकता का पाठ पढ़ाने से पहले स्वयं के आचरण पर विचार करना चाहिए। भाजपा ने यह भी कहा कि संबंधित व्यक्ति का सार्वजनिक जीवन विवादों से घिरा रहा है और उसके विरुद्ध विभिन्न स्तरों पर प्रश्न उठते रहे हैं। पार्टी ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में भी झूठे आरोप लगाए गए तो उसके सार्वजनिक जीवन से जुड़े तथ्यों को जनता के समक्ष रखा जाएगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में स्वस्थ आलोचना स्वीकार्य है, लेकिन व्यक्तिगत दुर्भावना और तथ्यहीन बयानबाजी स्वीकार नहीं की जाएगी।

### आज शुरू होगा जाहू बस अड्डे का जीर्णोद्धार कार्य, 56 लाख होंगे खर्च

**अनंत ज्ञान, जाहू।** जाहू बस अड्डे के जीर्णोद्धार का कार्य 18 जून से शुरू होने जा रहा है। इस कार्य का शुभारंभ भोरंज के विधायक सुरेश कुमार द्वारा किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने जाहू बस अड्डे के जीर्णोद्धार के लिए 56 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। बताया जा रहा है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) द्वारा बस अड्डे की मरम्मत के लिए पिछले कई महीनों से टेंडर प्रक्रिया चल रही थी। एक-दो बार टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद विभिन्न कारणों से उसे रद्द करना पड़ा। इस बार टेंडर प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी होने के बाद कार्य शुरू किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत बस अड्डे की मरम्मत के साथ-साथ नालियों की दशा सुधारने और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य भी किया जाएगा। वर्तमान में नालियों में पानी की उचित निकासी न होने के कारण दुकानदारों, यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नालियों में गंदा पानी जमा रहने से दुर्गंध फैलती है, जिससे लोगों को बस अड्डे से गुजरते समय असुविधा होती है। जाहू बस अड्डे की सबसे बड़ी समस्या वर्षों से जल निकासी की रही है। हल्की बारिश होने पर भी बस अड्डा जलभराव की चपेट में आ जाता है और कई स्थानों पर तालाब जैसी स्थिति बन जाती है। नालियां गंदगी से भरी रहने के कारण समस्या और गंभीर हो जाती है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि लंबे समय से चली आ रही जलभराव और गंदगी की समस्या से जल्द निजात मिलेगी तथा जाहू बस अड्डा यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक और स्वच्छ बन सकेगा।

# शहीद अंकुश ठाकुर की स्मृति में लगाया रक्तदान शिविर



पीएचसी कड़ोहता में लगाए शिविर में 50 यूनिट रक्त किया एकत्र। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** गलवान घाटी में देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए शहीद अंकुश ठाकुर की स्मृति में मंगलवार को पीएचसी कड़ोहता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी सुशील ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और इससे जरूरतमंदों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान करने की अपील की। शहीद अंकुश ठाकुर सेना मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा उषा रानी ने बताया कि शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए रक्तदान को महादान बताया और समाजहित में आगे आने का आह्वान किया।

इस अवसर पर झरलोग पंचायत के उपप्रधान अरुण ठाकुर ने 25वीं बार रक्तदान कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। शहीद के पिता अनिल ठाकुर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर का 62 करोड़ से होगा सौंदर्यीकरण

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में 62 करोड़ रुपए की सौंदर्यीकरण योजना के तहत बड़े स्तर पर विकास कार्य किए जाएंगे, जिससे मंदिर की पूरी सूरत बदलने जा रही है। मंदिर न्यास ट्रस्ट ने इस संबंध में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

गुफा के पास स्थित पुराने जर्जर भवन को ध्वस्त कर दिया गया है और उसकी जगह एक भव्य एवं अत्याधुनिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इसमें श्रद्धालुओं के लिए वेटिंग हॉल, लंगर भवन सहित कई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा एक मल्टीस्टोरी भवन भी बनाया जाएगा। श्रद्धालुओं के दर्शन दिन में पूर्ववत जारी रहेंगे और निर्माण कार्य केवल रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक किया जाएगा, ताकि भक्तों की सुविधा प्रभावित न हो। साथ ही शनिवार और रविवार को नो-कंस्ट्रक्शन जोन रखा जाएगा। मंदिर न्यास अध्यक्ष स्वाति डोगरा ने कहा कि विकास कार्यों के साथ आस्था और परंपरा को कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि बाबा बालक नाथ कॉरिडोर को शाहतलाई-दियोटसिद्ध क्षेत्र में अयोध्या-काशी कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने की योजना है। स्थानीय दुकानदारों और श्रद्धालुओं ने इस योजना का स्वागत किया है, हालांकि उन्होंने निर्माण कार्य में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने की मांग भी की है।

## न्यूज ब्रीफ

### ऐहजू क्लीनिक चोरी मामले में 3 आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** ऐहजू स्थित एक निजी क्लीनिक में हुई नकदी चोरी के मामले का मंडी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान राहुल उर्फ भीमा, अविनाश उर्फ अव्वू तथा आदित्य के रूप में हुई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जून को पुलिस चौकी घट्टा (चौन्तड़ा) के माध्यम से थाना जोगिंदरनगर में डॉ. राकेश कुमार शर्मा निवासी पपरोला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनके निजी क्लीनिक ऐहजू में अज्ञात व्यक्तियों ने गल्ला तोड़कर करीब 60 से 70 हजार की नकदी चोरी कर ली है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों की पहचान की तथा घटना के 24 घंटे के भीतर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### नशे की गिरफ्त में युवा, अभिभावक चिंतित

**अनंत ज्ञान, भौर।** प्रदेश में चिट्टा नशे का बढ़ता प्रकोप अब समाज और परिवारों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। सुंदरनगर, नाचन और बल्ह क्षेत्र की लगभग हर पंचायत में नशे की पहुंच बढ़ रही है और कई युवा तथा किशोर इसकी गिरफ्त में आ चुके हैं। कई अभिभावक अपने नशे के आदी बच्चों को घरों में रखकर उनकी लत छुड़ाने का प्रयास कर रहे हैं। सामाजिक बदनामी के डर से कई परिवार खुलकर सामने नहीं आ रहे, लेकिन अंदर ही अंदर इस समस्या से जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नशे की वजह से युवाओं का व्यवहार बदल रहा है और कई परिवार मानसिक, सामाजिक तथा आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूलों और कॉलेजों के आसपास निगरानी बढ़ाई जाए, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त की जाए तथा नशे के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई की जाए। समाज के बुद्धिजीवियों का मानना है कि केवल पुलिस कार्रवाई ही नहीं, बल्कि जागरूकता अभियान, अभिभावकों की सतर्कता और नशे के शिकार युवाओं के उपचार एवं पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

### ऑटो रिक्शा की टक्कर से दो पहिया चालक घायल

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जहां आए दिन यातायात का जाम लगने से लोगों को परेशानी पेश आ रही है वहीं टाइम कवर करने की जल्दबाजी में फिर दुर्घटनाएं होने का सिलसिला लंबा हो चला है। बुधवार को इसी प्रकार की एक घटना सामने आई। ट्रैफिक जाम के बाद जल्दबाजी के चक्कर में एक आटोरिक्शा जो जल्दबाजी में अपने गंतव्य की ओर जा रहा था कि अचानक मोड़ के पास रुका और फिर पीछे की ओर आटो लेने लगा उसी समय पीछे से तेज गति से आ रहा दो पहिया वाहन उससे टकरा गया और सिर के बल गिरकर घायल हो गया।अपनी लापरवाही मानते हुए आटो वाले ने घायल को अस्पताल ले गया और उसके सारे इलाज मरहम पटटी आदि का खर्च वहन किया। अंततः सब ठीक हो गया।

### अणु में पहली बारिश में गाद से भरा पेयजल स्रोत

**अनंत ज्ञान, भौर।** मानसून के औपचारिक आगमन से पहले ही हुई तेज बारिश ने विकास खंड धनोटू की अणु पंचायत के कांगर गांव में अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। क्षेत्र में हुई पहली तेज बारिश के दौरान गांव का प्रमुख पेयजल स्रोत मिट्टी और गाद से भर गया, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी मिलने पर समाजसेवी पितांबर शर्मा ने स्थानीय लोगों के सहयोग से श्रमदान कर बाबड़ी की सफाई करवाई। उन्होंने बताया कि साथ बहने वाले नाले से आई गाद के कारण पेयजल स्रोत प्रभावित हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि इस पेयजल स्रोत के संरक्षण के लिए जिला परिषद के माध्यम से एक लाख रुपए की राशि भी स्वीकृत हुई थी, लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों के आपसी मतभेदों के चलते इस राशि का उपयोग नहीं हो पाया। स्थानीय लोगों ने नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों से मांग की है कि बरसात के मौसम के दौरान किसी बड़ी समस्या से बचने के लिए स्वीकृत धनराशि का उचित उपयोग कर जल स्रोत की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

### महाराणा प्रताप जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** श्री राजपूत सभा मंडी और राजपूत महासभा हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह बुधवार को मंडी में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों और बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय समन्वयक बचन सिंह राणा ने महाराणा प्रताप के राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान, त्याग और साहस जैसे आदर्शों को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताते हुए समाज से इन्हें अपनाने का आह्वान किया। श्री राजपूत सभा मंडी के प्रधान डॉ. अमर सिंह गुलेरिया ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के पूर्व कुलपति प्रो. अशोक सरयाल ने युवाओं से सामाजिक सरोकारों और जनहित के मुद्दों पर संगठित होकर कार्य करने का आग्रह किया। राजपूत महासभा के भूतपूर्व सैनिक विंग के अध्यक्ष एवं पूर्व एचपीपीएससी अध्यक्ष मेजर जनरल धर्मवीर सिंह राणा ने युवाओं को महाराणा प्रताप के शौर्य और राष्ट्रनिष्ठा से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

### भारी बारिश ने फेरा गुटकर मेले पर पानी

**अनंत ज्ञान, प्रकाश धीमान, बैहना।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित औद्योगिक कस्बे गुटकर में आयोजित पारंपरिक मेले का उत्साह उस समय फीका पड़ गया, जब मेले के शुभारंभ के लगभग एक घंटे बाद अचानक मूसलाधार बारिश और तेज आंधी-तूफान ने पूरे आयोजन को प्रभावित कर दिया। बारिश इतनी तेज थी कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। देखते ही देखते मेला स्थल पर चारों ओर पानी भर गया और कई दुकानदारों को अपना सामान समेटने तक का अवसर नहीं मिला, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। मेले में पहुंचे लोग भी बारिश से बचने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। वहीं, इससे एक दिन पहले बैहना चौक के समीप हनुमान मंदिर में आयोजित पारंपरिक मेला हर्षोल्लास और श्रद्धा के माहौल में संपन्न हुआ। मेले में प्रतिवर्ष की भांति देव सतबाला कामेश्वर टिक्कर, भराड़ी देवी कभाल तथा मनसा माता मलवाणा अपने-अपने गूर, पुजारियों, श्रद्धालुओं और बजंतरियों सहित शामिल हुए। इस दौरान क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### बाल आश्रम भरणाल में हुआ प्री-योग दिवस कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दीन बंधु सेवा मंडल बाल आश्रम भरणाल में प्री-योग दिवस कार्यक्रम उत्साह और स्वास्थ्य जागरूकता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उपमंडलीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) सरकाघाट डॉ. हेमलता के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर डॉ. हेमलता, डॉ. रेनुका (एएचसी मशेरन), डॉ. रजनी (एएचसी रिस्सा) तथा योग गाइड सपना ने बच्चों को योग के महत्व और इसके शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। डॉ. हेमलता ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और एकाग्रता मजबूत होती है। उन्होंने बच्चों को योग, प्राणायाम, संतुलित आहार और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। योग गाइड सपना ने बच्चों को ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भुजंगासन, तितली आसन, अनुलोम-विलोम और कपालभाति सहित विभिन्न योग क्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। समापन अवसर पर आश्रम प्रभारी प्रेम सिंह ने सभी चिकित्सकों एवं योग प्रशिक्षिका का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाल आश्रम बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है तथा भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# संधोल कॉलेज बंद करने के विरोध में भाजपा ने किया जोरदार प्रदर्शन

## रजत ठाकुर बोले- कॉलेज नहीं युवाओं के भविष्य को लेकर कर रहे आंदोलन

अनंत ज्ञान



**रितेश चौहान, सरकाघाट।** संधोल कॉलेज को बंद करने के फैसले के विरोध में बुधवार को संधोल में भाजपा द्वारा विशाल जनआक्रोश रैली और विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। भाजपा नेता एवं धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व भाजपा प्रत्याशी रजत ठाकुर के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। महिलाओं, कॉलेज की छात्राओं, युवाओं, अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी ने इस आंदोलन को एक व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप दे दिया। रजत ठाकुर ने कहा कि संधोल कॉलेज की बहाली केवल एक संस्थान को बचाने का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के युवाओं के भविष्य, शिक्षा के अधिकार और ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की उपलब्धता से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अपने बच्चों को दूर-दराज के कॉलेजों में भेजने में सक्षम नहीं हैं, जिससे अनेक विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

प्रदर्शन के दौरान पूरे संधोल क्षेत्र में सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी हुई और कॉलेज को तत्काल बहाल करने की मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कॉलेज बंद करने का निर्णय क्षेत्र के विद्यार्थियों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्रों और छात्राओं के हितों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की इस नीति से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर सीमित हो रहे हैं और हजारों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। रजत ठाकुर ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि संधोल कॉलेज को जल्द बहाल नहीं किया गया तो भाजपा और क्षेत्र की जनता मिलकर एक बड़ा जनआंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर लोगों को इस मुद्दे पर जागरूक किया जाएगा।

### तहसीलदार के माध्यम से सरकार को भेजा ज्ञापन

**विरोध** प्रदर्शन के तहत बस स्टैंड संधोल से अस्पताल, कैंप क्षेत्र और मिनी सचिवालय तक एक विशाल रैली निकाली गई। रैली के समापन के बाद प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार संधोल के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि संधोल कॉलेज को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाए, शिक्षकों और कर्मचारियों के सभी रिक्त पद भरे जाएं तथा विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो जनता को बड़ा आंदोलन शुरू करना पड़ेगा।

# पधर के सौरव ठाकुर वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर चयनित

अनंत ज्ञान



**पधर।** उपमंडल पधर के पाखरी गांव के होनहार युवा सौरव ठाकुर ने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। सौरव की सफलता पर उनके पैतृक गांव पाखरी में जश्न का माहौल है और लोगों का बधाई देने के लिए उनके घर पहुंचने का सिलसिला जारी है। सौरव ठाकुर असेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पधर के वर्ष 2018 बैच के छात्र रहे हैं। उन्होंने बारहवीं की परीक्षा नॉन मेडिकल संकाय में 95 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी और विद्यालय के टॉपर भी रहे थे। स्कूल प्रबंधन के अनुसार सौरव बचपन से ही मेधावी, अनुशासित और मेहनती छात्र रहे हैं। सौरव के पिता नेक राम भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। सैन्य परिवार से संबंध रखने वाले सौरव ने बचपन से ही देश सेवा का सपना देखा था, जिसे उन्होंने अपनी मेहनत और लगन के बल पर साकार कर दिखाया। उनकी माता नीलम ठाकुर ने भी बेटे की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सौरव की उपलब्धि पर असेंट स्कूल पधर के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और प्रबंधन समिति ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। वहीं क्षेत्र के लोगों ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है।

◆ **असेंट स्कूल के पूर्व छात्र की उपलब्धि से पाखरी गांव में जश्न का माहौल**

# चंद्रमणि लगातार तीसरी बार चुने सेवा संकल्प समिति के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** शिव मंदिर परिसर सरकाघाट में आयोजित सेवा संकल्प समिति के वार्षिक अधिवेशन में संस्था की उपलब्धियों, सामाजिक गतिविधियों तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिवेशन में बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया और संस्था की 15 वर्षों की सेवा यात्रा को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में शिव मंदिर के महंत लक्ष्मीनारायण गिरी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। चुनाव अधिकारी डॉ. आरआर कौंडल की देखरेख में हुए चुनाव में चंद्रमणि वर्मा को सर्वसम्मति से लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा राकेश पंकज महासचिव तथा मनोहर लाल कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। अपने संबोधन में अध्यक्ष चंद्रमणि वर्मा ने बताया कि समिति की शुरुआत वर्ष 2011 में केवल 12 सदस्यों के साथ हुई थी। आज संस्था 687 सदस्यों के मजबूत परिवार के रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समिति ने समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की सहायता को प्राथमिकता दी है। अस्पताल में निशुल्क बिस्तर सेवा, नेत्र उपचार एवं चश्मा वितरण, मोक्षधाम में निशुल्क लकड़ी तथा भोजन सेवा जैसी योजनाएं लगातार संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान समिति ने शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा राहत के लिए 371 लाभार्थियों को 35.63 लाख रुपये की सहायता प्रदान की। अधिवेशन में छात्रवृत्ति योजना के विस्तार की भी घोषणा की गई।

# एसपीएस. इंटरनेशनल स्कूल में अंतर सदनीय खेल प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल अनंत नगर, तताहर, सरकाघाट में दो दिवसीय अंतर सदनीय खेलकूद प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में थाना प्रभारी (साह) सरकाघाट रजनीश ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, खेल ध्वजारोहण एवं मार्च पास्ट की सलामी के साथ हुआ। विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत कर अनुशासन, एकता एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने खेल शपथ ग्रहण कर निष्पक्ष एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने का संकल्प लिया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में रजनीश ठाकुर ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ जीवन का आधार हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, नशे तथा चिट्टा जैसी घातक सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक किया।

# 10,500 फुट ऊंची पटालसू पीक को फतह कर लौटे डीएवी मंडी के विद्यार्थी

## एबीवीआईएमएएस के साहसिक शिविर में सीखा पर्वतारोहण

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** डीएवी सीपीएस मंडी के 42 विद्यार्थियों ने अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स (एबीवीआईएमएएस) द्वारा आयोजित साहसिक शिविर को सफलतापूर्वक पूरा कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने लगभग 10,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित प्रसिद्ध पटालसू पीक का सफल आरोहण कर अपनी साहसिक क्षमता का परिचय दिया।शिविर में छात्रों ने रिवर क्रॉसिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, जंगल क्राफ्ट और वाइल्डरनेस से जुड़े विभिन्न व्यावहारिक एवं जीवनोपयोगी कौशल सीखे। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के साहसिक कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना और विपरीत परिस्थितियों का सामना करने का साहस विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे विद्यालय के लिए गर्व का विषय बताया। अभियान के दौरान विद्यालय के शारीरिक शिक्षा अध्यापक सुशील सेन तथा योग अध्यापिका सुमन ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और पूरे शिविर में उनके साथ रहे। विद्यालय प्रबंधन ने इसे विद्यार्थियों के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को नई चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# किशाऊ बांध विवाद का हल ऐतिहासिक उपलब्धि : दीपक

अनंत ज्ञान



◆ **सीएम सुक्खू की पहल से प्रदेश को 2000 करोड़ के वित्तीय बोझ से मिली राहत**

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक शर्मा ने किशाऊ बांध परियोजना से जुड़े वर्षों पुराने वित्तीय विवाद के समाधान को प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि करार देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रभावी पैरवी और दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते केंद्र सरकार ने परियोजना के विद्युत घटक पर हिमाचल के हिस्से की लगभग 2000 करोड़ रुपए की लागत लाभान्वित राज्यों से वहन करवाने पर सैद्धांतिक सहमति जताई है। दीपक शर्मा ने कहा कि लंबे समय से लंबित इस मामले का समाधान प्रदेश हितों को प्राथमिकता देने वाली सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पूर्व में यह मुद्दा वर्षों तक अनसुलझा रहा, लेकिन वर्तमान सरकार ने सीमित संसाधनों वाले हिमाचल पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालने से स्पष्ट इनकार करते हुए प्रदेश के अधिकारों की मजबूती से पैरवी की। उन्होंने कहा कि किशाऊ बांध परियोजना के पूरा होने के बाद हिमाचल को प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ यूनिट बिजली प्राप्त होगी, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 600 करोड़ सालाना होगी। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण को गति मिलेगी। दीपक शर्मा ने कहा कि सीएम सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्राकृतिक संसाधनों पर हिमाचल के अधिकारों को मजबूत करने और उनका लाभ सीधे प्रदेशवासियों तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में ऐसे कई महत्वपूर्ण निर्णय प्रदेश को विकास और आर्थिक सशक्तिकरण की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# संकुल स्तरीय खेलों में सरस्वती विद्या मंदिर का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरस्वती विद्या मंदिर मौंही (सरकाघाट) में आयोजित संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर संधोल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में छह विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें संधोल विद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में कई प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किए। प्रतियोगिता में अक्षिता ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम, एकल बैडमिंटन और लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खुशबू ने लंबी कूद और 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। नक्ष ने लंबी कूद तथा 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गुरप्रीत ने 100 मीटर दौड़ और ऊंची कूद में प्रथम स्थान हासिल किया। तन्वी और अक्षित ने गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्तिक ने 400 मीटर दौड़ में द्वितीय तथा शिवांगी ने गोला फेंक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार जम्वाल और प्रबंधक होशियार सिंह भरमौरिया ने विजेता विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा विद्यालय की आचार्या दीदियों को बधाई दी।

# 500 से अधिक मरीजों का फ्री उपचार

## बेटा राम फाउंडेशन के दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का भव्य समापन

अनंत ज्ञान

**लडभड़ोल।** बेटा राम फाउंडेशन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, आश्रित एवं जरूरतमंद लोगों के कल्याण हेतु आयोजित दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का बुधवार को सफल समापन हुआ। इस शिविर में दो दिनों के दौरान 500 से ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श किया गया। शिविर में आए सभी मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। समापन समारोह की अध्यक्षता रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर मोनिका ने की। इस अवसर पर मंच पर बेटा राम फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी ठाकुर प्रेमनाथ, मुख्य सलाहकार सूरज प्रकाश सकलानी, ज्ञान ठाकुर, अंजना ठाकुर, अनिल राणा, इस्माइल खान तथा रंजीत चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनीता कुमारी ने प्रभावशाली ढंग से किया। शिविर में हृदय रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, नाक-कान-गला, मधुमेह, रक्तचाप, फिजियोथेरेपी, त्वचा रोग, होम्योपैथी तथा योग चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों के 11 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। समारोह के दौरान सभी चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह, हिमाचली टोपी एवं मोतियों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया।



### तीन विशिष्ट समाजसेवियों को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**समापन** समारोह का मुख्य आकर्षण समाज सेवा, शिक्षा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले तीन प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों का सम्मान रहा। अमित बरवाल को समाजहित में उनके उल्लेखनीय भूमि दान एवं जनसेवा कार्यों के लिए 'भूमि दान गौरव सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। ठाकुर अमर सिंह चौहान को जनकल्याण एवं सामाजिक विकास हेतु उनके सराहनीय भूमि दान योगदान के लिए 'जनकल्याणकारी भूमि दान सेवा सम्मान-2026' प्रदान किया गया। वहीं शिक्षा और मानवता की सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए अशोक जमवाल को बेटा राम फाउंडेशन के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान 'ह्यूमैनिटी एंड एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड-2026' से अलंकृत किया गया। सम्मानित व्यक्तित्वों ने इस सम्मान को समाज के प्रति अपने दायित्वों की प्रेरणा बताते हुए बेटा राम फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

# अपराधियों के हौसले बुलंद प्रदेश सरकार मौन : अतुल

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता अतुल ठाकुर ने प्रदेश में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार के शासनकाल में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हत्या, गोलीबारी, महिलाओं के विरुद्ध अपराध तथा नशे से जुड़े मामलों में बढ़ोतरी ने आम नागरिकों के मन में भय और असुरक्षा का वातावरण पैदा कर दिया है। अतुल ठाकुर ने कहा कि हाल ही में राजधानी शिमला में एक महिला की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। इससे पूर्व मंडी जिले की बेटी सिया गुलेरिया की निर्मम हत्या ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया था। ऐसी घटनाएं हिमाचल जैसे शांतिप्रिय राज्य की छवि को धूमिल कर रही हैं और प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अपराध होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी करना पुलिस की सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन सरकार की वास्तविक जिम्मेदारी अपराधों को रोकने, अपराधियों में कानून का भय स्थापित करने तथा नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की होती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्तमान सरकार इस दिशा में अपेक्षित परिणाम देने में असफल रही है। अतुल ने कहा कि लगातार सामने आ रही घटनाओं से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि अपराधी तत्वों के हौसले बुलंद हैं। महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं को नशे के जाल से बचाने तथा संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जिस दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है, उसका अभाव वर्तमान सरकार में दिखाई देता है।

**वन संरक्षण** राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत मंडी वन वृत्त को 1.24 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित

# सुक्खू सरकार वन संरक्षण संग समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध


अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** हिमालय की गोद में बसा हिमाचल अपनी अपार वन संपदा के लिए विख्यात है। प्रदेश सरकार द्वारा वन संसाधनों के संरक्षण, सुरक्षा एवं सतत प्रबंधन के उद्देश्य से विभिन्न विकासात्मक एवं संरक्षणात्मक गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं।

इनका मुख्य उद्देश्य पारिस्थितिक संतुलन बनाये रखना तथा जन सहभागिता को सुदृढ़ करना है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर शुरू की गई राजीव गांधी वन संवर्द्धन योजना सहित अनेक योजनाएं एवं कार्यक्रम वन संपदा की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

पूरे प्रदेश सहित मंडी जिला में भी इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। मंडी वन वृत्त के अंतर्गत जिला मंडी का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 3950 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें से लगभग 1887 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र वन अच्छादित है, जो कुल क्षेत्रफल का करीब 47.77 प्रतिशत है। वन वृत्त मंडी में राजीव गांधी वन संवर्द्धन योजना के अन्तर्गत वन विकास एवं आजीविका संवर्द्धन में स्थानीय समुदायों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य हरित आवरण में वृद्धि, वन आधारित आजीविका को सुदृढ़ करना तथा स्थानीय लोगों में स्वामित्व की भावना विकसित करना है।

लाभार्थियों की सहभागिता से पौधरोपण, वन भूमि सुधार एवं संबंधित गतिविधियाँ क्रियान्वित की जा रही हैं। योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 121.5 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए कार्य स्वीकृत किए गए,



जिनके लिए लगभग एक करोड़ 24 लाख 20 हजार रुपए की वित्तीय राशि आवंटित की गई। इस दौरान 102.5 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण कार्य पूर्ण किया गया तथा लगभग एक करोड़ से अधिक की वित्तीय उपलब्धि अर्जित की गई। योजना के अन्तर्गत 74 महिला मंडल व युवक मंडलों को लाभान्वित कर 1,22,857 पौधे/पालियों का वितरण किया गया।

वृत्त के अंतर्गत पांच वन मंडलों में ईको-पर्यटन परिसंपत्तियों का अनुरक्षण एवं उन्नयन किया गया। वनों की आग की रोकथाम के दृष्टिगत फायर लाइनों का निर्माण एवं रख-रखाव तथा सामुदायिक सहभागिता से संबंधित कार्य 315 किमी क्षेत्रों पर किए गए। वन संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन एवं समावेशी विकास की दिशा में 'सुक्खू सरकार' के यह प्रतिबद्ध प्रयास पर्यावरणीय स्थिरता एवं सामुदायिक कल्याण में सकारात्मक योगदान दे रहे हैं।

### 861 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण

**जल** संग्रहण संरचनाओं के अंतर्गत 61 जल तालाबों का निर्माण किया गया जिनकी कुल जल धारण क्षमता 61 हजार घन मीटर है। पौधरोपण, पुनर्जनन एवं वन संसाधनों की सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष प्रयास करते हुए लगभग 861 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण किया गया। वन वृत्त मंडी में वन अधिकार अधिनियम-2006 (एफआरए) के तहत वर्ष 2025-26 में 59 प्रकरण स्वीकृत कर लगभग 21 हेक्टेयर क्षेत्र आवंटित किया गया।

### वर्ष 2024-25 में विभाग ने कमाए 7.43 करोड़

**पर्यावरण** संरक्षण एवं जलवायु स्वच्छ बनाए रखने में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वहीं, वन संपदा के माध्यम से आय अर्जित करने के भी बेहतर साधन सृजित हो रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान वन विभाग द्वारा विभिन्न स्त्रोतों से लगभग 7 करोड़ 42 लाख 55 हजार रुपए का राजस्व अर्जित किया गया। प्रमुख वन उपज के अंतर्गत लगभग 7712 घन मीटर औद्योगिक लकड़ी का उत्पादन किया गया, जिसमें देवदार, चीड़, कैल, फर/स्प्रूस तथा अन्य चौड़ी पत्ती प्रजातियां शामिल हैं। इनसे लगभग 4 करोड़ 42 लाख 71 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। लघु वन उपज के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिरेजा, औषधीय जड़ी-बूटी एवं अन्य लघु उत्पादों से महत्वपूर्ण उत्पादन एवं राजस्व अर्जित किया गया, जिसका कुल मूल्य 5 करोड़ 33 लाख रुपए से अधिक रहा।

आहार, स्वप्न (नींद) और ब्रह्मचर्य इस शरीर के तीन स्तंभ हैं।
-महर्षि चरक

## संपादकीय

# अखबार पर खाना घातक

चाय की चुस्कियों के साथ गर्मागर्म समोसा, पकौड़े, जलेबी या टिक्की खाना अधिकांश लोगों की दिनचर्या का हिस्सा है। सड़क किनारे ढाबों, चाय की दुकानों और रेहड़ी-फड़ी वालों के यहां यह दृश्य आम तौर पर देखा जा सकता है लेकिन स्वाद और सुविधा के इस मेल के पीछे एक ऐसा खतरा छिपा हुआ है, जिससे अधिकांश लोग अनजान हैं। यह खतरा है खाद्य पदार्थों को अखबार या अन्य मुद्रित कागजों में लपेटकर देने की प्रथा। वर्षों से चली आ रही यह आदत न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, अपितु खाद्य सुरक्षा नियमों का भी खुला उल्लंघन है।

हम अक्सर जाने-अनजाने अपनी सेहत के साथ समझौता कर बैठते हैं। कई बार स्वाद और सुविधा के आगे स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां गौण हो जाती हैं। अखबार में लिपटे खाद्य पदार्थों को खाना भी ऐसी ही एक लापरवाही है। अधिकांश लोग यह नहीं जानते कि अखबारों में इस्तेमाल होने वाली स्याही और मुद्रित रंगों में अनेक प्रकार के रासायनिक तत्व मौजूद होते हैं। जब गर्म खाद्य पदार्थ इन कागजों के सीधे संपर्क में आते हैं तो ये रसायन भोजन में मिल सकते हैं और शरीर के भीतर पहुंचकर स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

हिमाचल उपभोक्ता संरक्षण परिषद ने राज्य में खाद्य सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू करने की मांग उठाकर नेक काम किया है। प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग को चाहिए कि वह विशेष निरीक्षण अभियान चलाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करे। यह पहल स्वागत योग्य है क्योंकि यह सीधे तौर पर आम जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ विषय है।

हिमाचल प्रदेश में पॉलीथिन के उपयोग पर लंबे समय से प्रतिबंध लागू है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से यह एक सराहनीय कदम था। हालांकि, इसके बाद कई दुकानदारों और रेहड़ी-फड़ी संचालकों ने विकल्प के रूप में अखबारों और पुराने मुद्रित कागजों का इस्तेमाल शुरू कर दिया। धीरे-धीरे यह एक सामान्य प्रथा बन गई। आज भी प्रदेश के अनेक बाजारों में खाद्य पदार्थ अखबारों में लपेटकर दिए जाते हैं। कई स्थानों पर तो इन्हें सीधे अखबार के पन्नों पर रखकर परोसा जाता है।

यह स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) स्पष्ट रूप से खाद्य पदार्थों के लिए अखबार और अन्य मुद्रित कागजों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा चुका है। इसके पीछे वैज्ञानिक कारण हैं। अखबारों में प्रयुक्त स्याही में खनिज तेल, रंजक, रसायन और अन्य हानिकारक तत्व मौजूद हो सकते हैं। इसके अलावा अधिकांश मुद्रित कागज पुनर्चक्रत सामग्री से तैयार किए जाते हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार के दूषित तत्व भी हो सकते हैं। गर्म भोजन के संपर्क में आने पर ये रसायन भोजन में घुलने लगते हैं और सीधे मानव शरीर तक पहुंच जाते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय तक ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करने से पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याएं, पेट में संक्रमण, एलर्जी तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों के लिए यह खतरा और भी अधिक गंभीर हो सकता है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अधिकांश उपभोक्ता इस विषय में जागरूक नहीं हैं और दुकानदार भी इसे गंभीरता से नहीं लेते।

प्रश्न यह है कि जब नियम स्पष्ट हैं तो उनका पालन क्यों नहीं हो रहा? इसका उत्तर कहीं न कहीं सुविधा और मुनाफे की मानसिकता में छिपा है। सुरक्षित पैकेजिंग सामग्री का उपयोग करने पर कुछ अतिरिक्त खर्च आता है, जबकि पुराने अखबार बेहद सस्ते या कई बार मुफ्त में उपलब्ध हो जाते हैं। इसी कारण अनेक दुकानदार नियमों की अनदेखी करते हैं, लेकिन कुछ रुपए बचाने की यह प्रवृत्ति उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ से कम नहीं है। ऐसे में प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। केवल नियम बना देना पर्याप्त नहीं होता, उनका प्रभावी क्रियान्वयन भी आवश्यक है। पूरे प्रदेश में विशेष निरीक्षण अभियान चलाए जाने चाहिए। खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई की दुकानों, ढाबों और रेहड़ी-फड़ी संचालकों की नियमित जांच होनी चाहिए। जो लोग नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। भारी जुर्माने और लाइसेंस संबंधी कार्रवाई से ही इस प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

हो सकता है कि कई छोटे दुकानदारों को शायद नियमों की पूरी जानकारी न हो, इसलिए प्रशासन को पहले उन्हें जागरूक करना चाहिए और सुरक्षित पैकेजिंग के विकल्प उपलब्ध कराने चाहिए। इसके बाद भी यदि उल्लंघन जारी रहता है तो कठोर कार्रवाई में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। उपभोक्ताओं की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। यदि ग्राहक स्वयं जागरूक होंगे और अखबार में लपेटे गए खाद्य पदार्थ लेने से इनकार करेंगे, तो दुकानदारों को अपनी आदत बदलनी पड़ेगी।

## आज की प्रमुख हस्ती

### आरएसएस के पांचवें सरसंघचालक

**कुप्पाहाली** सीतारमैया सुदर्शन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पांचवें सरसंघचालक थे। उनका जन्म 18 जून 1931 को तत्कालीन मध्यप्रदेश (वर्तमान छत्तीसगढ़) के रायपुर में हुआ था। उनका मूल परिवार कर्नाटक-तमिलनाडु सीमा पर स्थित कुप्पहल्ली गांव से संबंधित था। उन्होंने जबलपुर के सागर विश्वविद्यालय से दूरसंचार अभियांत्रिकी में बीई की उपाधि प्राप्त की और वर्ष 1954 में पूर्णकालिक संघ प्रचारक बने। आजीवन अविवाहित रहकर उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र और संगठन को समर्पित किया।



केएस सुदर्शन
**जन्म :** 18 जून, 1931
**मृत्यु :** 15 सितंबर, 2012

सुदर्शन बचपन से ही संघ से जुड़े रहे और महज नौ वर्ष की आयु में पहली बार शाखा में गए। संगठन में उन्होंने जिला प्रचारक, प्रांत प्रचारक, अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख, बौद्धिक प्रमुख, सह सरकार्यवाह और महासचिव जैसे अनेक महत्वपूर्ण दायित्व निभाए। वे बहुभाषी, कुशल वक्ता, चिंतक और लेखक थे। संघ के बौद्धिक तथा शारीरिक कार्य, मों को आधुनिक स्वरूप देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

10 मार्च 2000 को उन्हें संघ का पांचवां सरसंघचालक नियुक्त किया गया। उन्होंने संगठन विस्तार, वैचारिक स्पष्टता और राष्ट्रवादी चिंतन को नई दिशा देने का कार्य किया। नौ वर्ष बाद 21 मार्च 2009 को उन्होंने स्वेच्छा से पद छोड़ते हुए मोहन भागवत को सरसंघचालक का दायित्व सौंपा।

15 सितंबर 2012 को रायपुर में हृदयाघात से उनका निधन हो गया। निधन से पूर्व उन्होंने अपनी आंखें दान कर समाजसेवा का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया।



कविता

### हत्था किस्मत

राज कुमार कौंडल, गांव व डा. अमरपुर, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

**नवें** नवें बने प्रधाना मेम्बरां जो बधाई,
तिने जे लोकां रे अणमूल्ले वोटा री दात पाई।
हूण सारे जितने वाले इसा गल्ला रा रखयो ध्यान,
बेकार ना जाए किसी रा मतदान भाई।
हूण मलेखा नी करना,सब्बी रा करना मान,
किन्ने वोट दित्तया मिजों किन्ने नी वोट पाई।
हूण सारे इलाके री डोर इ तुसारे हत्थ,
से जे किते रे वादे तीनां जो रखयों चेते भाई।
एडा नी बोलना की पचायता च पैसा ई निया,
ऐ पुराने सड़ी रे बहाने नी लाणे मेरे भाई।
जियां जे कित्या था प्रचार जोरा शोरा कने,
तेड़े जोरा शोरा कन्ने कम्मा रा रखना चेता भाई।
ऐ इलेक्शन पंजा पंजा सालां री बारी नी,
लोकें तुसा रे हत्था अपनी किस्मत दिती थमाई।

# टेलीग्राम नहीं, परीक्षा तंत्र की विफलता असली चुनौती



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, सोलन

हाल के वर्षों में देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) से जुड़ी अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं ने शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। जब भी किसी परीक्षा का प्रश्नपत्र सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने की खबर सामने आती है, तब सबसे पहले जिस माध्यम का नाम चर्चा में आता है, वह है टेलीग्राम।

इसके बाद यह मांग उठने लगती है कि टेलीग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया जाए, लेकिन क्या वास्तव में किसी एक डिजिटल मंच पर प्रतिबंध लगाने से इतनी जटिल समस्या का समाधान हो जाएगा? इस प्रश्न का उत्तर सरल नहीं है। टेलीग्राम एक लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म है, जिसका उपयोग दुनियाभर में करोड़ों लोग शिक्षा, व्यवसाय, सूचना के आदान-प्रदान और सामुदायिक संवाद के लिए करते हैं। भारत में भी लाखों विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए टेलीग्राम चैनलों और समूहों का उपयोग करते हैं। अध्ययन सामग्री, नोट्स, प्रश्नपत्रों का विश्लेषण, वीडियो व्याख्यान और विभिन्न शैक्षणिक संसाधन बड़ी संख्या में इसी माध्यम से साझा किए जाते हैं। ऐसे में पूरे मंच को प्रतिबंधित करने की मांग कई व्यावहारिक और नैतिक प्रश्न भी उत्पन्न करती है।

पेपर लीक की समस्या का मूल कारण टेलीग्राम नहीं है, बल्कि परीक्षा संचालन प्रणाली में मौजूद कमजोरियां हैं। यदि किसी प्रश्नपत्र तक परीक्षा से पहले अनधिकृत व्यक्तियों की पहुंच बन जाती है, तो इसका अर्थ है कि सुरक्षा व्यवस्था के किसी चरण में गंभीर चूक हुई है। प्रश्नपत्र की छपाई, परिवहन, भंडारण, वितरण तथा परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने की प्रक्रिया में कई स्तर शामिल होते हैं। यदि इन स्तरों पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तो सूचना किसी भी माध्यम से बाहर पहुंच सकती है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि टेलीग्राम केवल एक माध्यम है। यदि उस पर प्रतिबंध लगा भी दिया जाए, तो दुरुपयोग करने वाले लोग अन्य प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सऐप, सिग्नल, डिस्कॉर्ड, ई-मेल, क्लाउड स्टोरेज सेवाओं अथवा नए डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर सकते हैं। तकनीकी दुनिया में किसी एक मंच को बंद करना समस्या का स्थायी समाधान नहीं माना जाता। इतिहास बताता है कि जब भी किसी तकनीक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया, उपयोगकर्ता वैकल्पिक साधनों की ओर स्थानांतरित हो गए। हालांकि, इसका यह अर्थ भी नहीं है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म की कोई जिम्मेदारी नहीं है। टेलीग्राम जैसे मंचों को कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग करना चाहिए।

यदि किसी चैनल या समूह का उपयोग अवैध गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, तो उसकी पहचान कर उसे बंद करने, संबंधित डेटा को संरक्षित रखने तथा जांच एजेंसियों को आवश्यक सहायता प्रदान करने की व्यवस्था होनी चाहिए। सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े नियमों के अंतर्गत प्लेटफॉर्म की जवाबदेही तय करना आवश्यक है। नीट जैसी परीक्षाओं के संदर्भ में सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक सुरक्षित बनाने की है। प्रश्नपत्रों के निर्माण और वितरण की प्रक्रिया को एक्रिप्टेड डिजिटल प्रणाली से जोड़ना, अंतिम समय में प्रश्नपत्र डाउनलोड की व्यवस्था, सीमित और सत्यापित पहुंच, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण तथा प्रत्येक चरण का डिजिटल ऑडिट जैसे उपाय अपनाए जा सकते हैं। इससे लीक की संभावना काफी हद तक कम की जा सकती है।

इसके अतिरिक्त, परीक्षा से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करना भी अत्यंत आवश्यक है। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या भ्रष्टाचार पाया जाता है, तो त्वरित और कठोर दंड का प्रावधान होना चाहिए। कई विशेषज्ञों का मानना है कि पेपर लीक की घटनाओं में अंदरूनी मिलीभगत की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए केवल तकनीकी समाधान पर्याप्त नहीं होंगे; प्रशासनिक सुधार भी उतने ही आवश्यक हैं।

कानूनी दृष्टि से भी प्रश्न महत्वपूर्ण है। भारत का संविधान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और व्यवसाय की स्वतंत्रता जैसे अधिकार प्रदान करता है। किसी डिजिटल मंच पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय तभी उचित माना जा सकता है, जब वह अनुपातिक, आवश्यक और व्यापक सार्वजनिक हित में हो। यदि समस्या कुछ सीमित समूहों और चैनलों तक सीमित है, तो पूरे मंच को बंद करना लाखों वैध उपयोगकर्ताओं के अधिकारों को प्रभावित कर सकता है।

टेलीग्राम आज लाखों विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण शैक्षणिक मंच है, जहां उन्हें नि:शुल्क अध्ययन सामग्री और मार्गदर्शन प्राप्त होता है। इसलिए केवल प्रतिबंध को समाधान नहीं माना जा सकता। आवश्यकता इस बात की है कि परीक्षा सुरक्षा को मजबूत किया जाए, साइबर निगरानी बढ़ाई जाए और पेपर लीक जैसे अपराधों में शामिल नेटवर्क पर कठोर कार्रवाई की जाए। विद्यार्थियों में डिजिटल जागरूकता भी विकसित करनी होगी ताकि वे फर्जी 'लीक पेपर' और ऑनलाइन ठगी से बच सकें। वास्तविक समाधान टेलीग्राम पर प्रतिबंध नहीं, बल्कि पारदर्शी, सुरक्षित और विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली का निर्माण है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



# महिला सुरक्षा...कानून से आगे सामाजिक चेतना की चुनौती



मोती राम चौहान
करसोग, मंडी (हि.प्र.)

स्वतंत्रता के अमृतकाल के बाद भी भारतीय समाज के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि हमारी बेटियां, बहनें और माताएं कब पूरी तरह सुरक्षित महसूस करेंगी? सख्त कानूनों, आधुनिक तकनीक और प्रशासनिक प्रयासों के बावजूद महिलाओं के खिलाफ अपराधों का सिलसिला पूरी तरह थम नहीं पाया है। हाल के वर्षों में सामने आए कई चर्चित मामलों ने यह चिंता और गहरी कर दी है कि महिला सुरक्षा केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक, प्रशासनिक और नैतिक चुनौती भी है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के आंकड़ों के अनुसार, देश में प्रतिवर्ष 4.45 लाख से अधिक महिलाओं के विरुद्ध अपराध दर्ज होते हैं। इसका अर्थ है कि औसतन हर घंटे लगभग 51 एफआईआर दर्ज की जाती हैं। इनमें सबसे बड़ा हिस्सा पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता अर्थात घरेलू हिंसा का है, जो कुल मामलों का लगभग 31 प्रतिशत है। इसके बाद महिलाओं की शालीनता को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से किए गए हमले, अपहरण और यौन अपराधों के मामले आते हैं।


राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के अनुसार 18 से 49 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 31.2 प्रतिशत विवाहित महिलाओं ने अपने जीवन में कभी न कभी शारीरिक, मानसिक या यौन हिंसा का सामना किया है। यह तथ्य दर्शाता है कि महिलाओं के लिए खतरा केवल सार्वजनिक स्थानों तक सीमित नहीं है, बल्कि घर की चारदीवारी के भीतर भी मौजूद है।

महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार और न्यायपालिका ने समय-समय पर महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वर्ष 2013 में निर्भया कांड के बाद आपराधिक कानून में संशोधन कर पीछा करना और तांक-झांक जैसे कृत्यों को संज्ञेय अपराध बनाया गया। 2015-16 में वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन 181 की शुरुआत हुई, जहां पीड़ित महिलाओं को चिकित्सा, कानूनी सहायता और परामर्श एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाने लगा। 2018 में 12 वर्ष से कम आयु की बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामलों में मृत्युदंड का प्रावधान जोड़ा गया। इसके अलावा साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों की स्थापना से भी न्याय प्रक्रिया को गति देने का प्रयास किया गया है। फिर भी सख्त कानूनों के बावजूद महिलाओं में भय की भावना पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी है। इसका प्रमुख कारण प्रशासनिक और संस्थागत कमियां हैं।

कई मामलों में पुलिस आरोप पत्र तो समय पर दाखिल कर देती है, लेकिन न्यायिक प्रक्रिया लंबी होने, गवाहों के मुकर जाने और दोषसिद्धि दर कम रहने के कारण पीड़िताओं का भरोसा कमजोर पड़ता है। एक अन्य महत्वपूर्ण चुनौती पुलिस बल में महिलाओं की कम भागीदारी है। वर्तमान में देश के पुलिस बल में महिला कर्मियों की संख्या लगभग 12 प्रतिशत के आसपास है। थानों में महिला अधिकारियों की कमी के कारण अनेक महिलाएं शिकायत दर्ज कराने में झिझक महसूस करती हैं। इसके अतिरिक्त निर्भया फंड के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं का पूरा बजट समय पर खर्च न हो पाने से सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट और अन्य सुरक्षा ढांचे का विस्तार अपेक्षित गति से नहीं हो पाता। महिला सुरक्षा के लिए केवल सख्त कानून पर्याप्त नहीं हैं। प्रशासन, न्यायपालिका और समाज को मिलकर प्रभावी व्यवस्था बनानी होगी। पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, महिला सहायता डेस्क को सशक्त करने तथा फास्ट ट्रैक अदालतों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

साथ ही, परिवार और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और संवेदनशीलता की भावना विकसित करनी होगी। वास्तविक सुरक्षा तभी संभव है, जब हर महिला बिना किसी भय के स्वतंत्र और सम्मानजनक जीवन जी सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**




# योग : साधना में सम्मान का महत्व और योगसूत्र के आलोक में इसकी प्रासंगिकता



श्री श्री रवि शंकर
आध्यात्मिक गुरु

विश्व योग दिवस पर जब हम योग की चर्चा करते हैं, तो प्रायः हमारा ध्यान आसनों, प्राणायाम और शारीरिक स्वास्थ्य पर केंद्रित हो जाता है। निस्संदेह ये योग के महत्वपूर्ण आयाम हैं, लेकिन योग का वास्तविक स्वरूप इससे कहीं अधिक व्यापक है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने की विधि नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और चेतना को परिष्कृत करने का विज्ञान है।

महर्षि पतंजलि ने योगसूत्र में साधना की सफलता का एक महत्वपूर्ण सूत्र दिया है-

'स तु दीर्घकाल नैरन्तर्य सत्कारासेवितो दृढ़भूमिः।'

अर्थात् योग का अभ्यास तब दृढ़ता से स्थापित होता है, जब उसे लंबे समय तक, बिना किसी अंतराल के और आदर-भाव के साथ किया जाए। हममें से अधिकांश लोग जीवन में परिवर्तन तो चाहते हैं, लेकिन उसके लिए आवश्यक निरंतरता नहीं रख पाते। कुछ दिनों तक उत्साहपूर्वक योग, ध्यान या प्राणायाम करते हैं, फिर व्यस्तता, आलस्य या ऊब के कारण उसे छोड़ देते हैं। परिणामस्वरूप साधना का प्रभाव भी क्षीण पड़ जाता है।


जीवन की हर महत्वपूर्ण उपलब्धि समय मांगती है। एक संगीतकार वर्षों तक रियाज करता है, एक खिलाड़ी प्रतिदिन अभ्यास करता है और एक कलाकार अपनी कला को निखारने में लंबे समय तक समर्पित रहता है। यदि बाहरी कौशल विकसित करने में इतना समय और श्रम लगता है, तो मन और चेतना को विकसित करने के लिए धैर्य और निरंतरता की आवश्यकता और भी अधिक है।

योग का उद्देश्य केवल शरीर को लचीला बनाना नहीं, बल्कि मन को वर्तमान क्षण में स्थिर करना है। सामान्यतः हमारा मन अतीत की स्मृतियों और भविष्य की आशंकाओं के बीच भटकता रहता है। योग हमें वर्तमान में लौटना सिखाता है। वर्तमान में स्थित होना ही शांति, संतोष और आंतरिक स्वतंत्रता का आधार है, किंतु पतंजलि केवल अभ्यास की बात नहीं करते। वे 'सत्कारासेवितो' शब्द का प्रयोग करते हैं, जिसका अर्थ है आदर, श्रद्धा और सम्मान के साथ साधना करना। यही वह बिंदु है जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। जब हम किसी नए कार्य को आरंभ करते हैं, तो उसमें उत्साह और सजगता होती है। ध्यान के शुरुआती दिनों में गहराई का अनुभव होता है, प्राणायाम में आनंद आता है और साधना ताजगी प्रदान करती है। लेकिन समय के साथ वह नवीनता कम होने लगती है। अभ्यास बना रहता है, पर उसके प्रति सम्मान कम हो जाता है। तब साधना धीरे-धीरे एक मशीनी क्रिया बन जाती है। यहीं से उसकी शक्ति कम होने लगती है। सम्मान का अर्थ केवल किसी व्यक्ति, परंपरा या पद्धति का सम्मान करना नहीं है। सम्मान का अर्थ है वर्तमान क्षण के प्रति पूर्ण सजगता और कृतज्ञता। जब हम किसी कार्य को आदर के साथ करते हैं, तब हमारा मन पूरी तरह उसमें उपस्थित होता है। यही उपस्थिति साधना को गहराई प्रदान करती है।

जब आप अपने शरीर का सम्मान करते हैं, तब योगासन साधना बन जाते हैं। जब आप अपनी श्वास का सम्मान करते हैं, तब प्राणायाम चेतना को जागृत करने का माध्यम बन जाता है। जब आप अपने मन का सम्मान करते हैं, तब ध्यान सहज रूप से गहरा होने लगता है।

आज जीवन में असंतोष का एक बड़ा कारण यह है कि हमने सम्मान और कृतज्ञता की भावना खो दी है। स्वस्थ शरीर, चलती हुई श्वास, प्रकृति का सौंदर्य, परिवार का स्नेह और जीवन के अनगिनत उपहार हमें इतने स्वाभाविक लगने लगे हैं कि हम उनका मूल्य ही भूल गए हैं। योग हमें कृतज्ञता की ओर लौटाता है। कृतज्ञता से संतोष और संतोष से मन में स्थिरता आती है। ज्ञान के प्रति सम्मान से चेतना जागृत होती है और सजगता बढ़ती है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हमें याद दिलाता है कि योग केवल अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की जागरूक कला है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



# सुरक्षा की पुकार आखिर अनसुनी क्यों रह गई...जवाब कौन देगा?



विनोद कुमार धवन
सेवानिवृत्त, डीआईजी

आज सतलुज में बहुत पानी बह चुका है। समय बीतता गया, घटनाएं घटती रहीं, और अनेक प्रश्न अनुत्तरित रह गए। प्रदेश की जनता सब कुछ देख रही है, समझ रही है, परंतु अपनी स्वाभाविक सहनशीलता के कारण मौन है। एक जिम्मेदार नागरिक तथा पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी होने के नाते मुझे लगता है कि अब कुछ विषयों पर मौन रहना प्रदेश और लोकतांत्रिक संस्थाओं के हित में नहीं होगा।

हाल ही में घटित गोलीकांड की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। कुछ राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा यह कहना कि केवल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को बधाई दी जानी चाहिए, अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और असंवेदनशील प्रतीत होता है। यदि समय रहते पीड़िता द्वारा की गई शिकायतों, 112 हेल्पलाइन पर की गई सूचनाओं तथा विभिन्न माध्यमों से व्यक्त किए गए भय को गंभीरता से लिया जाता, तो संभवतः एक निर्दोष जीवन बचाया जा सकता था। जनता अपराधियों की गिरफ्तारी पर नहीं, बल्कि अपराध की रोकथाम पर पुलिस की सराहना करती है। जब कोई नागरिक बार-बार अपनी जान को खतरा होने की सूचना देता है, तब पुलिस की जिम्मेदारी केवल घटना के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि संभावित अपराध को रोकना भी होती है। इस मामले में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर पर्याप्त निवारक कार्रवाई की गई थी? इसके साथ-साथ प्रदेश की कानून-व्यवस्था और पुलिस प्रशासन को लेकर भी अनेक गंभीर प्रश्न जनता के मन में हैं। थानों और जिलों में संसाधनों की कमी, पुलिस बल का गैर-पुलिस कार्यों में उपयोग, प्रशासनिक निर्णयों में पारदर्शिता का अभाव, आरटीआई व्यवस्था को लेकर उत्पन्न शंकाएं तथा विभागीय स्तर पर बढ़ता केंद्रीकरण-ये सभी विषय जनचर्चा का हिस्सा बन चुके हैं।

प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर सरकार स्वयं लगातार चिंता व्यक्त कर रही है। ऐसे समय में यदि उच्च कार्यालयों के सौंदर्यीकरण, फर्निशिंग तथा अन्य गैर-प्राथमिक खर्चों पर बड़े स्तर पर धन व्यय होता दिखाई देता है, तो स्वाभाविक रूप से जनता प्रश्न पूछेगी। जनता यह जानना चाहती है कि प्राथमिकता पुलिस थानों, कानून-व्यवस्था और जनसुरक्षा को दी जा रही है या नहीं?

पुलिस भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक प्रकरण भी आज तक जनता के मन में एक बड़ा प्रश्न बना हुआ है। यदि दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई नहीं होती, तो इससे कानून के प्रति आम नागरिक का विश्वास कमजोर होता है। कानून का राज तभी स्थापित होगा जब बड़े और प्रभावशाली व्यक्तियों पर भी वही मानदंड लागू हों जो सामान्य नागरिकों पर लागू होते हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी, प्रदेश की जनता ने आपको सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की अपेक्षा के साथ चुना है। आज आवश्यकता है कि कानून व्यवस्था, पुलिस प्रशासन, आरटीआई व्यवस्था तथा सार्वजनिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली से जुड़े सभी प्रश्नों की निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए। लोकतंत्र में संस्थाएं किसी व्यक्ति विशेष से बड़ी होती हैं और उनका संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मेरा उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था की अनावश्यक आलोचना करना नहीं, बल्कि उन विषयों की ओर ध्यान आकर्षित करना है जिन पर गंभीर चिंतन और सुधार की आवश्यकता है। यदि समय रहते इन प्रश्नों का समाधान नहीं किया गया, तो एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते उपलब्ध संवैधानिक और न्यायिक माध्यमों का सहारा लेना आवश्यक हो सकता है।

आशा है कि प्रदेश हित में इन विषयों को गंभीरता से लिया जाएगा तथा जनता के विश्वास को और मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**




अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## केरोलाइन वोज्निएकी खेल अंदाज में

**केरोलाइन** वोज्निएकी डेनमार्क से एक पेशेवर टेनिस खिलाड़ी है। वह ओडेंस, डेनमार्क में 11 जुलाई 1990 को पैदा हुई थी, लेकिन अब वह मोंटे कार्लो, मोनाको में रहती है। केरोलाईन ने अपने कैरियर में 22 एकल और 2 युगल टाइटल जीतें हैं। कैरोलिन 11 अक्तूबर 2010 के बाद से नंबर 1 रैंक टेनिस खिलाड़ी है।



महिला टी20 विश्व कप — इंग्लैंड की लगातार दूसरी जीत, सोफी ने झटके 3 विकेट

# इंग्लैंड ने आयरलैंड को चार विकेट से हराया

**एजेंसी, साउथेम्प्टन**



महिला टी20 विश्व कप-2026 में इंग्लैंड ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इंग्लिश टीम ने साउथेम्प्टन के रोज बाउल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में आयरलैंड को 4 विकेट से हराया। आयरलैंड से मिले 119 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। एमी जोन्स महज 9 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। पिछले मुकाबले में शतकीय पारी खेलनी वाली डैन व्याट भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और 16 रन बनाकर आउट हुईं। एलिस कैप्सी भी सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हुईं। 35 रनों के स्कोर पर 3 विकेट खोकर मुश्किल में दिख रही इंग्लिश टीम की पारी को कप्तान नैट साइवर-ब्रंट और हीथर नाइट ने संभाला। दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 49 गेंदों में 64 रनों की अहम साझेदारी निभाई।

नाइट ने 23 गेंदों में 26 रनों का योगदान दिया, जबकि नैट साइवर 48 रन बनाने के बाद रिटायर्ड आउट हुईं। 48 रनों की अपनी पारी में इंग्लिश कप्तान ने 4 चौके लगाए। फ्रेया केम्प महज 2 रन बनाकर रनआउट हुईं। डैनी गिब्सन 4 और चार्ली डीन चार रन बनाकर नाबाद रहीं और इंग्लैंड को जीत दिलाकर लौटीं। गेंदबाजी में आयरलैंड की तरफ से एमी मग्वायर और ओर्ला प्रेंडरगैस्ट ने 2-2 विकेट अपने नाम किए।

इससे पहले, आयरलैंड ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 118 रन बनाए। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और एमी हंटर महज 6 रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान गैबी लुईस बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। अलाना डेलजेल 18 गेंदों का सामना करने के बाद 14 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, प्रेंडरगैस्ट 18 गेंदों में 26 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। रेबेका स्टोकेल 9 रन ही बना सकीं, जबकि लिआ पॉल 10 रन बनाकर आउट हुईं।

अंत के ओवरों में लुईस लिटिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 15 गेंदों में नाबाद 26 रन बनाए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 5 चौके लगाए। गेंदबाजी में इंग्लैंड की तरफ से सोफी एक्लेस्टोन ने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जबकि चार्ली डीन ने महज 11 रन खर्च करते हुए 2 विकेट झटके। गिब्सन ने भी दो विकेट निकाले। (अनंत ज्ञान)

# श्रीलंका टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान

**एजेंसी, एंटीगा**

◆ अल्जारी जोसेफ और शमार जोसेफ की हुई वापसी

श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और शमार जोसेफ की चोट के बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। वहीं, विकेटकीपर-बल्लेबाज जोशुआ डा सिल्वा और अमीर जंगू को भी दोबारा मौका मिला है।

अल्जारी और शमार पिछले वर्ष भारत और न्यूजीलैंड दौरे के दौरान चोट के कारण टीम से बाहर थे। दोनों ने आखिरी बार 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मुकाबला खेला था। उनकी वापसी से वेस्टइंडीज का तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है, जिसमें केमार रोच और जेडन सील्स भी शामिल हैं। विकेटकीपर की भूमिका में जोशुआ डा सिल्वा की वापसी हुई है। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने हालिया वेस्टइंडीज चैम्पियनशिप में सात पारियों में 413 रन बनाए और प्रतियोगिता के सबसे सफल बल्लेबाज रहे।

वहीं, पिछले दौरे में विकेटकीपिंग करने वाले तेविन इमलाच को मुख्य टीम में जगह नहीं मिली है। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ 18 से 21 जून तक होने वाले चार दिवसीय अभ्यास मैच के लिए वेस्टइंडीज चयन एकादश का कप्तान बनाया गया है।

बाएं हाथ के बल्लेबाज अमीर जंगू भी लंबे समय बाद टेस्ट टीम में लौटे हैं। उन्होंने घरेलू सत्र में सात पारियों में 411 रन बनाकर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि हर टेस्ट सीरीज टीम के लिए अपनी पहचान मजबूत करने और बेहतर बनने का अवसर होती है।

सैमी ने बताया कि खिलाड़ी 12 जून से एंटीगा में चल रहे उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रहे हैं, जिससे टीम को अपनी तैयारी बेहतर करने का अवसर मिल रहा है। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है, जिसमें वेस्टइंडीज फिलहाल नौवें स्थान पर है। पहला टेस्ट 25 से 29 जून और दूसरा टेस्ट 3 से 7 जुलाई तक नॉर्थ साउंड में खेला जाएगा।

**वेस्टइंडीज टेस्ट टीम:** रोस्टन चेस (कप्तान), जोमेल वारिकन (उपकप्तान), जॉन कैम्पबेल, टैगेनरीन चंद्रपॉल, जोशुआ डा सिल्वा (विकेटकीपर), जस्टिन ग्रीव्स, कावेम हॉज, शाई होप, अमीर जंगू, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एंडरसन फिलिप, केमार रोच और जेडन सील्स। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

## फीफा विश्व कप : नॉर्वे ने इराक को 4-1 से हराकर की विजयी शुरुआत

**एजेंसी, बोस्टन।** स्टार स्ट्राइकर एरलिंग हालांड के शानदार दो गोलों की बदौलत नॉर्वे ने फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-आई मुकाबले में मंगलवार को इराक को 4-1 से हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। 28 वर्षों बाद विश्व कप में लौटी नॉर्वे की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पूरे अंक अपने नाम किए। मुकाबले में नॉर्वे ने 29वें मिनट में बढ़त बनाई, जब हालांड ने पहला गोल दागकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि, इराक ने हार नहीं मानी और 39वें मिनट में अयमन हुसैन ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया, लेकिन बराबरी ज्यादा देर नहीं टिक सकी। पहले हाफ के अंत से ठीक पहले इराक की रक्षा पंक्ति की एक बड़ी गलती का फायदा उठाते हुए हालांड ने गलत बैकपास पर तेजी दिखाकर गेंद को जाल में पहुंचाया और नॉर्वे को फिर से बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में नॉर्वे ने खेल पर पकड़ मजबूत बनाए रखी। 76वें मिनट में लियो ओस्टिगार्ड ने कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर टीम का तीसरा गोल किया। इसके बाद अतिरिक्त समय में इराक के खिलाड़ी अयमन के आत्मघाती गोल ने नॉर्वे की जीत पर मुहर लगा दी और मुकाबला 4-1 से समाप्त हुआ। इस जीत के साथ नॉर्वे ने बेहतर गोल अंतर के आधार पर ग्रुप-आई में फ्रांस को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। वहीं इराक को अगले मुकाबले में वापसी के लिए बेहतर प्रदर्शन करना होगा। (अनंत ज्ञान)

## निशानेबाज समर ने 10 और 50 मीटर स्पर्धा में जीते दो स्वर्ण पदक




**अनंत ज्ञान, इंदौर।** इंदौर के युवा निशानेबाज समर प्रताप सिंह ने शिमला में आयोजित द्वितीय प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर और 50 मीटर स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। प्रदेशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच समर ने बेहतरीन एकाग्रता, अनुशासन और सटीक निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में पहला स्थान हासिल किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही इस चैंपियनशिप में उनका प्रदर्शन चर्चा का विषय रहा। समर की इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। उनकी सफलता ने इंदौर के साथ-साथ उनके विद्यालय का नाम भी प्रदेश स्तर पर रोशन किया है। समर के पिता मनमोहन कटोच ने बेटे की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण का यह परिणाम है। उन्होंने बताया कि परिवार ने हमेशा समर को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है और आगे भी पूरा सहयोग मिलेगा। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने समर को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है।

## फिट इंडिया साइक्लोथॉन में उमड़ा जनसैलाब, मांडविया ने किया नेतृत्व

**एजेंसी, मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया विजन को आगे बढ़ाते हुए मुंबई के वर्ली कोस्टल साइकिल ट्रैक पर बुधवार को 'फिट इंडिया साइक्लोथॉन-साइक्लिंग बाय द सी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने किया। साइक्लोथॉन में बड़ी संख्या में फिटनेस प्रेमियों, साइकिल चालकों, युवाओं और नागरिकों ने भाग लेकर स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। डॉ. मांडविया ने साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और प्रतिभागियों के साथ साइकिल यात्रा में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार फिटनेस को जन आंदोलन बनाने और सक्रिय जीवनशैली के माध्यम से विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने साइक्लिंग को स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत के लिए उपयोगी बताते हुए इसे टिकाऊ परिवहन का प्रभावी विकल्प बताया। कार्यक्रम में अभिनेता जैकी श्रॉफ, ताहा शाह बदुशा, ऐश्वर्या राज भाखुनी तथा ओलंपियन पहलवान एवं पुलिस उपायुक्त नरसिंह यादव भी शामिल हुए। सभी ने नागरिकों को नियमित व्यायाम और फिटनेस को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। डॉ. मांडविया ने कहा कि फिट इंडिया अभियान के तहत पिछले दो वर्षों में देशभर से लाखों लोगों ने भागीदारी की है, जिससे फिटनेस संस्कृति को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज और समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। फिट इंडिया साइक्लोथॉन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के उस अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने और नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करना है। (अनंत ज्ञान)

# भारत-ए ने अफगानिस्तान-ए को 101 रन से रौंदा

**एजेंसी, दांबुला**




त्रिकोणीय सीरीज के पांचवें मुकाबले में भारत-ए ने अफगानिस्तान-ए को 101 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत-ए ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 319 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान-ए की पूरी टीम 36.5 ओवर में 218 रन पर सिमट गई।

भारत-ए को वैभव सूर्यवंशी और प्रियांश आर्य ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़े। प्रियांश ने 58 रन की आक्रामक पारी खेली, जबकि वैभव 38 रन बनाकर आउट हुए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 30 रन का योगदान दिया। मध्यक्रम में कप्तान तिलक वर्मा और कुमार कुशाग्र ने पारी को संभालते हुए चौथे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। तिलक ने 59 और कुशाग्र ने 58 रन बनाए। अंत में विप्रज निगम ने 30 रन की तेज पारी खेलकर टीम का स्कोर 319 तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान-ए की शुरुआत खराब रही। भारत-ए के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए। बहिर शाह ने 57 और फसील शिनोजादा ने 46 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। भारत-ए की ओर से यश ठाकुर, अंशुल कंबोज, निशांत सिंधु, अनुकूल रॉय और सूर्यांश शेडगे ने महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर भारत-ए ने मुकाबला 101 रन से अपने नाम कर लिया। (अनंत ज्ञान)

# फीफा विश्वकप : अर्जेंटीना ने अलजीरिया को 3-0 से हराया

**एजेंसी, केनसस सिटी (अमेरिका)**

## लियोनेल मैसी की यादगार हैट्रिक



स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी की ऐतिहासिक हैट्रिक की बदौलत मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2026 में अपनी अभियान की शुरुआत अल्जीरिया पर 3-0 से शानदार जीत के साथ की। मेसी ने अपनी पहली विश्व कप हैट्रिक लगाकर जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज के 16 गोलों के सर्वकालिक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

एरोहेड स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में मेसी ने मैच में पहला गोल कर अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई, फिर दूसरे हाफ में दो और गोल दागकर कर मैच पर अपना दबदबा बना लिया। इसी के साथ अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे मेसी ने अपने तीन तीन गोलों के साथ यादगार बना दिया। उनके विश्व कप गोलों की संख्या 16 तक पहुंच गयी और उन्होंने जर्मनी के महान स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोजे के सर्वाधिक विश्व कप गोल के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। मेसी के अंतरराष्ट्रीय करियर की यह 11वीं हैट्रिक थी, लेकिन विश्व कप में उनकी यह पहली हैट्रिक थी। अब वह टूर्नामेंट में एक मैच में तीन गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। दूसरे हाफ के आखिर मैदान से लौट रहे मेसी की अर्जेंटीना के समर्थकों ने जोरदार तालियों से हौसला अफजाई की। अर्जेंटीना ने पूरे मैच में गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, जबकि अल्जीरिया मेसी और उनकी टीम के आक्रमण के सामने बेबस नजर आया। इस जीत के साथ अर्जेंटीना ने ग्रुप-जे में तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल कर लिए। (अनंत ज्ञान)

## एम्बाप्पे के दो गोल की बदौलत फ्रांस ने सेनेगल को 3-1 से हराया

**न्यूयॉर्क।** दो बार की विश्व चैंपियन फ्रांस ने फीफा विश्व कप 2026 में जीत के साथ आगाज किया। ग्रुप-आई के मुकाबले में फ्रांस ने सेनेगल को 3-1 से मात दी। स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे ने दो गोल दागकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पहले हाफ में दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं। दूसरे हाफ में फ्रांस ने आक्रामक खेल दिखाया और 66वें मिनट में माइकल ओलीसे के पास पर एम्बाप्पे ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद ब्रैडली बारकोला ने दूसरा गोल कर फ्रांस की बढ़त 2-0 कर दी। अतिरिक्त समय में सेनेगल के इब्राहिम एमबाये ने एक गोल कर अंतर कम किया, लेकिन 96वें मिनट में एम्बाप्पे ने शानदार गोल दागकर फ्रांस की 3-1 की जीत पक्की कर दी। इस मुकाबले में दो गोल के साथ एम्बाप्पे ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपने गोलों की संख्या 58 पहुंचा दी। विश्व कप में उनके नाम अब 14 गोल हो गए हैं और वह सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी मिरोस्लाव क्लोज़े के रिकॉर्ड से सिर्फ दो गोल पीछे हैं। फ्रांस अब अपने अगले मैच में इराक का सामना करेगा, जबकि सेनेगल नॉकआउट की उम्मीद बनाए रखने के लिए आगामी मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करेगा।

## अन्नामलाई 14 सितंबर को घोषित करेंगे अपनी पार्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व आईपीएस अधिकारी के अन्नामलाई 14 सितंबर को अपनी नई पार्टी के नाम, नीति और संगठन की घोषणा करेंगे। वे नवंबर-दिसंबर में पूरे राज्य का दौरा करेंगे। अन्नमलाई 'वी द लीडर' आंदोलन के जरिए युवाओं को जोड़ रहे हैं। अपने गृहनगर अरावकुरिची में प्रशिक्षण शिविर शुरू किया है। पार्टी के जिला समन्वयकों में 50 साल से छोटे लोग ही होंगे। अन्नामलाई ने 25 अगस्त 2020 को भाजपा ज्वॉइन की थी। उस समय वह कर्नाटक कैडर के पूर्व आईपीएस अधिकारी थे। पार्टी में शामिल होने के तुरंत बाद तमिलनाडु भाजपा का उपाध्यक्ष बनाया गया था। 2021 को उन्हें तमिलनाडु भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अप्रैल 2025 तक इस पद पर रहे। तमिलनाडु में भाजपा के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का अभियान चलाया। (अनंत ज्ञान)

# भारत का डिफेंस प्रोडक्शन 1.78 लाख करोड़ रुपए हुआ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ एक साल में 15.6% बढ़ा

भारत का सालाना डिफेंस प्रोडक्शन 2025-2026 में 1.78 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यह 2024-2025 के 1.54 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 15.6 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, साल 2020-2021 (84,643 करोड़ रुपए) के मुकाबले इसमें 110 प्रतिशत का भारी उछाल आया है। वित्तीय वर्ष 2013-2014 में देश का स्वदेशी रक्षा उत्पादन 43,746 करोड़ रुपए था, जो अब करीब चार गुना बढ़ चुका है।

पीएम मोदी ने भी एक्स पर लिखा कि पिछले 12 सालों में आत्मनिर्भरता, तकनीक, इनोवेशन और स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग के दम पर भारत के रक्षा क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव आया है। इसके साथ ही रक्षा मंत्रालय ने रक्षा सौदों के साथ भारत के प्रमुख हथियारों की सफलता के बारे में भी बताया। भारत अब 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है, जिनमें अमेरिका, फ्रांस और अर्मेनिया प्रमुख हैं।

अमेरिका सबसे बड़ा खरीदार है जहां 2.8 अरब डॉलर के प्रणाली व कल्पुर्जे बोइंग और लॉकहीड मार्टिन जैसी बड़ी कंपनियों को जाते हैं। अर्मेनिया जैसे देश पूरे तैयार हथियार खरीद रहे। सरकार ने 2029-30 तक 50,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है। 2016-17 में यह मात्र 1,522 करोड़ रुपए था, यानी एक दशक से कम समय में इसमें 25 गुना से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद मिले वैश्विक ध्यान ने इस लक्ष्य को और तेज गति देने के संकेत दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

## गुजरात : बस-ट्रक में टक्कर 6 लोगों की मौत, 31 घायल



**एजेंसी, वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में कोटांबी स्टेडियम के पास बुधवार सुबह एक स्लीपर बस और ट्रक की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई। 31 लोग घायल हैं। मृतकों में एक 9 साल का बच्चा भी शामिल है। जानकारी के अनुसार, बालाजी ट्रैवल्स की लग्जरी बस राजस्थान के बांसवाड़ा से सूरत जा रही थी। वडोदरा में बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई यात्री बस में फंस गए। सूचना मिलते ही स्ष्ठ,स्र, ह्ष्ठ,स्र और वडोदरा फायर विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। सभी घायलों को एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। (अनंत ज्ञान)

# पीएम मोदी ने की जर्मन चांसलर से मुलाकात विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने पर जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को फ्रांस के एवियन में जी7 समिट के दौरान जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग को अधिक मजबूत करने के अपने संकल्प को दोहराया। चांसलर मर्ज ने प्रधानमंत्री को इस साल के आखिर में जर्मनी में होने वाली 8वीं भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी बातचीत (आईजीसी) के लिए आमंत्रित किया।

विदेश मंत्रालय के अनुसार नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की और भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी में आई नई गति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, हरित और टिकाऊ विकास, तकनीक, इनोवेशन, शिक्षा और आवाजाही के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। उन्होंने रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप पर हस्ताक्षर और जर्मनी से होकर गुजरने वाले भारतीय नागरिकों के लिए ट्रांजिट वीज़ा छूट को लागू करने का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इनमें पश्चिम एशिया की स्थिति और रूस-यूक्रेन संघर्ष शामिल हैं। उन्होंने पश्चिम एशिया में संघर्ष को खत्म करने के लिए बनी सहमति का भी स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि भारत और जर्मनी 2026 में अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## चांदी 744 और सोना 558 रुपए हुआ सस्ता



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 17 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 744 रुपए गिरकर 2.48 लाख रुपए पर आ गई। इससे पहले इसकी कीमत 2.49 लाख रुपए प्रति किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 558 रुपए गिरकर 1.50 लाख रुपए पर आ गया है। हालांकि, इस साल सोने-चांदी की कीमत बढ़ी है। सोना 2026 में अब तक 17 हजार रुपए महंगा हो चुका है। 31 दिसंबर 2025 को 10द्द सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.50 लाख रुपए पर है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.48 लाख रुपए पर है। (अनंत ज्ञान)

# मानसून की रफ्तार थमी, देश के 40 प्रतिशत हिस्सों में बारिश की कमी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश में मानसून की प्रगति फिलहाल धीमी पड़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, देश के लगभग 40 प्रतिशत हिस्सों में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है। सैटेलाइट तस्वीरों में मध्य और पश्चिम भारत के बड़े क्षेत्रों में बादलों की कमी साफ दिखाई दे रही है। 17 जून को महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक के अधिकांश हिस्सों में आसमान साफ रहा। मानसून की सुस्त चाल का असर वर्षा पर भी पड़ा है। देश के 723 जिलों में से केवल 103 जिलों में ही सामान्य बारिश दर्ज की गई है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में मजबूत लो-प्रेशर एरिया या डिप्रेशन विकसित नहीं होने के कारण मानसून को पर्याप्त गति नहीं मिल पाई है। 4 जून को केरल पहुंचने के बाद मानसून 13 दिनों में 19 राज्यों तक तो पहुंच गया, लेकिन तेलंगाना के भद्राचलम क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से लगभग स्थिर बना हुआ है। इसके कारण छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में मानसूनी बारिश में देरी हो रही है।

मौसम विभाग ने 18 जून को बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में बारिश की संभावना जताई है। वहीं, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा हो सकती है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

19 जून को सिक्किम, उत्तर बंगाल, असम और मेघालय में भारी बारिश का अनुमान है। राजस्थान और मध्य प्रदेश में तेज हवाओं के साथ वर्षा हो सकती है, जबकि झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है कि जेट स्ट्रीम के मौजूदा पैटर्न में बदलाव आने पर मानसूनी हवाएं मजबूत होंगी। अगले चार से पांच दिनों में महाराष्ट्र, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ समेत कई क्षेत्रों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 347 अंक और निफ्टी में 97 अंक चढ़ा

**एजेंसी, मुंबई।** शेयर बाजार में बुधवार यानी 17 जून को बढ़त रही। सेंसेक्स 347 अंक की तेजी के साथ 77,156 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 97 अंक की बढ़त रही, यह 24,086 पर बंद हुआ। आज आईटी, मेटल, सरकारी बैंक और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही। इससे पहले 16 जून को शेयर बाजार में बढ़त रही थी। सेंसेक्स 544 अंक की तेजी के साथ 76,808 पर बंद हुआ था। (अनंत ज्ञान)

अनंत Classifieds

**नाम दुरूस्ती**

**मैं, चंचला,** पत्नी श्री ललित कुमार, निवासी गांव धरवाहण, डाकघर पैरी, तहसील बल्ह, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश, एतद्द्वारा घोषित करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गलतीवश 'चंचल' दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम 'चंचला' है, जो मेरे बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा अन्य आधिकारिक दस्तावेजों में दर्ज है। अतः भविष्य में मुझे सभी अभिलेखों, दस्तावेजों एवं कार्यों के लिए 'चंचला' नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए। 'चंचला' तथा 'चंचल' दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। कृपया सभी संबंधित व्यक्ति एवं विभाग इस संबंध में संज्ञान लें।

**प्राचार्य कार्यालय**
**राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) 175024**

**निविदा सूचना**

सत्र 2026-27 के लिए राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट जिला मंडी की कैंटीन को चलाने के लिए व्यावसायिक खान-पान प्रबन्धकों से (जिनके पास इस सम्बन्ध में कार्य करने का सही अनुभव हो) सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित हैं। ये निविदाएं दिनांक 27.06.2026 दोपहर 2:00 बजे तक या इससे पूर्व राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं उसी दिन दोपहर 3:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा के साथ प्रतिभूति राशि 4000/- रु (केवल चैक के माध्यम से) जो कि प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के नाम हो, जमा करवाना होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं होगी। फार्म तथा नियम एवं शर्तें प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के कार्यालय से प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं।

## कृषि मंत्री के बयान से जैविक खेती कर रहे बागवान हतोत्साहित व निराश आ रहे नजर

# पतलीकूहल किसान मेले में जाजुराना एफपीसी के स्टॉल पर बिफरे मंत्री चंद्र

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** पतलीकूहल में आयोजित किसान मेले के दौरान एक ऐसा वाक्या सामने आया, जिसने सरकार के इन दावों की पोल खोलकर रख दी है। मेले में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगाए गए 'जाजुराना एफपीसी' के स्टाल पर पहुंचे कृषि मंत्री जैविक खेती के पक्ष में नजर नहीं आए, बल्कि उन्होंने इस मुहिम से जुड़े लोगों के प्रयासों को सरेआम नकार दिया।

किसान मेले में जब कृषि मंत्री जाजुराना एफपीसी के स्टाल पर पहुंचे, तो वहां मौजूद संस्था के पदाधिकारियों ने उन्हें बिना केमिकल और कीटनाशकों के तैयार किए गए जैविक उत्पाद और दवाइयां दिखाईं।



पतलीकूहल किसान मेले में पहुंचे कृषि मंत्री चंद्र कुमार। अनंत ज्ञान

संस्था के सदस्यों ने जब मंत्री को यह समझाने का प्रयास किया कि वे बागवानों को कम से कम केमिकल इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं और इसके लिए अलग से पायलट प्लॉट भी तैयार किए गए हैं, तो कृषि मंत्री उन पर भड़क गए। मंत्री ने संस्था के दावों को सिरे से खारिज करते हुए सीधे शब्दों में कहा कि तैयार किया है, लेकिन इंपैक्ट क्या है? आप मुझे तीन स्पेसिफिक जो है, वो पिन प्वॉइंट करके बताओ। अपने साथ। 12-12, 13-13 स्प्रे, 35 स्प्रे करने के बाद ही आपका सेब सरवाइव होता है। आप कैसे एक मीटिंग में सब कुछ कह देंगे? आप मुझे मत समझाओ, ठीक है? एक सेब में 12-12 स्प्रे... आपका सबसे बढ़िया स्प्रे नहीं होता है, तो वो होता है लाहौल और स्पीति। जहाँ पूरा ड्राई है। जहाँ-जहाँ भी मॉइस्चर होगा, स्प्रे के बगैर वो बगीचा चलेगा ही नहीं। नहीं, कोई नहीं... ये सब ऐसे ही ड्रामे हैं। आप बस बंद करो।' मंत्री जी का यह अड़ियल रुख देखकर संस्था के सदस्य अपनी बात भी पूरी नहीं कह पाए और मंत्री जी उन्हें बीच में ही टोककर आगे बढ़ गए।

कृषि मंत्री के इस नकारात्मक रुख के बाद मेले में मौजूद बागवान और संस्था के सदस्य बेहद हतोत्साहित और निराश नजर आए। जाजुराना एफपीसी के अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय और सदस्य बीआर नेगी ने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से घाटी में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उझी घाटी में कई बागवान पहले ही पूरी तरह जैविक पद्धति अपना चुके हैं।

## लाहौल में 'नशा मुक्त सप्ताह' का शुभारंभ, युवाओं को जागरूक करने पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार आज से लाहौल मंडल में 'नशा मुक्त सप्ताह' का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाकर और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक कर की गई। यह अभियान 17 जून से 26 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष अभियान की थीम 'नशा मुक्त भारत अभियान – विकसित भारत की पहचान' रखी गई है, जबकि संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय का विषय 'ब्रेक द साइकल, स्टॉप ऑर्गेनाइज्ड क्राइम' है। सप्ताह के दौरान विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उपमंडलाधिकारी केलांग कुनिका एकर्स ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। नागरिकों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई तथा ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया गया। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों, शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

# अटल सदन में आज से 20 जून तक सजेगा 'हिम रंग षष्टी' नाट्य उत्सव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो कुल्लू।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रेपर्टरी कंपनी, भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश, हिमाचल कला संस्कृति एवं भाषा अकादमी तथा गेयटी ड्रामेटिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में 18 से 20 जून तक अटल सदन सभागार में 'हिम रंग षष्टी' नाट्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय यह उत्सव प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें रंगमंच प्रेमियों को विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा।

यह जानकारी प्रेसवार्ता के दौरान राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रेपर्टरी कंपनी दिल्ली के स्टेज मैनेजर अभिषेक मुद्गल ने दी। उन्होंने बताया कि उत्सव के दौरान नाट्य कला और रंगमंच से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं का रुझान एक बार फिर रंगमंच की ओर बढ़ रहा है। आधुनिक मनोरंजन के अनेक साधनों के बावजूद युवा वर्ग अब लाइव नाटक देखने में रुचि दिखा रहा है, जो रंगमंच के लिए एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह के आयोजन युवाओं को कला और संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रेपर्टरी कंपनी दिल्ली तथा भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्सव की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में रंगमंचीय गतिविधियों को प्रोत्साहित करना, स्थानीय कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर की कला गतिविधियों से जोड़ना है। इस अवसर पर बिहारी लाल शर्मा उप निदेशक निष्पादन एवं ललित कला,अनिल हारटा सहायक निदेशक निष्पादन एवं ललित कला,जिला कुल्लू भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं आयोजकों ने मीडिया प्रतिनिधियों, कला प्रेमियों और आम जनता से नाट्य उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

**आज होगा माई रि मैं कासे कहू नाटक का मंचन :** वीरवार को माई रि मैं कासे कहू नाटक का मंचन होगा। जबकि 19 जून को बाबूजी और 20 को ताजमहल का टेंडर नाटक का मंचन होगा। समय सायं 5 बजे से लेकर 7 बजे तक का रहेगा और सभी नाटकों का मंचन अटल सदन कुल्लू में होगा।

## प्राथमिक शिक्षक संघ कुल्लू बोला टेट में पूछे आउट ऑफ सिलेबस प्रश्न

◆ शिक्षा बोर्ड व सरकार से की 10 ग्रेस अंक प्रदान करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कुल्लू ने 14 जून को आयोजित जेबीटी टेट परीक्षा के गणित विषय के प्रश्नपत्र में पूछे गए अत्यधिक कठिन एवं पाठ्यक्रम से बाहर के प्रश्नों पर कड़ा विरोध जताया है। संघ ने सयुंक्त बयान जारी कर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड एवं प्रदेश सरकार से अभ्यर्थियों के हित में कम से कम 10 ग्रेस अंक प्रदान करने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष कुंज लाल ठाकुर व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि गणित विषय के प्रश्नपत्र में अनेक ऐसे प्रश्न पूछे गए, जिनका संबंध प्राथमिक स्तर की शिक्षा अथवा जेबीटी शिक्षकों के अध्यापन कार्य से नहीं था। प्रश्नों का स्तर इतना अधिक था कि वे उच्च माध्यमिक एवं स्नातक स्तर के गणित से संबंधित प्रतीत हो रहे थे। इससे परीक्षा देने वाले बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों में निराशा और असंतोष व्याप्त है। संघ ने कहा कि जेबीटी शिक्षक प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को आधारभूत शिक्षा प्रदान करते हैं। ऐसे में उनसे इंटीग्रेशन, डिफरेंशिएशन, त्रिकोणमिति तथा अन्य उच्च स्तरीय गणितीय अवधारणाओं से जुड़े प्रश्नों की अपेक्षा करना तर्कसंगत नहीं है। परीक्षा का उद्देश्य प्राथमिक स्तर के अध्यापन कौशल का मूल्यांकन होना चाहिए, न कि उच्च स्तरीय गणितीय ज्ञान की परीक्षा लेना। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुल्लू का मानना है कि इस प्रकार के प्रश्नों से योग्य अभ्यर्थियों के चयन की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इसलिए परीक्षा की निष्पक्षता और अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी अभ्यर्थियों को कम से कम 10 ग्रेस अंक प्रदान किए जाने चाहिए।

# विधायक ने किया सीवरेज योजना का भूमि पूजन

## अनुराधा बोलीं- केलांग का विकास हमारी प्राथमिकता, मील का पत्थर साबित होगी परियोजना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने आज हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग की बहुप्रतीक्षित केलांग मल निकासी (सीवरेज) योजना का विधिवत भूमि पूजन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। अधिशाषी अभियंता अजय गुप्ता ने विधायक अनुराधा राणा का पारंपरिक रीति से स्वागत किया और परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि आज का दिन लाहौल-स्पीति, विशेषकर केलांग क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि वर्षों से लंबित केलांग सीवरेज योजना का कार्य आखिरकार शुरू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से केलांग तथा बिलिंग क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और क्षेत्र में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि केलांग सीवरेज योजना के साथ-साथ काजा सीवरेज योजना तथा काजा स्टेडियम परियोजना के कार्य भी शीघ्र आरंभ किए जाएंगे। विधायक ने कहा कि शाकस नाला की सफाई का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है तथा अब प्रशासन और संबंधित विभागों का ध्यान उटी नाला एवं बिलिंग नाला के सुधार और सफाई कार्यों पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में केलांग नगर को स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और क्षेत्र से जुड़े सभी लंबित मुद्दों के समाधान के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि केलांग में पार्किंग की समस्या के स्थायी समाधान हेतु कार्य किया जा रहा है और बहुत जल्द इसका समाधान सामने आएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी आह्वान किया कि वे परियोजना कार्यों की निगरानी करें तथा यदि कहीं गुणवत्ता या निर्माण संबंधी कोई कमी दिखाई दे तो उसकी जानकारी तुरंत उनके संज्ञान में लाएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर जिला एसडीएम कुनिका एकर्स, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दोरजे लाहर्जे, बीडीओ डॉ. विवेक गुलेरिया, जिला परिषद सदस्य शशि किरण, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्यात्सन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



केलांग में सीवरेज योजना का शुभारंभ करतीं विधायक अनुराधा। अनंत ज्ञान

# अधिकारी विकास कार्यों में लाएं तेजी : अनुराधा

## मयाड़ घाटी में निर्माणाधीन पुलों एवं विकास कार्यों का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने मयाड़ घाटी का दौरा कर धोनधल (करपट) नाला, चंगुट नाला तथा उड़गोस नाला में निर्माणाधीन पुलों के कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित विभागों से प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों जलस्तर बढ़ने के कारण धोनधल नाला बाधित हो गया था, जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बहाल कर दिया गया था। वर्तमान में इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों तथा बसों की आवाजाही सुचारु रूप से जारी है।

अनुराधा राणा ने बताया कि चंगुट तथा उड़गोस नालों में पुल निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और आगामी एक-दो दिनों के भीतर इन पुलों को लॉन्च कर दिया जाएगा। वहीं, धोनधल नाले में एबटमेंट क्षतिग्रस्त होने के कारण पुल को वैकल्पिक स्थान पर लॉन्च करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए आवश्यक कार्य आरंभ कर दिया गया है तथा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। दौरे के दौरान उन्होंने भींगी नाला, तमलू नाला सहित विभिन्न स्थानों पर चल रहे कल्वर्ट निर्माण कार्यों तथा करपट गांव में किए जा रहे बाढ़ नियंत्रण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में तेजी लाई जाए, गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सभी परियोजनाओं की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। विधायक ने क्षेत्र के लोगों से भी भेंट कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अनुराधा राणा ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान तथा विकास कार्यों को गति देने के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं और भविष्य में भी जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती रहेगी।



कार्य का निरीक्षण करतीं विधाकय अनुराधा राणा। अनंत ज्ञान

## नशे के खिलाफ मणिकर्ण पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# मुंबई के दो युवक चरस और नकदी के साथ किए गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

◆ पुलिस ने 202 ग्राम चरस 41,000 रुपए की नकदी की बरामद

**ब्यूरो, मणिकर्ण ( कुल्लू )।** प्रदेश के कुल्लू जिले में नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस थाना मणिकर्ण के तहत आने वाली पुलिस चौकी जरी की टीम ने नाकाबंदी के दौरान दो युवकों को भारी मात्रा में चरस और नकदी के साथ दबोचा है।

पकड़े गए दोनों आरोपी देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार, जरी पुलिस की एक टीम ने डुंखरा चौक पर सुरक्षा और नशा तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से एक रणनीतिक नाकाबंदी (नाका) की हुई थी।

इसी दौरान वहां से गुजर रही एक स्कूटी, जिसका पंजीकरण संख्या एचपी 66ए 8026 है, को संदेह के आधार पर चेकिंग के लिए रोका गया। जब पुलिस टीम ने स्कूटी पर सवार दोनों युवकों की तलाशी ली, तो उनके कब्जे से 202 ग्राम चरस (कैनाबिस) बरामद हुई। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से 41,000 रुपए की भारतीय करेंसी (नकदी) भी जब्त की है। आरोपियों की पहचान किशन राज चौहान (उम्र 28 वर्ष), निवासी मुंबई व विक्की चौहान (उम्र 20 वर्ष), निवासी मुंबई के रूप में हुई है।

इस मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस ने बताया कि मणिकर्ण थाना में दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 और 29 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब इस बात का पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों ने यह नशा कहां से खरीदा था और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। इस अवैध नशे के मुख्य स्रोत, पूरी सप्लाई चेन और बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंकेज (नेटवर्क) को खंगालने के लिए आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। मामले में पुलिस का विस्तृत अनुसंधान (जांच) लगातार जारी है।

## मनाली घाटी की सड़कों की खस्ता हालत पर इंटक प्रवक्ता डीआर जोशी ने जताई चिंता

◆ कहा, सड़कों की हालत जल्द सुधारे विभाग

**अनंत ज्ञान, मनाली।** प्रदेश इंटक के प्रवक्ता डीआर जोशी ने मनाली घाटी की सड़कों की दयनीय स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि मनाली-नग्गर-वामतट मार्ग सहित घाटी के अधिकतर संपर्क मार्गों की हालत बेहद खराब हो चुकी है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जोशी ने कहा कि बरसात का मौसम नजदीक है, लेकिन अभी तक सड़कों की मरम्मत और सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने बताया कि मनाली, नग्गर और कुल्लू वामतट मार्ग जगह-जगह से क्षतिग्रस्त है, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि खराब सड़कों के कारण क्षेत्र के किसान और बागवान सबसे अधिक परेशान हैं, क्योंकि फसलों को समय पर मंडियों तक पहुंचाना मुश्किल हो रहा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। डीआर जोशी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ से अपील की कि फसल सीजन शुरू होने से पहले सभी संपर्क मार्गों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों और बागवानों को राहत मिल सके और परिवहन व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

## कुल्लू में चालक-परिचालक महासंघ ने कराया स्व. उमेश शर्मा वॉलीबॉल मेमोरियल स्पर्धा का आयोजन

# मोहर सिंह लगवैली ने अमन ब्रदर्स कुल्लू को हराकर जीती ट्रॉफी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय अर्ध-राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ जिला कुल्लू द्वारा बुधवार को स्वर्गीय उमेश शर्मा वॉलीबॉल मेमोरियल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महासंघ के अध्यक्ष तुले राम ने बताया कि स्व. उमेश शर्मा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रहे थे और उनके योगदान को याद करते हुए पिछले पांच वर्षों से यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

इस वर्ष भी प्रतियोगिता में जिला कुल्लू की विभिन्न टीमों ने भाग लिया, जिसमें महिला और पुरुष दोनों वर्गों की टीमें शामिल रहीं। महासंघ के महासचिव वेद राम ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ हाल ही में सेवानिवृत्त चालक त्रिलोक चंद ठाकुर (वन विभाग) द्वारा किया गया, जबकि समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. लाल सिंह, पूर्व निदेशक मेरा युवा भारत (पूर्व एनवाईकेएस), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित रहे। फाइनल मुकाबला मोहर सिंह लगवैली और अमन ब्रदर्स कुल्लू के बीच खेला गया, जिसमें कड़े संघर्ष के बाद मोहर सिंह लगवैली की टीम ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। इस अवसर पर तुले राम, वेद राम ठाकुर, शिवलाल, चमन लाल, गिरधारी लाल ठाकुर, किशन और दुर्गा दत्त ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी सहयोग की अपील की।

तुले राम ने स्व. उमेश शर्मा को याद करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में चालक-परिचालक महासंघ को नई दिशा मिली। उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में स्पेशल पे 300 से बढ़कर 1000 और वर्दी भत्ता 150 से बढ़कर 300 हुआ। उन्होंने कहा कि उनका योगदान पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न जिलों से आए चालक प्रतिनिधियों और विभागीय कर्मियों ने भी सहयोग किया।



विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

# कुल्लू में नशा मुक्त सप्ताह का शुभारंभ युवाओं ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** 'नशा मुक्त भारत अभियान-विकसित भारत की पहचान' थीम के तहत कुल्लू जिले में 17 से 26 जून तक नशा मुक्त सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने बताया कि 10 दिवसीय अभियान के दौरान छात्रों, युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत सामूहिक शपथ, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं, साइकिल व बाइक रैली, नुक्कड़ नाटक, योग दिवस विशेष सत्र, स्वास्थ्य शिविर, काउंसलिंग और सोशल मीडिया प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

बुधवार को अभियान का शुभारंभ जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने ढालपुर खेल मैदान से सामूहिक शपथ ग्रहण एवं हस्ताक्षर अभियान को हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने युवाओं और आमजन से नशे के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षण संस्थानों, युवा मंडलों, महिला मंडलों, पंचायती राज संस्थाओं और सामाजिक संगठनों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील भी की।

कार्यक्रम में लगभग 350 युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान दौड़, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं तथा विजेताओं को सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों ने स्वयं नशा मुक्त रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से भी लोगों ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अधिकारियों ने बताया कि सप्ताह भर जिले में मिनी मैराथन, खेल प्रतियोगिताएं, जागरूकता रैलियां, शपथ ग्रहण और अन्य सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का समापन 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस पर जिला स्तरीय समारोह और स्वयंसेवकों के सम्मान के साथ होगा।



वॉलीबॉल और बास्केटबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की। अनंत ज्ञान

# महिला कर्मचारी ने जूनियर इंजीनियर पर लगाया यौन उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी का आरोप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला स्थित डीआरडीए कार्यालय में महिला कर्मचारी के यौन उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित महिला कर्मी की लिखित शिकायत पर महिला पुलिस थाना कुल्लू ने आरोपित वरिष्ठ कर्मचारी के खिलाफ प्रताड़ना और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि डीआरडीए विभाग में कार्यरत जूनियर इंजीनियर उसे कई महीनों से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। इस घटना के बाद से ही पीड़ित महिला और उसका पूरा परिवार बेहद डरा और सहमा हुआ है।

शिकायतकर्ता महिला के अनुसार आरोपित अधिकारी छह जनवरी से लगातार उसका पीछा कर रहा था। वह कार्यालय और बाहर उस पर अनुचित तथा यौन संबंधी मांगें मानने का लगातार दबाव बना रहा था। महिला कर्मचारी ने कई बार उसे अपनी हरकतों से बाज आने की सख्त चेतावनी भी दी थी। आरोप है कि जब महिला ने जूनियर इंजीनियर की इन गलत मांगों को पूरी तरह ठुकरा दिया, तो वह अभद्र व्यवहार पर उतर आया। आरोपित ने कार्यालय परिसर में ही महिला के खिलाफ अत्यंत अशोभनीय और अश्लील भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया, जिससे माहौल खराब हुआ।पीड़िता और उसके पति को दी जान से मारने की धमकी बात यहीं खत्म नहीं हुई, आरोपित जूनियर इंजीनियर ने हदें पार करते हुए पीड़ित महिला और उसके पति को जान से मारने की सीधी धमकियां भी दे डालीं। खुद को फंसता देख आरोपित ने पीड़ित परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने और नौकरी से निकलवाने का डर भी दिखाया। इस बर्ताव से तंग आकर आखिरकार पीड़िता ने हिम्मत जुटाई और मामले की लिखित रिपोर्ट सीधे कुल्लू महिला पुलिस थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज करने के बाद विभिन्न कानूनी धाराओं के तहत कार्रवाई को आगे बढ़ा दिया है। महिला पुलिस थाना कुल्लू की एक विशेष टीम ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अपनी जांच तेज कर दी है। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कार्यालय के अन्य कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाएगी ताकि घटना से जुड़े पुख्ता साक्ष्य जुटाए जा सकें। महिला उत्पीड़न के इस केस की गहनता से तफ्तीश की जा रही है।

# घर पर दिए जाने वाले होम प्रोग्राम के नियमित पालन पर दिया जोर

## ऑक्यूपेशनल थैरेपी ले रहे बच्चों के अभिभावकों की बैठक आयोजित



ऑक्यूपेशनल थैरेपी सेवाओं को बेहतर बनाने पर केंद्रित रहा कार्यक्रम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** आश चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर कुल्लू में ऑक्यूपेशनल थैरेपी सेवाएं प्राप्त कर रहे बच्चों के अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य अभिभावकों एवं थैरेपी टीम के बीच सहयोग को और अधिक सशक्त बनाना, बच्चों की प्रगति को बेहतर बनाना तथा सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित करना था।

बैठक के दौरान बच्चों के समग्र विकास में अभिभावकों की भूमिका, घर पर दिए जाने वाले होम प्रोग्राम के नियमित पालन का महत्व तथा थेरेपी के बेहतर परिणामों के लिए परिवार और विशेषज्ञों के संयुक्त प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, आने वाले समय में थेरेपी सेवाओं के संचालन हेतु एक संरचित प्रणाली के बारे में भी जानकारी साझा की गई, जिससे प्रत्येक बच्चे को उसकी आवश्यकता के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सहायता सुनिश्चित की जा सके। केंद्र की ओर से कहा गया कि बच्चों की वास्तविक और स्थायी प्रगति तभी संभव है जब थैरेपिस्ट और परिवार समान लक्ष्यों की दिशा में मिलकर कार्य करें। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने अपने विचार साझा किए तथा अपने बच्चों के विकास एवं भविष्य के लिए निरंतर सहयोग और सहभागिता का विश्वास व्यक्त किया। ऐसी थेरेपी प्रणाली विकसित की जा सकती है जो निष्पक्ष, प्रभावी, टिकाऊ तथा बच्चों की आवश्यकताओं पर केंद्रित हो। इस अवसर पर आश अभिभावक समूह के अध्यक्ष राकेश उपाध्याय,अभिभावक समूह से प्रतिनिधि के रूप में कमलेश धीमान एवं अन्य अभिभावक मौजूद रहे।

# सोलन–शलूमना सड़क पर जल निकासी न होने से खतरा

## जलभराव और बारिश का पानी घरों तक पहुंचने से ग्रामीणों का गुस्सा फूटा, स्थिति सुधारने को लेकर आंदोलन की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन को जोड़ने वाला शलूमना सड़क मार्ग पर बारिश के पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से लोकनिर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसको स्थानीय धरोट गांव के ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क पर उचित जल निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात का पानी उनके घरों और आंगनों में घुस रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने कई बार लोक निर्माण विभाग से सड़क किनारे आवश्यक पुलियों और नालियों के निर्माण की मांग की, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। उनका कहना है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। स्थानीय निवासी बिना देवी, रामरतन शर्मा और विद्या दत्त शर्मा ने बताया कि बारिश के दौरान सड़क का पानी सीधे उनके घरों में प्रवेश कर जाता है, जिससे संपत्ति को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया।

ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जल्द ही सड़क पर उचित पुलियों और नालियों का निर्माण नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने जिला प्रशासन से भी मामले में हस्तक्षेप कर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि मानसून का मौसम शुरू हो चुका है और यदि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में हालात और अधिक गंभीर हो सकते हैं।

ग्रामीणों की मांग है कि लोक निर्माण विभाग जल्द से जल्द प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर



सड़क पर बहता बारिश का पानी। अनंत ज्ञान

आवश्यक पुलियों और नालियों का निर्माण करवाए, ताकि बरसात के दौरान लोगों को राहत मिल सके। जिला मुख्यालय सोलन को जोड़ने वाले शलूमना सड़क मार्ग पर बारिश के पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश फैल गया है। इस लापरवाही को लेकर स्थानीय धरोट गांव के लोगों ने लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क किनारे जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण बरसात के दिनों में पानी सीधे रिहायशी इलाकों की ओर बहकर उनके घरों और आंगनों में घुस रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक किसी प्रकार का ठोस समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण स्थिति दिन–प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। हल्की बारिश में भी सड़क का पानी उनके घरों में भर जाता है, जिससे न केवल दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है बल्कि संपत्ति को भी नुकसान पहुंचने का खतरा बना रहता है। धरोट गांव के निवासियों बिना देवी, रामरतन शर्मा और विद्या दत्त शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि हर मानसून में यह समस्या विकराल रूप ले लेती है। पानी की निकासी के लिए न तो नालियों का निर्माण किया गया है और न ही सड़क किनारे पुलियों की उचित व्यवस्था है। इसके चलते सड़क का पूरा पानी ढलान के कारण सीधे उनके घरों की ओर आ जाता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने जिला प्रशासन से भी तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है और कहा है कि मौके का निरीक्षण कर आवश्यक पुलियों एवं नालियों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि मानसून का मौसम शुरू हो चुका है और यदि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में हालात और अधिक भयावह हो सकते हैं।

# किप्स पर हैप्पी क्लासरूम विषय पर सीबीएसई कार्यशाला आयोजित



अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा में सीबीएसई के तत्वावधान में हैप्पी क्लासरूम विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. संजीव मैनरा और प्रधानाचार्या पूनम ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को सकारात्मक, आनंदमय एवं तनाव मुक्त शिक्षण वातावरण के निर्माण हेतु प्रभावी रणनीतियों से अवगत कराना था। कार्यशाला का संचालन सीबीएसई संसाधन व्यक्तियों श्रीमती कविता शर्मा एवं श्रीमती नम्रिता जेम्स ने किया। विभिन्न सहभागितापूर्ण गतिविधियों, समूह चर्चाओं एवं व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से शिक्षकों को विद्यार्थियों के भावनात्मक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास को प्रोत्साहित करने के उपायों से परिचित कराया गया। कार्यशाला में कक्षा में सकारात्मक संबंधों, विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता तथा समग्र कल्याण को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया।

यह कार्यक्रम शिक्षकों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ। विद्यालय परिवार ने संसाधन व्यक्तियों एवं सभी प्रतिभागियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सोलन नगर निगम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यशाला आयोजित हुई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर निगम सोलन ने 'सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2026' विषय पर बल्क वेस्ट जनरेटर्स के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसका उद्देश्य होटलों, शिक्षण संस्थानों और अन्य बड़े संस्थानों को कचरा प्रबंधन के नए नियमों व वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी देना था। नगर निगम आयुक्त एकता कापटा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशेषज्ञों ने कचरे के पृथक्करण, कंपोस्टिंग और पर्यावरण संरक्षण पर विस्तृत जानकारी दी तथा नियमों के पालन की अपील की।

### सरकारी ई-बाजार और ऑनलाइन व्यापार पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उद्योग विभाग द्वारा कुनिहार में रैम्प कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला उद्योग केंद्र प्रबंधक विनय वर्मा ने की। उन्होंने डिजिटल साधनों, ई-बाजार और ऑनलाइन मंचों के उपयोग पर बल दिया। विशेषज्ञों ने सरकारी ई-बाजार पोर्टल, सार्वजनिक क्रय प्रणाली और ऑनलाइन व्यापार की जानकारी दी। प्रतिभागियों का पंजीकरण भी किया गया। कार्यशाला में 125 से अधिक उद्यमी, स्वयं सहायता समूह सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए।

### एनसीसी कैंप में कैडेट्स को दी ड्रोन और डिफेंस कैरियर की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** फर्स्ट एचपी (बॉयज) बटालियन सोलन द्वारा चितकारा यूनिवर्सिटी परिसर में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कैडेट्स को डिफेंस करियर और ड्रोन तकनीक की जानकारी दी गई। कर्नल एएस सिद्धू और कर्नल रवि कुमार ने मार्गदर्शन किया। शिविर 23 जून तक चलेगा, जिसमें 460 एनसीसी कैडेट और 43 पीआई स्टाफ भाग ले रहे हैं। शिविर में एआई, ड्रिल, मैप रीडिंग, योग, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां और नेतृत्व विकास प्रशिक्षण भी शामिल है।

### सोलन के ग्रामीण क्षेत्रों में आज होगी विद्युत आपूर्ति बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 18 जून, 2026 को 33/11 के.वी. उप केन्द्र ओच्छघाट से संचालित कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि आज प्रातः 08.00 बजे से सांय 07.00 बजे तक जटोली, मझगांव, कोठों, कुन्दला, ज़ीरों प्वाइट, ओच्छघाट, नौणी का प्रागंण, नौणी का बाज़ार, धारों की धार, कोईघाट, बदलेच, पंडाह, थुरान एवं आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि इसी दिन शूलिनी विश्वविद्यालय, टटूल, मंझोली, क्यार, नगाली, नंदल, कालाघाट, दोलांजी, एल.आर. इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एवं आस-पास के क्षेत्रों में लोडिंग स्थिति की वास्तविकता के अनुसार विद्युत आपूर्ति बाधित हो सकती है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम व किन्ही अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि व समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

### महाविद्यालय दाड़लाघाट में अंग्रेजी एवं समाजशास्त्र पद रिक्त

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में अंग्रेजी एवं समाजशास्त्र (सोशियोलॉजी) विषय के प्रवक्ता पद लंबे समय से रिक्त होने तथा कॉमर्स विषय को समाप्त किए जाने को लेकर स्थानीय स्तर पर चिंता व्यक्त की जा रही है। इसी क्रम में पूर्व सचिव हिमाचल संस्कृत अकादमी डॉ. मस्तराम शर्मा ने विधायक संजय अवस्थी से आग्रह किया है कि वे इस मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाकर कॉलेज में पूर्व की भांति कॉमर्स विषय को पुनः शुरू करवाने की पहल करें। साथ ही अंग्रेजी और समाजशास्त्र विषयों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्तियां करवाई जाएं, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। डॉ. मस्तराम शर्मा ने कहा कि इन विषयों की कमी से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कॉलेज में शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की।

### केन में पेट्रोल-डीजल न मिलने से किसान बागवान और ऑटो व्यवसायी परेशान

**अनंत ज्ञान, सराहां।** क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर केन में पेट्रोल-डीजल न मिलने से किसानों, बागवानों और ऑटो व्यवसाय से जुड़े लोगों को भारी परेशानी हो रही है। कृषि उपकरणों और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए ईंधन न मिलने से काम प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सुरक्षा नियमों के साथ वैध उपयोगकर्ताओं के लिए पहचान पत्र आधारित व्यवस्था बनाई जाए, ताकि आवश्यक कार्य सुचारू रूप से चल सकें।

### सड़क विवाद के दौरान व्यक्ति की मौत पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** देहूंघाट क्षेत्र में सड़क विवाद के दौरान एक व्यक्ति की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में विवाद के बीच गिरने की बात सामने आई है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चलेगा। पुलिस ने आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए हैं और घटनास्थल का निरीक्षण किया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील की है। परिजनों को भी सूचित कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# विद्यार्थियों को अनुशासन, कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ जीवन में आगे बढ़ने की दी प्रेरणा



कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते पार्षद रोहित भारद्वाज। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम के वार्ड नंबर 4 के नव निर्वाचित पार्षद एवं प्रदेश ¬भारद्वाज ने अपने पुराने विद्यालय दयानंद आदर्श विद्यालय सोलन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिवार, शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए भावुक क्षणों को याद किया।

रोहित भारद्वाज ने कहा कि जिस विद्यालय ने उन्हें शिक्षा, संस्कार और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, उसी विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होना उनके लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करने पर विद्यालय की प्रधानाचार्या उषा मित्तल का विशेष आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है और विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में रोहित भारद्वाज ने विद्यालय परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर प्रगति करने के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने भी उनके आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सभी ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक, यादगार और अत्यंत सफल बताया।

# संजय अवस्थी ने संस्कृति को बताया हमारी असली और अमूल्य धरोहर

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी वास्तविक धरोहर हैं। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बखालग में बनिया देवी मेले में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। विधायक ने इससे पूर्व माँ वन दुर्गा मंदिर बनिया देवी में पूजा–अर्चना की और क्षेत्रवासियों के खुशहाली का कामना की।

संजय अवस्थी ने कहा कि समृद्ध देव संस्कृति का संरक्षण करना हम सभी का उत्तरदायित्व है और जन–जन के सामूहिक प्रयासों से ही संस्कृति का प्रचार–प्रसार सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति के परिचायक हैं और मेलों एवं उत्सवों का संरक्षण युवा पीढ़ी को परम्पराओं की जानकारी प्रदान



मेले के समापन पर पहुंचे विधायक संजय अवस्थी। अनंत ज्ञान

करते है। मेलों से युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से रू–ब–रू होती है। विधायक ने कहा कि बनिया देवी मंदिर का इतिहास लगभग 450 वर्ष पुराना है।

उन्होंने मंदिर के सौंदर्यीकरण के प्रारंभिक कार्य के लिए 05 लाख रुपए, झासी माता देवी में ग्रिल लगाने के लिए 01 लाख रुपए, गोपाल के घर से मंझली बेड धरनो मार्ग के निर्माण के लिए 02 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने दिदू से बनिया देवी मार्ग पर मुख्य द्वार निर्माण के लिए तथा भिंडी से जाबलू मार्ग के निर्माण के लिए अनुमानित राशि के अनुरूप धनराशि उपलब्ध करवाने की घोषणा की। उन्होंने मेला समिति को 21 हजार रुपए तथा महिला मण्डल धरनो को आवश्यकतानुसार सामान क्रय करने के लिए 11 हजार रुपए देने की घोषणा की।

# पार्षद की पहल से सलोगड़ा क्षेत्र में पेयजल पाइलाइन की खराबी हुई दूर

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सलोगड़ा क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जांच के दौरान पता चला कि मुख्य पाइपलाइन में आई खराबी के कारण पानी की सप्लाई बाधित हो रही थी। जानकारी के अभाव में यह समस्या लंबे समय तक बनी रही। वार्ड नंबर–4 के पार्षद एवं युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित भारद्वाज ने बताया कि जैसे ही उन्हें पाइपलाइन में खराबी की जानकारी मिली, उन्होंने संबंधित विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर मरम्मत कार्य शुरू करवाया।

विभाग की ओर से आवश्यक कार्य पूरा किए जाने के बाद क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाने के प्रयास किए गए। रोहित भारद्वाज ने कहा कि उनका प्रयास है कि क्षेत्रवासियों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो और



पाइपलाइन की मरम्मत करवाते पार्षद रोहित भारद्वाज। अनंत ज्ञान

भविष्य में इस प्रकार की समस्याओं का समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए वे लगातार क्षेत्रवासियों और संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने भी पेयजल समस्या के समाधान के लिए किए गए प्रयासों पर संतोष व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि आगे भी क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए इसी तरह त्वरित कदम उठाए जाएंगे।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पाइपलाइन की नियमित निगरानी और रखरखाव के लिए विशेष टीम को तैनात किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याएं दोबारा न उत्पन्न हों। क्षेत्रवासियों ने भी प्रशासन से अपील की कि जल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाए। समस्याओं का त्वरित समाधान होगा।

# शिमला संसदीय क्षेत्र का अगला खेल महाकुम्भ चायल में होगा:सुरेश कश्यप

अनंत ज्ञान

प्रेम कुमार,कंडाघाट चायल का तीन दिवसीय ऐतिहासिक व धार्मिक सिद्ध बाबा मेला मंगलवार को सम्पन्न हुआ। इसके समापन समारोह में शिमला लोकसभा सीट के सांसद सुरेश कश्यप मुख्यातिथि और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश कश्यप विशिष्ट अतिथि बतौर उपस्थित रहे। अपने सम्बोधन में लोकसभा सांसद ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति की पहचान और मनोरंजन का प्रमुख साधन हैं।

उन्होंने चायल के प्रधान पंकज ठाकुर और मेला कमेटी की रखी मांगों को पूरा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार से कंडाघाट – चायल सड़क को चौड़ा करने के लिए बजट दिलाया जाएगा। इससे पर्यटन नगरी चायल को अच्छी सड़क सुविधा मिलेगी। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार पहले ही चायल – कुफरी सड़क को चौड़ा करने के लिए 54 करोड़ स्वीकृत कर चुकी



खिलाड़ियों को सम्मानित करते सांसद सुरेश कश्यप। अनंत ज्ञान

हैं। उन्होंने काली के टिब्बा और चायल बाजार की पार्किंग के निर्माण के लिए पांच – पांच लाख देने की घोषणा की। उन्होंने घोषणा की कि शिमला संसदीय क्षेत्र का अगला खेल महाकुम्भ चायल में आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने मेले में खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों, अन्य कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने उपस्थित नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कई पंचायतों के प्रतिनिधि, भाजपा और मेला कमेटी के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्र की जनता उपस्थित रही।

मेले में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में कुफरी की टीम विजेता और श्रीजी परिवार चायल की टीम उपविजेता रही। महिला वर्ग में श्रीजी ट्रस्ट चायल की टीम विजेता और स्पोर्ट्स कम्पलेक्स शिमला की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम में पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

## राजगढ़ में 4.80 ग्राम चिट्टे के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पुलिस की डिटेक्शन सेल ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 4.80 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार डिटेक्शन सेल, राजगढ़ की टीम गश्त के दौरान कोटली क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शुभम ठाकुर पुत्र सोमराज, निवासी गांव चुन्नी, डाकघर एवं तहसील राजगढ़, अपने दो साथियों विवेक चौहान पुत्र प्रेम सिंह तथा मिथुन आर्य पुत्र प्रेमपाल आर्य, दोनों निवासी राजगढ़, के साथ गाड़ी (एचपी–63–3060) में सोलन के गिरिपुल क्षेत्र से राजगढ़ की ओर मादक पदार्थ चिट्टा (हेरोइन) लेकर आ रहे हैं।सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका और तलाशी ली।

# राष्ट्रीय स्तर पर चमका धमून विद्यालय, तीसरी बार मिला स्वच्छ एवं हरित विद्यालय पुरस्कार

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़।** शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए राजकीय माध्यमिक विद्यालय धमून ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। विद्यालय को तीसरी बार 'स्वच्छ एवं हरित विद्यालय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है।

विद्यालय ने देशभर के 191 चयनित विद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 14वां स्थान प्राप्त किया है, जो न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि विद्यालय द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, हरित परिसर निर्माण, कचरा प्रबंधन तथा विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जागरूकता विकसित करने के लिए किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है। विद्यालय परिसर में स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने के लिए समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।





अनंत ज्ञान

विद्यार्थियों को वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण तथा पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाता है, जिससे उनमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो रही है।

इस उपलब्धि के लिए विद्यालय को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में आयोजित होने वाले समारोह में प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान विद्यालय की कार्यशैली, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाण है। विद्यालय प्रभारी पायल तोमर ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन समिति तथा स्थानीय समुदाय को दिया। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग और समर्पण के कारण विद्यालय लगातार राष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

# मेला राम शर्मा ने कहा–सुक्खू सरकार पंचायती राज चुनाव में हुई हार से हताश



सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेला राम शर्मा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नाहन/ राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने हाल ही में पंचायती राज चुनाव में हुई हार से हताश होकर पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब लोगों से सरकारी सुविधाएं छीनकर उनके उज्जवल भविष्य पर कुठाराघात करने का काम शुरू कर दिया है।

प्रदेश की सुक्खू सरकार पर यह आरोप लगाते हुए सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेला राम शर्मा ने बताया कि पंचायती राज चुनावों में हुई करारी हार से हताश होकर इस सरकार ने सिरमौर जिला के पिछड़े क्षेत्र हरिपुरधार में तत्कालीन धूमल सरकार द्वारा खोले गए महाविद्यालय में कॉमर्स, फिजिकल एजुकेशन, साइंस और संगीत जैसे विषयों को बंद करने का तुगलकी फरमान जारी कर यहां पढ़ रहे सैकड़ों गरीब विद्यार्थियों के भविष्य पर कुठाराघात किया है। जिला प्रवक्ता ने बताया कि सुक्खू सरकार ने गत चार वर्षों में ना केवल शिक्षण और स्वास्थ्य संस्थान बंद करके इस पिछड़े क्षेत्र के लोगों का जीवन दुभर कर दिया है बल्कि विकास कार्यों की रफ्तार भी पूरी तरह प्रभावित कर दी।

## न्यूज ब्रीफ

### वार्ड पंच वंदना समाजसेवा के लिए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, घनारी।** ग्राम पंचायत घनारी के वार्ड नंबर-4 की नवनिर्वाचित वार्ड पंच वंदना कुमारी ने अपने सेवा भाव और जिम्मेदारी निभाने के तरीके से क्षेत्र में एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके सराहनीय कार्य के लिए पूर्व पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पंजाब नेशनल बैंक घनारी परिसर में लगे वाटर कूलर, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोग पेयजल का उपयोग करते हैं, उसकी सफाई की जिम्मेदारी वंदना कुमारी ने स्वयं निभाई। उन्होंने किसी कर्मचारी या विभाग का इंतजार करने के बजाय खुद आगे बढ़कर वाटर कूलर की सफाई की और जनप्रतिनिधि होने के अपने दायित्व का परिचय दिया। पूर्व पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार ने सम्मानित करते हुए कहा कि बिना किसी स्वार्थ, प्रचार या राजनीतिक लाभ की इच्छा के समाज और जनता के हित में कार्य करने वाले लोग ही वास्तविक सम्मान के पात्र होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि समाज में सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा बनते हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्र अंब-5 में समर मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, अंब।** बाल विकास परियोजना कार्यालय अंब के तहत नगर परिषद अंब क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र अंब-5 (देवी मंदिर परिसर) में समर मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ नगर परिषद अंब की अध्यक्ष श्रीमती अनसूहिया ने किया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक कुलविंदर सैनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोनिका कुमारी, महेश, नीलम, सपना, प्रियंका, संतोष, आशा देवी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक कुलविंदर सैनी ने बताया कि प्रदेशभर में समर मेले आयोजित किए जा रहे हैं और अंब में इसकी शुरुआत आंगनबाड़ी केंद्र अंब-5 से की गई है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास, पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोनिका कुमारी ने नगर परिषद अध्यक्ष का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि समर मेला पूरी तरह बच्चों की गतिविधियों पर आधारित है, जिसमें बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक और शैक्षणिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों का वजन, पंजीकरण, शाला पूर्व शिक्षा तथा पोषाहार संबंधी जानकारी भी दी गई।

### शिवांश राष्ट्रीय बॉक्सिंग स्पर्धा के लिए चयनित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले के गांव हम्बोली स्थित सक्षम बॉक्सिंग क्लब के होनहार मुक्केबाज शिवांश शर्मा ने 40 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 से 17 जून शिमला के ज्यूरी में आयोजित हिमाचल प्रदेश सब जूनियर बालक एवं बालिका राज्य बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे जिला ऊना का नाम गौरवान्वित किया है। शिवांश शर्मा गांव धूसाड़ा का निवासी है। स्वर्ण पदक/ गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही शिवांश शर्मा का चयन 22 से 28 जून 2026 तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर (पंजाब) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जहां वह हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा। इस उपलब्धि का श्रेय सक्षम बॉक्सिंग क्लब की समर्पित अभिभावक समिति (पैरेंट कमेटी के सदस्य), क्लब के प्रशिक्षकों राजेश कुमार, सरोज शर्मा, सोनिया रॉय एवं रिंकू सिंह के अथक परिश्रम और मार्गदर्शन को जाता है। वहीं, शिवांश शर्मा के माता-पिता संजीव शर्मा एवं पूजा शर्मा, और पूरा गांव धूसाड़ा, शिवांश शर्मा के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन से अत्यंत प्रसन्न एवं गौरवान्वित हैं।

# गगरेट-दौलतपुर मार्ग पर बेसहारा गोवंश बना संकट

## स्थानीय नागरिक बोले- जानलेवा हादसों के बावजूद नहीं जागा प्रशासन

अनंत ज्ञान

**घनारी।** गगरेट-दौलतपुर मुख्य मार्ग पर बेसहारा गोवंश की लगातार बढ़ती संख्या अब गंभीर जनसुरक्षा समस्या बनती जा रही है। सड़कों पर झुंड बनाकर घूमते और बीच मार्ग पर बैठे गोवंश के कारण हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन, संबंधित विभाग और गोशाला प्रबंधन इस समस्या से अवगत होने के बावजूद कोई प्रभावी कदम नहीं उठा रहे हैं।



स्थानीय लोगों के अनुसार मवाकोहलां के समीप बेसहारा गोवंश के कारण हुए एक सड़क हादसे में एक महिला की जान जा चुकी है। इस दुर्घटना में एक परिवार उजड़ गया और एक गोवंश की भी मौत हुई थी। लोगों का कहना है कि इतनी गंभीर घटना के बाद भी प्रशासन ने स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की। हाल ही में अंबोआ में भी 30 वर्षीय एक युवक बेसहारा गोवंश के हमले का शिकार हो गया, जिससे उसकी बाजू टूट गई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि आए दिन हो रहे हादसे और हमले इस समस्या की गंभीरता को दर्शाते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का यह भी कहना है कि जब गोशाला प्रबंधन से बेसहारा पशुओं को रखने की बात की गई तो उन्होंने क्षमता पूरी होने का हवाला देते हुए और पशु रखने में असमर्थता जताई। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि गोशालाएं भी पशुओं को आश्रय नहीं दे पा रहीं और प्रशासन भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर रहा, तो समस्या का समाधान कैसे होगा। क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रशासन केवल बैठकों और घोषणाओं तक सीमित न रहे, बल्कि सड़कों से बेसहारा गोवंश को हटाने, उनके संरक्षण की समुचित व्यवस्था करने तथा भविष्य में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल ठोस और स्थायी कदम उठाए जाएं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में होने वाली किसी भी बड़ी दुर्घटना की जिम्मेदारी संबंधित विभागों और प्रशासन की होगी।

# बिझड़ी विद्यालय को भी सीबीएसई बोर्ड से जोड़े प्रदेश सरकार : आशीष

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी एवं भाजपा नेता आशीष सिंह ठाकुर ने प्रदेश सरकार द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़सर को सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध करने तथा विद्यालय में मेडिकल, नॉन-मेडिकल और कॉमर्स तीनों संकाय उपलब्ध करवाने के निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि जजरी और लोहारी विद्यालयों को भी सीबीएसई बोर्ड से जोड़ना एक सकारात्मक कदम है, लेकिन विकास की दृष्टि से संतुलित योजना बनाना भी उतना ही आवश्यक है। जजरी और लोहारी के बीच मात्र 2-3 किलोमीटर की दूरी है, जबकि बिझड़ी धटवाल क्षेत्र का सबसे बड़ा शैक्षणिक एवं प्रशासनिक केंद्र है। यदि एक विद्यालय जजरी अथवा लोहारी में तथा दूसरा विद्यालय बिझड़ी में सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत लाया जाता, तो इसका लाभ कहीं अधिक व्यापक क्षेत्र और हजारों विद्यार्थियों को प्राप्त होता। आशीष सिंह ठाकुर ने कहा कि बिझड़ी धटवाल क्षेत्र की रीढ़ है। यहां ब्लॉक मुख्यालय स्थित है तथा लगभग 17 पंचायतों के विद्यार्थी प्रतिदिन शिक्षा के लिए इस केंद्र पर निर्भर रहते हैं। इसके बावजूद बिझड़ी विद्यालय को इस महत्वपूर्ण योजना में शामिल न किया जाना क्षेत्र की जनता को निराश करने वाला निर्णय है। उन्होंने सरकार से भविष्य में बिझड़ी विद्यालय को भी प्राथमिकता के आधार पर सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह विषय केवल एक विद्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विकास की सोच और प्राथमिकताओं का प्रश्न है। आज आवश्यकता ऐसे नेतृत्व की है जो शिक्षित, दूरदर्शी और विकासोन्मुख हो। एक विजनरी जनप्रतिनिधि केवल वर्तमान नहीं देखता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेता है। आशीष सिंह ठाकुर ने कहा कि किसी भी विधानसभा क्षेत्र का वास्तविक विकास शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता से मापा जाता है। यदि इन क्षेत्रों में योजनाबद्ध और संतुलित विकास सुनिश्चित किया जाए, तो किसी भी क्षेत्र की तस्वीर बदली जा सकती है।


## गोंदपुर बनेहड़ा के शिव-पार्वती मंदिर पहुंची इस्कॉन रथ यात्रा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा बाजार स्थित शिव-पार्वती मंदिर में गत देर सायं मथुरा-वृंदावन से निकली इस्कॉन रथ यात्रा पहुंची। रथ यात्रा के मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। यात्रा दल ने रात्रि विश्राम भी मंदिर परिसर में किया तथा भजन-कीर्तन और संकीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। यात्रा के दौरान इस्कॉन से जुड़े श्रद्धालुओं ने बताया कि यह रथ यात्रा मथुरा-वृंदावन से देश के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों का भ्रमण कर रही है। यात्रा का उद्देश्य लोगों में सद्भावना, सद्कर्म, भक्ति और आध्यात्मिक जीवन के प्रति जागरूकता फैलाना है। रथ यात्रा के आगमन से पूरा गोंदपुर बनेहड़ा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में रंग गया। मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र 'राधे-राधे' एवं हरिनाम संकीर्तन की मधुर धुनों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भजन-कीर्तन में भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस प्रकार की धार्मिक यात्राएं समाज में प्रेम, भाईचारे और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देती हैं तथा लोगों को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं से जोड़ने का कार्य करती हैं। रथ यात्रा के दर्शन और संकीर्तन में शामिल होने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं का मंदिर में आना-जाना लगा रहा।

# पेट्रोल पंपों पर आपातकाल जैसे हालात : सीमा

## कहा- केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान और आम आदमी परेशान

अनंत ज्ञान



**ऊना।** केंद्र सरकार की गलत नीतियों की वजह से पेट्रोल पंप पर आपातकाल जैसी स्थिति पैदा हो गई है। ऊना ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा ने कहा कि पेट्रोल पंपों को लेकर जिस प्रकार के आदेश जारी किए हैं, उससे केंद्र सरकार का झूठ सामने आना शुरू हो चुका है, उन्होंने कहा कि डीजल और पेट्रोल की शॉर्टेज होनी शुरू हो चुकी है। सरकारी आदेश अनुसार अब पेट्रोल पंप पर खुली बिक्री नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि खुली बिक्री बंद करने से खासकर डीजल की लोगों को काफी दिक्कत आ रही है क्योंकि डीजल से किसान और अन्य व्यापारी वर्ग भी तंगी महसूस कर रहे हैं क्योंकि डीजल की ज्यादा खपत ट्रैक्टरों, जरनेटर, हलवाई और बेकरी के ओवन के लिए अधिकांश जरूरत रहती है लेकिन लोगों को पेट्रोल पंपों पर पूरी तरह से खुला तेल न मिलने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, उन्होंने कहा कि पैट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त मात्रा होने का दावा खोखला साबित हो चुका है, उन्होंने कहा कि पैट्रोल पंप मालिकों को सरकार के सख्त आदेश हैं कि खुला तेल बेचेंगे तो अस्थाई तौर पर अनिश्चितकाल के लिए पैट्रोल पंप बंद किया जा सकता है उन्होंने कहा कि पता चला है करीब 26 पैट्रोल पंपों को आदेश ना मानने के कारण कार्यवाही भी हुई है जिसके चलते उपरोक्त पैट्रोल पंप अनिश्चितकाल के लिए बंद किए गए है, उन्होंने कहा कि इस कार्यवाही के बाद बाकी पैट्रोल पंप मालिकों में डर का माहौल पैदा हो चुका है, उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को खुला तेल बिक्री के बारे में शीघ्र ठोस निर्णय लेना चाहिए ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना आए और ना ही पेट्रोल पंप मालिकों को इस प्रकार के आदेश जारी करके डराया जाए, उन्होंने कहा कि अभी घरेलू गैस की सप्लाई सही से नहीं हो रही है और पैट्रोल-डीजल की समस्या पैदा होनी शुरु हो गई है, उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।

## अंबोटा-डब्बाली मार्ग का काजवे क्षतिग्रस्त होने से बाहर निकला सरिया हादसों को दे रहा न्योता

**अनंत ज्ञान, घनारी।** क्षेत्र के अंबोटा से वाया डब्बाली होकर जाने वाले संपर्क मार्ग पर स्थित काजवे के क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। काजवे की सतह टूटने के कारण उसमें लगा सरिया भी बाहर निकल आया है, जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। यह सड़क होशियारपुर से चिंतपूर्णी जाने वाले यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक मार्ग है। यह मार्ग गगरेट बाजार के पीछे से अम्बोटा होते हुए शिवबाड़ी के रास्ते गगरेट-मुबारिकपुर मुख्य सड़क से जुड़ता है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि काजवे की जर्जर स्थिति के कारण वाहन चालकों को जोखिम उठाकर सफर करना पड़ रहा है। बाहर निकला सरिया विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है और समय रहते इसकी मरम्मत नहीं की गई तो बड़ा हादसा हो सकता है। राहगीर सुरेश, मनोज और संजीव ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि क्षतिग्रस्त काजवे की जल्द मरम्मत करवाई जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# जमना ने संभाली बिलासपुर नगर परिषद की कमान

अनंत ज्ञान



जमना देवी और नरेंद्र पंडित।

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** नगर परिषद बिलासपुर के अध्यक्ष पद पर वार्ड नंबर-2 से निर्वाचित जमना देवी का चयन स्थानीय राजनीति में एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। पहली बार चुनाव जीतकर सीधे अध्यक्ष पद तक पहुंचना अपने आप में उनकी स्वीकार्यता, नेतृत्व क्षमता और जनविश्वास का प्रमाण है। उच्च शिक्षित होने के साथ-साथ जमना देवी के पास नगर परिषद के विकास को लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण और दूरदर्शी सोच है। यही कारण है कि शहर के लोग उनसे विकास, पारदर्शिता और जनहित से जुड़े कार्यों की नई उम्मीद लगाए बैठे हैं।

बिलासपुर शहर तेजी से विस्तार कर रहा है और इसके सामने स्वच्छता, यातायात, पार्किंग, पेयजल, सौंदर्यीकरण तथा आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी कई चुनौतियां हैं। ऐसे में जमना देवी का नेतृत्व नगर परिषद को नई दिशा दे सकता है। उनकी शिक्षा और सामाजिक समझ उन्हें योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद करेगी। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर नरेंद्र पंडित का चयन भी नगर परिषद के लिए एक संतुलित निर्णय माना जा रहा है। नरेंद्र पंडित अपनी सादगी, व्यवहारिक सोच और सामाजिक सरोकारों के लिए जाने जाते हैं। प्रशासनिक समझ और लोगों के बीच उनकी मजबूत पकड़ नगर परिषद के कामकाज को और अधिक प्रभावी बना सकती है। अध्यक्ष जमना देवी और उपाध्यक्ष नरेंद्र पंडित की यह जोड़ी अनुभव, ऊर्जा और संतुलन का ऐसा संगम है जिससे बिलासपुर नगर परिषद के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद बढ़ गई है। शहरवासियों को विश्वास है कि यह नेतृत्व विकास को नई गति देगा और नगर परिषद जन अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी।

## लाडली फाउंडेशन ने सक्षम गुड़िया बोर्ड की वाइस चेयरमैन अरुणा महाजन को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सक्षम गुड़िया बोर्ड की वाइस चेयरमैन अरुणा महाजन का बिलासपुर पहुंचने पर लाडली फाउंडेशन, हिमालय विकास सेवा संस्था एवं रेनबो स्टार क्लब द्वारा भव्य स्वागत किया गया। लाडली फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष शालू अख्तर के नेतृत्व में उन्हें हिमाचली टोपी, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अरुणा ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए की सहायता प्रदान की जा रही है, जबकि महिला स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए कम ब्याज दर पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने वाला अग्रणी राज्य है। स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को 'हिम ईरा' ब्रांड के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है तथा बालिकाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए कई अन्य योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं।

# भाजपा जनादेश का कर रही अपमान : हीरापाल

अनंत ज्ञान

◆ विपक्षी दलों को तोड़ने और जनसमस्याओं की अनदेखी का लगाया आरोप

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश सचिव ठाकुर हीरापाल सिंह ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जनादेश का अपमान करने और विपक्षी दलों को तोड़ने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पैसे, जांच एजेंसियों के डर तथा राज्यसभा भेजने के लालच का उपयोग कर सांसदों व विधायकों की खरीद-फरोख्त कर रही है। पिछले 12 वर्षों में तृणमूल, राकांपा, शिवसेना, आप, अकाली दल, आरजेडी, बीजेडी, जेडीयू और तेलुगु देशम सहित अनेक दलों को इस तरह तोड़ा गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसानों, बेरोजगार युवाओं, महंगाई, आर्थिक मंदी और विदेश नीति की चुनौतियों से बेपरवाह है तथा केवल अडानी-अंबानी और अपनी सत्ता को मजबूत करने में लगी है। हीरा पाल ने नीट-सीबीएसई पेपर लीक, बेरोजगारों पर लाठीचार्ज, बुलडोजर कार्रवाई और शहीदों के अपमान की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा ने 'रामराज्य' के स्थान पर 'रावणराज्य' जैसी व्यवस्था खड़ी कर दी है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को भी दबाव में लाया जा रहा है, जिससे आम नागरिक को न्याय मिलना मुश्किल हो गया है। कांग्रेस इस कुशासन और भाजपा की इन चालों की कड़े शब्दों में निंदा करती है।

**आउटसोर्स पर भर्ती 'जीवन के साथ घोर अन्याय':** हीरापाल सिंह ने बेरोजगार युवाओं को आउटसोर्स पर भर्ती किए जाने को 'जीवन के साथ घोर अन्याय' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी निर्णय राजनीतिक दबाव में लिए जाते हैं, जिसके चलते 60 प्रतिशत फैसले अदालतों द्वारा रोक दिए जाते हैं। सरकार को जनहित में ऐसे निर्णय लेने चाहिए जो अदालती हस्तक्षेप से बचें, अन्यथा व्यवस्था पर संदेह पैदा होता है। साथ ही, उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर विपक्षी दलों को तोड़ने, सांसद-विधायक खरीदने, तथा बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं, नीट पेपर लीक, बेरोजगार युवाओं पर लाठीचार्ज, शहीद जवानों के अपमान जैसे मुद्दों से मुंह मोड़ने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 'रामराज्य' के बजाय 'रावणराज्य' जैसी व्यवस्था खड़ी कर दी है।

## चंडीगढ़ प्रशिक्षण लेकर लौटे बिलासपुर के 161 मेधावी छात्र




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिला बिलासपुर के एग्रीकल्चर एवं टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी व्यावसायिक विषयों के 161 मेधावी विद्यार्थियों ने 14 से 16 जून 2026 तक चंडीगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम में भाग लिया। जिला समन्वयक व्यावसायिक शिक्षा कुलदीप शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में एग्रीकल्चर विषय के 58 तथा टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी के 103 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। एग्रीकल्चर छात्रों को आधुनिक कृषि तकनीक, जैविक खेती और कृषि उद्यमिता की जानकारी दी गई, जबकि टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलिटी छात्रों को होटल, रिसॉर्ट और ट्रैवल एजेंसियों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए छह वोकेशनल ट्रेनरों को एस्कॉर्ट टीचर के रूप में नियुक्त किया गया। यह कार्यक्रम जिला उपनिदेशक शिक्षा (क्वालिटी) एवं जिला परियोजना अधिकारी (समग्र शिक्षा) निशा गुप्ता के मार्गदर्शन तथा डाइट जुखाला के प्रधानाचार्य राकेश मनकोटिया की देखरेख में आयोजित किया गया।

## झंडूता में नशा निवारण पर लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत झंडूता में जिला स्तरीय एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों व नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। विकास खंड अधिकारी संजीव पुरी ने युवाओं से नशे से दूर रहने व दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रोमिला बसु व हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति के सह सचिव मानसा राम ने नशे के खिलाफ जन-आंदोलन की आवश्यकता पर बल दिया। तहसील कल्याण अधिकारी कमल कांत ने बताया कि 17-26 जून तक जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां होंगी। 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर सभी स्कूलों, कॉलेजों व कार्यालयों में सामूहिक शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर में पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों व स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

## 99% रिजल्ट से संस्कृत महाविद्यालय ने रचा कीर्तिमान

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय डंगार बिलासपुर के प्राचार्य डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि इस बार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई शास्त्री की परीक्षा में महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम 99% रहा,इस परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय में प्रथम स्थान पर वर्षा देवी द्वितीय स्थान पर कनिका शर्मा तृतीय स्थान पर शिवानी रही महाविद्यालय के प्राचार्य ने इस वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्रों को तथा उनके अभिभावकों और महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक वर्ग को इस अच्छे परीक्षा परिणाम का श्रेय दिया तथा सभी छात्रों को बधाई दी तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## चोरबांए पुल के पास युवक का मिला शव

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता के चोरबांए पुल के पीछे एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 16 जून को ग्राम पंचायत डाहड़ के उपप्रधान अजय कुमार ने थाना झंडूता में सूचना दी कि गांव खलसाए निवासी सुमित कुमार पुत्र रूप लाल का शव चोरबांए पुल के पीछे पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राजकीय प्राथमिक पाठशाला चोरबांए के समीप से शव बरामद किया। मृतक के पिता रूप लाल सहित परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि सुमित कुमार बस कंडक्टर के रूप में कार्यरत था और पिछले दिन शाम करीब 6:30 बजे बस से उतरने के बाद घर नहीं पहुंचा था। बाद में उसका मोबाइल फोन भी बंद आने लगा। परिजनों द्वारा खोजबीन के दौरान मंगलवार को उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और चप्पलें, उल्टी तथा एक ट्यूब सहित कुछ साक्ष्य कब्जे में लिए हैं। प्रारंभिक जांच में शरीर पर किसी बड़ी चोट के निशान नहीं मिले, केवल माथे के दाहिनी ओर हल्का रगड़ का निशान पाया गया है। शव का पोस्टमार्टम क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में करवाया गया है। पुलिस थाना झंडूता में धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है। थाना प्रभारी राजेंद्र ने इसकी पुष्टि की है।

## घुमारवीं नगर परिषद में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव में देरी पर भाजपा ने उठाए सवाल

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं।** घुमारवीं नगर परिषद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव अब तक न होने पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र गर्ग ने कहा कि चुनाव परिणाम घोषित हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन नगर परिषद के शीर्ष पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।

घुमारवीं में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान राजेंद्र गर्ग ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया में हो रही लगातार देरी के पीछे राजनीतिक कारण हो सकते हैं। उनका कहना है कि नगर परिषद में कांग्रेस के पास आवश्यक समर्थन नहीं है, जिसके चलते चुनाव टालने की रणनीति अपनाई जा रही है। उन्होंने दावा किया कि सत्ता के प्रभाव और अन्य माध्यमों से निर्वाचित पार्षदों को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है।

भाजपा नेता ने कहा कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव समयबद्ध तरीके से होने चाहिए थे, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम न उठाए जाने से लोगों में भी सवाल पैदा हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र चुनाव कार्यक्रम घोषित करने की मांग की।

राजेंद्र गर्ग ने कहा कि भाजपा के सभी पार्षद एकजुट हैं और पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा के साथ खड़े हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार के दबाव, प्रलोभन या राजनीतिक हथकंडों का उनकी पार्टी के प्रतिनिधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी दो दिनों के भीतर चुनाव प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया गया तो भाजपा अपने पार्षदों और कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम कार्यालय घुमारवीं के बाहर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में कानून-व्यवस्था अथवा अन्य किसी भी परिस्थिति की जिम्मेदारी प्रशासन और प्रदेश सरकार की होगी।

# जनगणना भर्ती में चयन सूची बदलने पर उठा विवाद, अभ्यर्थियों ने मांगी जांच

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में जनगणना कार्य के लिए टेक्निकल असिस्टेंट पदों पर की जा रही भर्ती को लेकर नया विवाद सामने आया है। कुछ अभ्यर्थियों ने चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए प्रदेश सरकार से मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है।

बिलासपुर विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बलबीर सिंह और मीना देवी ने बताया कि टेक्निकल असिस्टेंट के 10 पदों के लिए 9 अप्रैल को साक्षात्कार आयोजित किए गए थे। उनके अनुसार साक्षात्कार के बाद 18 अप्रैल को जारी प्रारंभिक चयन सूची में बलबीर सिंह का नाम प्रथम स्थान पर तथा मीना देवी का नाम सातवें स्थान पर दर्ज था।

उन्होंने आरोप लगाया कि बाद में 16 जून को जारी नई चयन सूची में उनके नाम हटा दिए गए, जबकि उनकी जगह कुछ अन्य अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है। दोनों का कहना है कि चयन सूची में अचानक किए गए इस बदलाव ने भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पत्रकार वार्ता में उन्होंने दावा किया कि दूसरी सूची में शामिल कुछ नाम ऐसे लोगों के हैं जो कथित रूप से साक्षात्कार के दौरान उपस्थित ही नहीं थे। ऐसे में पूरे मामले की गहन जांच आवश्यक है, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

अभ्यर्थियों ने मांग की है कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग की जांच करवाई जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रिया का संचालन शिमला स्थित कोडरूट्ज कंपनी तथा समर हिल टेक्नोलॉजी, खलीनी द्वारा किया गया था और इसी प्रक्रिया में अनियमितताओं की आशंका है। इस संबंध में उन्होंने सदर थाना बिलासपुर में शिकायत भी दर्ज करवाई है तथा संबंधित कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग उठाई है।

# बिलासपुर के दो साहित्यकारों को मिला 'साहित्य सृजन सारथी सम्मान'

अनंत ज्ञान



सम्मान प्राप्त करते डॉ. जय महलवाल और रविंद्र कमल। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** साहित्य सृजन कुटुम्ब दिल्ली द्वारा शिमला के रोटरी क्लब सभागार में आयोजित सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन में बिलासपुर के साहित्यकार डॉ. जय अनजान और रविंद्र चंदेल कमल को साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 'साहित्य सृजन सारथी सम्मान' से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार एसआर हरनोट और डॉ. सत्यनारायण स्नेही मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता डॉ. संतोष संप्रीति ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। सम्मान समारोह के दौरान दोनों साहित्यकारों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ. जय अनजान हिंदी साहित्य, कविता, लघुकथा और समीक्षा लेखन के क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा उनकी रचनाएं विभिन्न प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रही हैं। कवि सम्मेलन में उनकी कविता 'मेरा गांव अब शहर हो गया है' को श्रोताओं ने खूब सराहा।

वहीं, साहित्यकार एवं पत्रकार रविंद्र चंदेल कमल लंबे समय से साहित्य, कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान दे रहे हैं। उनकी स्वरचित कविता 'वीरों की इस पावन धरा पर हर पग आगे बढ़ता हूं' को भी खूब सराहना मिली। इस अवसर पर प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से आए साहित्यकारों एवं कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ कर कार्यक्रम को यादगार बनाया।

# डैम व्यू प्वॉइंट के पास खाई में गिरी कार, दो लोगों की मौत

## चंबा-डलहौजी रोड पर मंगलवार रात को पेश आया दर्दनाक हादसा

अनंत ज्ञान



स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया। अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग-154ए पर मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे डलहौजी क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। बनीखेत के पास छतरी मोड़ पर एक कार अनियंत्रित होकर करीब 800 फुट गहरी खाई में जा गिरी, जिससे उसमें सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, कार चंबा की ओर से आ रही थी। जैसे ही वाहन छतरी मोड़ के पास पहुंचा, चालक ने नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार और पहाड़ी मोड़ की चुनौतीपूर्ण स्थिति के कारण कार सीधे खाई में गिर गई और नीचे चौहड़ा सड़क तक पहुंचकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और वह पहचानने योग्य स्थिति में नहीं रहा। हादसे की सूचना मिलते ही डलहौजी के डीएसपी मयंक शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से देर रात तक रेस्क्यू अभियान चलाया गया। खड़ी और गहरी खाई होने के कारण शवों को निकालने में काफी कठिनाई आई, लेकिन पुलिस और बचाव दल ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शव बाहर निकाले। मृतकों की पहचान चंबा जिले के सरू क्षेत्र के निवासियों के रूप में की जा रही है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। इस दर्दनाक घटना के बाद डलहौजी क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। डीएसपी मयंक शर्मा ने बताया कि हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और सड़क की मोड़दार स्थिति को संभावित कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 39 साल बाद भी प्राथमिक स्तर तक सिमटा शुक्राह स्कूल; सुरक्षा दीवार जर्जर, बच्चों के भविष्य पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, सुनील पहाड़ी, सलूणी।** उपमंडल सलूणी की भडेला पंचायत के अंतर्गत स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय शुक्राह पिछले 39 वर्षों से संचालित हो रहा है, लेकिन आज तक इसे प्राथमिक स्तर से आगे अपग्रेड नहीं किया जा सका है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से चली आ रही यह उपेक्षा क्षेत्र के बच्चों के भविष्य पर सीधा असर डाल रही है और शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर करती है। करीब 40 विद्यार्थियों वाले इस विद्यालय में मात्र दो अध्यापक कार्यरत हैं, जबकि प्रधानाध्यापक और सहायक शिक्षक के पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। सीमित स्टाफ के कारण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार, प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए लगभग डेढ़ घंटे दूर जाना पड़ता है। इससे न केवल विद्यार्थियों को कठिनाई होती है, बल्कि अभिभावकों पर भी रोजाना अतिरिक्त बोझ पड़ता है। सबसे बड़ी चिंता विद्यालय की सुरक्षा को लेकर है। परिसर की सुरक्षा दीवार पिछले छह महीनों से क्षतिग्रस्त है, लेकिन पंचायत द्वारा प्रस्ताव भेजे जाने के बावजूद मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से विद्यालय को शीघ्र उच्चीकृत करने, रिक्त पद भरने और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि बच्चों को सुरक्षित और बेहतर शिक्षा वातावरण मिल सके।

# प्राथमिक स्कूल बतोट में खेल मैदान का अभाव, बड़े-बड़े पत्थर बने बाधा

अनंत ज्ञान



**देशराज कश्यप, धरवाला।** शिक्षा खंड गैहरा के अंतर्गत पड़ती राजकीय प्राथमिक पाठशाला बतोट के खेल मैदान में चट्टान रूपी पत्थर व भूस्खलन के कारण आई हजारों टन मिट्टी बनी बाधा हुई हैं। प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक 104 छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। वहीं क्षतिग्रस्त खेल मैदान के कारण बच्चों को दी जाने वाली विभिन्न शारीरिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न हो रही है। अभिभावकों का कहना है कि कई बार इस क्षतिग्रस्त खेल मैदान में बहुत से बच्चे भी चोटिल हुए हैं भूस्खलन के कारण आई चट्टानें वह हजारों टन मिट्टी जो पिछले कई वर्षों से खेल मैदान में बाधा बनी हुई है लोगों का कहना है कि क्षतिग्रस्त हुए खेल मैदान की मांग हम कई बार शासन प्रशासन व संबंधित विभाग तक कर चुके हैं लेकिन बावजूद उसके भी कोई भी कार्रवाई यहां अब तक नहीं की गई। स्वयं सेवक अंबिया राम व अभिभावकों अशोक कुमार, दीप कुमार, बिट्टू ,केवल, चैनो राम ,जगदीश, नजीर मोहम्मद, संजय, तिलक, काहन, सन्नी इत्यादि लोगों का कहना है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला बतोट के खेल मैदान की साफ सफाई की जाए ताकि बच्चों को असुविधा न हो।

### कल्हेल हत्याकांड पर गरमाई सियासत

# भाजपा नेता नरेश बोले कानून व्यवस्था को और मजबूत करने की जरूरत



**अनंत ज्ञान, चुराह।** विधानसभा क्षेत्र के कल्हेल में दो दिन पहले हुए चर्चित हत्याकांड को लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश अभी भी बना हुआ है। न्याय की मांग को लेकर उपमंडल मुख्यालय चुराह के मुख्य बाजार में चक्का जाम कर विरोध दर्ज कराया गया। भाजपा नेता नरेश रावत ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे गंभीर मामला बताया। उन्होंने कहा कि चुराह क्षेत्र में लगातार हो रही आपराधिक घटनाएं चिंता का विषय हैं और कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा जरूरी है। रावत ने निष्पक्ष व तेज जांच के साथ दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस प्रशासन के अनुसार मामले की जांच जारी है और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। वहीं परिजनों ने साफ कहा है कि जब तक दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलती, उनकी न्याय की लड़ाई जारी रहेगी।

# लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शुरू होगा 'भटियात उत्सव: कुलदीप



कार्यक्रम में विधायक कुलदीप पठानिया ने की शिरकत।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा (सिहुंता)।** विधानसभा अध्यक्ष एवं भटियात विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप सिंह पठानिया ने सिहुंता छिंज मेला कमेटी द्वारा आयोजित 'स्टार नाइट' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि छिंज, मेले और त्योहार हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर हैं। इन्हें संरक्षित और प्रोत्साहित करना समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। विधानसभा अध्यक्ष ने घोषणा करते हुए कहा कि सिहुंता छिंज मेला कमेटी द्वारा आयोजित 'स्टार नाइट' कार्यक्रम को अगले वर्ष से 'भटियात उत्सव' के रूप में मनाया जाएगा, ताकि क्षेत्र की पारंपरिक लोक संस्कृति को और व्यापक मंच मिल सके और भटियात की सांस्कृतिक पहचान को नई मजबूती प्राप्त हो। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मेला कमेटी को 51 हजार रुपए का चेक भी भेंट किया। कार्यक्रम में फॉरेस्ट कॉर्पोरेशन निदेशक कृष्ण चंद चेला, पंचायत प्रतिनिधि, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, थाना प्रभारी मनोज कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति और मेला कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

# '12 साल बेमिसाल' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प



अनंत ज्ञान

**भरमौर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) भरमौर विधानसभा की एक महत्वपूर्ण बैठक उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा के माहौल में संपन्न हुई। बैठक में पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनी शुक्ला तथा भाजपा युवा जिला मोर्चा अध्यक्ष मिलाप ठाकुर सहित कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के '12 साल बेमिसाल' अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को युवाओं के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने संगठन हित को सर्वोपरि रखते हुए समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। विधायक डॉ. जनक राज ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठित युवा शक्ति विकसित भारत के संकल्प को नई दिशा और गति प्रदान करेगी। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और जनसेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

# भाजपा कर्मचारियों से छीनना चाहती है ओपीएस की सुरक्षा: सुरजीत भरमौरी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, चंबा।** जिला कांग्रेस कमेटी चंबा के अध्यक्ष एवं एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने भाजपा पर कर्मचारियों के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पार्टी सत्ता में आने पर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को समाप्त करने की मंशा रखती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा नेताओं के हालिया बयान कर्मचारियों के भविष्य और बुढ़ापे की आर्थिक सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा करते हैं। प्रेस को जारी बयान में भरमौरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा ओपीएस की समीक्षा संबंधी कथित टिप्पणी और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा के यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) के समर्थन से यह संकेत मिलता है कि भाजपा ओपीएस को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'समीक्षा' के नाम पर कर्मचारियों के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए ओपीएस लागू की थी और पार्टी किसी भी परिस्थिति में कर्मचारियों के अधिकारों से समझौता नहीं करेगी। भरमौरी ने चंबा जिले के कर्मचारियों से एकजुट रहने और अपने हितों की रक्षा के लिए सजग रहने का आह्वान भी किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस हमेशा कर्मचारियों के साथ खड़ी रही है और भविष्य में भी उनके सामाजिक एवं आर्थिक हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि कर्मचारी वर्ग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहकर किसी भी ऐसी कोशिश का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगा, जिससे उनकी पेंशन या भविष्य की सुरक्षा प्रभावित हो।

# आयुर्वेदिक अस्पताल चंबा में शुरू होगा एक वर्षीय पंचकर्म तकनीशियन प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने तथा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में जिला आयुर्वेदिक अस्पताल चंबा में शीघ्र ही एक वर्षीय पंचकर्म तकनीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा। तकनीकी शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में संचालित इस कार्यक्रम के तहत 20 युवाओं का चयन मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पंचकर्म चिकित्सा की सैद्धांतिक और व्यावहारिक शिक्षा दी जाएगी। इसमें वमन, विरेचन, नस्य और बस्ति जैसी प्रमुख पंचकर्म प्रक्रियाओं के साथ-साथ रोग निवारण, शरीर शोधन और स्वास्थ्य संवर्धन के आयुर्वेदिक सिद्धांत शामिल होंगे। इसके अलावा रक्तमोक्षण, अग्निकर्म, जलौकावचरण (लीच थेरेपी), क्षारकर्म तथा अन्य परासर्जिकल प्रक्रियाओं का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सकों की देखरेख में संचालित होगा, जिससे प्रतिभागियों को वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त हो सके। पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद अभ्यर्थी निजी अस्पतालों और आयुर्वेदिक स्वास्थ्य संस्थानों में पंचकर्म तकनीशियन के रूप में कार्य करने के पात्र होंगे। डॉ. कुलविंदर संधू, एएमओ एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम युवाओं को स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।

वहीं, डॉ. अनीता शर्मा, जिला आयुष अधिकारी, चंबा ने कहा कि आयुष विभाग प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक आयुर्वेदिक सेवाओं की पहुंच को और मजबूत करेगा।

# इशराए ने बढ़ती गर्मी से निपटने के लिए नई गाइडलाइंस की जारी

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** जैसे-जैसे हीटवेव लंबी, बार-बार आने वाली और ज्यादा गंभीर होती जा रही हैं, इंडियन सोसायटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स (इशराए) ने हीट स्ट्रेस को मैनेज करने और थर्मल कम्फर्ट बढ़ाने पर अपना लेटेस्ट पोजीशन डॉक्यूमेंट जारी किया है। यह डॉक्यूमेंट लोगों, समुदायों, संस्थानों और नीति निर्माताओं को अत्यधिक गर्मी के दौरान ठंडा और सुरक्षित रहने के लिए साइंस आधारित गाइडेंस देता है।

यह रिपोर्ट घरों, कार्यस्थलों, सार्वजनिक स्थानों और इमारतों में थर्मल कम्फर्ट को बेहतर बनाते हुए गर्मी से जुड़े खतरों को कम करने के लिए प्रैक्टिकल सुझावों का एक विस्तृत फ्रेमवर्क पेश करती है। इशराए के हेल्थकेयर, थर्मल कम्फर्ट, पैसिव कूलिंग, इवेपरेटिव कूलिंग और सेफ्टी पर टेक्निकल ग्रुप द्वारा विकसित यह रिपोर्ट आसान, एक्शन-ओरिएंटेड और सस्टेनेबल कूलिंग उपायों पर जोर देती है, जिन्हें पब्लिक हेल्थ की सुरक्षा और क्लाइमेट रेजिलिएंस बढ़ाने के लिए तुरंत लागू किया जा सकता है।

गर्मी से बचाव के तरीकों को अपनाने की अहमियत पर बात करते हुए, इशराए टेक्निकल कमेटी के सोसायटी चेयर के राघवन ने कहा कि हीटवेव अब गर्मियों में कभी-कभार होने वाली घटना नहीं रही, बल्कि यह शहरों, इमारतों और समुदायों के लिए बार-बार आने वाली चुनौती बन चुकी है। उन्होंने कहा कि इस पोजीशन डॉक्यूमेंट का उद्देश्य लोगों को व्यावहारिक गाइडेंस देना है, ताकि वे अत्यधिक गर्मी में सुरक्षित और ठंडा रह सकें। इसके लिए एयर कंडीशनर के साथ सीलिंग फैन का उपयोग कर एयर सर्कुलेशन बढ़ाना, ठंडी छतें अपनाना, बाहर छायादार क्षेत्र बनाना और सही हाइड्रेशन बनाए रखना जैसे उपाय गर्मी के तनाव को काफी हद तक कम कर सकते हैं और ऊर्जा दक्षता बढ़ा सकते हैं।

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि लोग दोपहर के पीक घंटों में धूप से बचें, पर्याप्त पानी पिएं, हल्के और ढीले कपड़े पहनें तथा सीलिंग फैन के साथ एयर कंडीशनर को 25 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तापमान पर चलाएं। संस्थानों और भवन मालिकों के लिए यह डॉक्यूमेंट ठंडी छतों, पेड़ लगाने, बाहर छायादार जगहों, बेहतर वेंटिलेशन, रिफ्लेक्टिव सतहों और विशेष कूलिंग रूम जैसी व्यवस्थाओं की वकालत करता है।

# सिरसा में गहरा पेयजल संकट बूंद-बूंद को तरसे ग्रामीण

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** सिरसा जिले में पानी का संकट गहरा गया है। ग्रामीण पानी की बूंद-बूंद को तरस गए हैं। पानी मोल खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है। जिले के गांव रामपुरा ढिल्लो में पिछले एक पखवाड़े से पेयजल संकट के चलते बुधवार को ग्रामीण वाटर वर्क्स पर पहुंचे और शासन-प्रशासन के खिलाफ रोष जाहिर किया। ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि मुख्यमंत्री के 19 जून के प्रस्तावित सिरसा दौरे के दौरान मिलकर संबंधित विभाग के अधिकारियों की शिकायत करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि एक तरफ तो हरियाणा सरकार जहां हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के दावे कर रही है। वहीं, सिरसा जिले का रामपुरा ढिल्लो गांव पिछले 15 दिनों से भीषण पेयजल संकट से जूझ रहा है। करीब पांच हजार की आबादी वाला यह गांव पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की लापरवाही के कारण गांव में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। वाटर वर्क्स की स्थिति बदहाल बनी हुई है। यहां की डिग्गियां खाली पड़ी हैं, सफाई व्यवस्था नाममात्र की है, मोटर खराब पड़ी है और परिसर की दीवारें तक टूटी हुई हैं, जिससे आवारा पशु आसानी से अंदर प्रवेश कर जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की अनदेखी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जहां वाटर वर्क्स पर छह कर्मचारियों की आवश्यकता है, वहां केवल एक कर्मचारी के भरोसे पूरी व्यवस्था चलाई जा रही है।

# पंजाब सरकार देगी बैंक-बीमा परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग: डॉ. बलजीत कौर

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** अनुसूचित जातियों (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) तथा अल्पसंख्यक समुदायों के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से पंजाब सरकार ने प्रोबेशनरी ऑफिसर (बैंक) और असिस्टेंट एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर (एलआईसी/ जीआईसी) परीक्षा-2026 हेतु निशुल्क कोचिंग देने की घोषणा की है।

सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के प्रतिभाशाली युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कोचिंग और विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है, ताकि वे बैंकिंग और बीमा क्षेत्र में बेहतर करियर बना सकें।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी योग्य युवा आर्थिक कठिनाइयों के कारण अवसरों से वंचित न रहे। इस योजना के तहत युवाओं को समान अवसर और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि प्रतिभा को आर्थिक बाधाओं के कारण रुकना नहीं चाहिए, इसलिए सरकार युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान कर रही है।

यह कोचिंग अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ करियर्स एंड कोर्सेज, फेज-3बी2, एसएएस नगर (मोहाली) में आयोजित की जाएगी। पंजाब के स्थायी निवासी एससी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग के स्नातक अभ्यर्थी इस योजना के लिए पात्र होंगे, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय तीन लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयन प्रक्रिया के तहत जनरल इंग्लिश, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, रीजनिंग और करेंट अफेयर्स विषयों पर आधारित ऑब्जेक्टिव टेस्ट आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा 3 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोहाली में होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून 2026 तक आवेदन कर सकते हैं या ई-मेल के माध्यम से आवेदन भेज सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए *www.welfare.punjab.gov.in* पर विजिट किया जा सकता है।

# जींद : रोडवेज फ्लाइंग टीम ने बिना टिकट यात्रियों पर कसा शिकंजा

**अनंत ज्ञान, जींद।** रोडवेज फ्लाइंग टीम ने बिना टिकट यात्रियों पर शिकंजा कसा है। पिछले तीन माह की बात की जाए तो रोडवेज फ्लाइंग टीमों द्वारा बसों में बिना टिकट यात्रियों से पांच लाख रुपए जुर्माना वसूला है। मार्च माह में 2794 बसों की जांच कर यात्रियों पर एक लाख 86 हजार रुपए जुर्माना लगाया। अप्रैल माह में 2904 बसों की जांच कर एक लाख 73 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। मई माह में टीम ने 2627 बसों की जांच कर एक लाख 70 हजार रुपए जुर्माना लगाया है।

रोडवेज डिपो में पांच फ्लाइंग टीम हैं, जो रूट पर रास्ते में बसों की जांच के दौरान बिना टिकट यात्रियों को पकड़ती है। सफर के दौरान कई यात्री जान-बूझकर टिकट नहीं लेते और कभी फोन में व्यस्त होने, परिचालक की आवाज नहीं सुनाई देने या नींद में होने का बहाना बनाते हैं। जो यात्री टिकट नहीं लेते उनके बहानों को दरकिनार करते हुए रोडवेज फ्लाइंग उन पर जुर्माना लगाया है। गौरतलब है कि जींद डिपो में रोडवेज बसों की संख्या 165 है। जिसमें हर रोज लगभग 15 हजार यात्री सफर करते हैं। डिपो को हर रोज लगभग 10 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त होता है। यात्रियों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा रोडवेज बसों में रियायती पास की सुविधा है। इसके अलावा हैप्पी कार्ड की भी सुविधा है, जिसमें पात्र यात्री एक साल तक एक हजार किलोमीटर तक निशुल्क सफर करते हैं। कई शरारती तत्व रोडवेज बसों में फ्लाइंग टीम की लोकेशन वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से शेयर करते थे। हालांकि, इस तरह के मामले अब कम हो गए हैं, लेकिन कुछ यात्री अभी भी रुपये बचाने के चक्कर में टिकट नहीं लेते। बिना टिकट पाए जाने वाले यात्री पर औसतन 500 रुपए जुर्माना लगाया जाता है।

# वीपीईए करवाएगी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कल्याण हेतु साझा मंच उपलब्ध

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** पंजाब स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड (पीएससीबी), चंडीगढ़ के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक चंडीगढ़ प्रेस क्लब में वेटरन पीएससीबी एम्प्लॉइज एसोसिएशन (वीपीईए) के बैनर तले आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पूर्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर एसोसिएशन के उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान पीएससीबी के पूर्व अतिरिक्त प्रबंध निदेशक सरदार भूपिंद्र सिंह तथा आर.सी. गावरी ने प्रस्तावित एसोसिएशन की दृष्टि और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सामाजिक मेल-जोल, भाईचारे, पारस्परिक सहयोग और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने हेतु एक सशक्त एवं साझा मंच उपलब्ध कराना है। उपस्थित सदस्यों ने इस पहल का स्वागत करते हुए संतोष व्यक्त किया कि यह मंच पूर्व सहकर्मियों के बीच निरंतर संपर्क, सौहार्द और सकारात्मक सहभागिता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि अधिक से अधिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों तक पहुंच बनाकर उन्हें एसोसिएशन की गतिविधियों से जोड़ा जाए तथा सदस्यता अभियान को व्यापक बनाया जाए।

सदस्यों ने एसोसिएशन के प्रचार-प्रसार और विस्तार के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। साथ ही भविष्य में पारिवारिक मिलन समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य सामाजिक आयोजनों के आयोजन में भी गहरी रुचि व्यक्त की, ताकि सदस्यों और उनके परिवारों के बीच आपसी संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार अवतार सिंह द्वारा आयोजन स्थल उपलब्ध कराने में दिए गए सहयोग और समर्थन के लिए उनका विशेष रूप से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। बैठक का समापन सकारात्मक और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। सभी सदस्यों ने एसोसिएशन के उद्देश्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए इसके सतत विकास, विस्तार और प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# स्पेन में 41,000 पासपोर्ट मामलों के निपटारे पर भारतीयों ने जताया आभार

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** स्पेन में भारतीय समुदाय के सदस्यों ने केंद्रीय विदेश मंत्रालय के समक्ष यह मामला उठाकर मैड्रिड और बार्सिलोना में रह रहे भारतीय नागरिकों के पासपोर्ट तथा पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) के नवीनीकरण/पुनः जारी करने से जुड़े लंबित मामलों का निपटारा करवाने के लिए सांसद (राज्यसभा) एवं विदेश मामलों संबंधी संसदीय स्थायी समिति के सदस्य सतनाम सिंह संधू के प्रति आभार व्यक्त किया है।

'हम सांसद सतनाम सिंह संधू का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने पिछले एक महीने में मैड्रिड और बार्सिलोना में भारतीय समुदाय के सदस्यों के पासपोर्ट नवीनीकरण/पुनः जारी करने से जुड़े 41,000 से अधिक लंबित मामलों के निपटारे को सुनिश्चित किया। सांसद संधू द्वारा भारत सरकार के समक्ष यह मामला उठाए जाने के बाद लगभग 41,000 ऐसे मामलों का निपटारा हुआ, जिनमें मैड्रिड में करीब 21,000 और बार्सिलोना में करीब 20,000 मामले शामिल हैं। इसके बाद हमने सांसद संधू को करीब 150 ऐसे लंबित मामलों की सूची दी थी, जिनमें से अब केवल 22 लंबित मामले शेष रह गए हैं, जिनमें बार्सिलोना के 15 और मैड्रिड के 7 मामले शामिल हैं, जिनका निपटारा सांसद संधू की पहल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार के हस्तक्षेप से होना अभी शेष है। पीसीसी या पासपोर्ट से जुड़ी जांचें पंजाब में लंबित थीं। सांसद संधू ने डीजीपी पंजाब और पुलिस प्रशासन के समक्ष यह मामला उठाकर इन जांचों को भी पूरा करवाया,' बार्सिलोना में रह रहे भारतीय युवाओं के एक समूह के साथ अमरीक सिंह ने कहा।

सांसद सतनाम सिंह संधू का धन्यवाद करते हुए स्पेन में भारतीय समुदाय के एक सदस्य ने कहा, 'हमने उन्हें (संधू को) उन पासपोर्टों की एक सूची दी थी जो लंबे समय से लंबित थे, परंतु अब वे जारी कर दिए गए हैं। हमें गुरुवार को जारी किए गए पासपोर्टों की सूची प्राप्त हुई। हम पंजाब पुलिस के डीजीपी और पंजाब के सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों का भी धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने लंबित पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) के निपटारे में मदद की। अब केवल वही लोग शेष रह गए हैं जो पीसीसी जमा करवा रहे हैं, उन्हें पासपोर्ट जारी किया जाना बाकी है।

# कैथल: फेसबुक पर विदेशी महिला बनकर ठगी के अरोप में दो नाइजीरियन सहित 5 गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**कैथल।** कैथल पुलिस ने एक बड़े साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक महिला सहित दो नाइजीरियन नागरिक भी शामिल हैं, जो फेसबुक के जरिए लोगों को झांसे में लेकर ठगी करते थे। मामला उस समय सामने आया जब जनकपुरी कॉलोनी के एक वरिष्ठ नागरिक ने शिकायत दी कि उसके साथ ऑनलाइन माध्यम से लाखों रुपए की ठगी की गई है। जांच में सामने आया कि फरवरी 2025 में शिकायतकर्ता को फेसबुक मैसेंजर पर 'जॉनसन डेनियल' नाम की एक महिला की आईडी से मैसेज आया। बातचीत बढ़ने पर महिला ने खुद को इंग्लैंड के मैनचेस्टर की निवासी बताया और धीरे-धीरे विश्वास जीत लिया।

कुछ समय बाद महिला ने भारत आने की बात कही। इसी बीच शिकायतकर्ता को एक कॉल आई, जिसमें खुद को मुंबई एयरपोर्ट का कर्मचारी बताने वाली महिला ने कहा कि विदेशी महिला भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा के कारण कस्टम में फंसी हुई है। इसके बाद कस्टम ड्यूटी, बैंक चार्ज और अन्य शुल्कों के नाम पर अलग-अलग खातों में पैसे जमा करवाने का सिलसिला शुरू हो गया।

आरोपियों ने भरोसा दिलाया कि पूरी रकम बाद में वापस कर दी जाएगी। इस दौरान शिकायतकर्ता से कई किस्तों में रुपए ट्रांसफर करवाए गए। ठगों ने भावनात्मक दबाव बनाने के लिए रोते हुए वीडियो भी भेजे और लगातार पैसे मांगते रहे। इतना ही नहीं, शिकायतकर्ता के दस्तावेज लेकर फर्जी विदेशी बैंक खाता खोलने का नाटक किया गया और एटीएम कार्ड तक भेजा गया।

मार्च से मई 2025 के बीच आरोपियों ने अलग-अलग बहानों से कुल आठ लाख 75 हजार रुपये की ठगी कर ली। जब लंबे समय तक रकम वापस नहीं मिली तो पीड़ित को धोखाधड़ी का एहसास हुआ और उसने साइबर क्राइम थाना में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस की जांच में सामने आया कि गिरोह का नेटवर्क सुनियोजित तरीके से काम कर रहा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बीर बहादुर गुरूंग (उत्तर प्रदेश), दीपा बिश्वाकर्मा (दिल्ली), रेखा सुहाग (प. बंगाल) और दो नाइजीरियन नागरिक महिला नजूबे चूकवुड़ी व पुरुष इटोहन मर्सी के रूप में हुई है।



# माता नबाही देवी प्रकटोत्सव
## की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



पढ़ाई, अनुशासन, पंक्चुएलटी व ईमानदारी की प्रतीक

**बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरकाघाट**

की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को

**माता नबाही देवी**

प्रकटोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं



**अनीता आजाद**
(प्रिंसिपल)

---

माता नबाही देवी प्रकटोत्सव की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**विजय राणा**
कोषाध्यक्ष सरकाघाट मंडल कांग्रेस

---

हिमाचल के असहाय लोगों तथा प्राकृतिक विपदा में सहायता के लिए तत्पर
**सेवा संकल्प समिति सरकाघाट**
की ओर से
माता नबाही देवी मेले की बहुत-बहुत बधाई
मां सबको सुख समृद्धि प्रदान करें




---

**NAV JYOTI**
**Public School Sarkaghat**

नवज्योति परिवार की ओर से माता नबाही मेले की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

माँ सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करें।

---

**जल शक्ति विभाग धर्मपुर**
के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ओर से


सुखविंद्र सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री (हि.प्र.)


मुकेश अग्निहोत्री
माननीय उप मुख्यमंत्री (हि.प्र.)


बूंद-बूंद अनमोल है पानी व्यर्थ न बहाएं

**माता नबाही देवी प्रकटोत्सव की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**

---

माता नबाही देवी प्रकटोत्सव एवं कामेश्वर देव मेले की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**नेगी स्टोन क्रैशर**
गांव व डाकघर नबाही
तहसील सरकाघाट
जिला मंडी (हि.प्र.)



**संतोष नेगी**
ए. क्लास गवर्नमेंट कांट्रेक्टर

---

**माता नबाही देवी प्रकटोत्सव की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**


आशीष गुलेरिया
युवा कांग्रेस कार्यकर्ता
वार्ड नं.1 लाका टटीह


अश्वनी गुलेरिया
पार्षद रामनगर वार्ड
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
शहरी कांग्रेस अध्यक्ष सरकाघाट

---

सभी मंडी सरकाघाट एवं धर्मपुर वासियों को
**माता नबाही देवी मेले**
की हार्दिक शुभकामनाएं




**अजय चौहान**
अधिवक्ता
मुख्य प्रवक्ता
भारतीय जनता युवा मोर्चा हि.प्र.

---

**GAWAR**
Construction Limited

**गाबर कंस्ट्रक्शन कंपनी**
की ओर से
माता नबाही देवी प्रकटोत्सव
की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



---

**माता नबाही देवी प्रकटोत्सव की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**

**सतीश कुमार**
एमडी
श्रृंगार इंपोरियम
सरकाघाट



---

सभी मंडी सरकाघाट एवं धर्मपुर वासियों को
माता नबाही देवी मेले की हार्दिक शुभकामनाएं

**Lord Buddha**
**College of Education**
Admission Open for Session 2026-27




Upper Bhambla, Tehsil Baldwara
District Mandi, Himachal Pradesh
Email - lordbuddhacollegeofeducation@gmail.com
Contact - 01905-292393 and 78078-63169

---

**ACC**

**माता नबाही देवी प्रकटोत्सव की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**


**Arya construction company**
Sonepat ( Haryana)



---

**माता नबाही देवी प्रकटोत्सव की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**

**कमलेश नेगी**
ए क्लास गवर्नमेंट कांट्रेक्टर
अध्यक्ष पंचायत प्रधान यूनियन
उपाध्यक्ष धर्मपुर मंडल भाजपा एवं
पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत दारपा



---

माता नबाही देवी प्रकटोत्सव की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**RABINDRANATH TAGORE**
**Govt. Degree College Sarkaghat Distt. Mandi H.P.**

Online applications are invited for admission to the following courses for the academic session 2026-27.

| S.N. | Course Type | Course Name | Duration |
|---|---|---|---|
| 1. | Academic courses | UG: BA/B.Sc/BCom | 3 year |
| | | PG: MSc. In Botany, Zoology, Chemistry and Physics | 2 year |
| 2. | Professional courses | 1. BBA/BCA | 3 year |
| | | 2. PGDCA | 1 year |
| 3 | Vocational courses | B.Voc-HT (Hospitality & Truism) B.Voc- RM (Retail Management) | 3 year |

For online registration visit us at
www.admission.rntgcs.com
Contact No. 01905230004
Mob. 9418200244, 9418620766

*Principal*
*Govt. College*
*Sarkaghat*
*Distt. Mandi (H.P.)*

